WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, सोमवार, 28 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 165 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

भारत ने ड्रोन युद्ध के इस दौर में ड्रोन से मिसाइल दागने का सफल परीक्षण कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर पाकिस्तान को खौफजदा कर दिया है। जो आपरेशन सिंदूर से मिले सदमें से अभी तक नहीं उबरा है। अब भारत को पाकिस्तान में फाइटर प्लेन भेजने का जोखिम भी नहीं उठाना होगा। वह स्वदेशी ड्रोन से ही मिसाइल दाग कर पाकिस्तान के उन आतंकी अड्डों और लॉचिंग पेडो के परखच्चे उड़ा देगा। जिसे पाकिस्तान फिर से आबाद कर रहा है। लगता है आपरेशन सिंदूर पार्ट 2 शुरू करने की तैयारी मुकम्मल होने जा रही है।

हम न केवल कानूनी रूप से सुदृढ़ हों, बल्कि सामाजिक रूप से दृढ़ भी हों

न्यायिक कार्य मानवीय संवेदना का समावेश भी आवश्यक है: न्यायमूर्ति सिन्हा

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा रायपुर संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन रायपुर के सिविल लाइन स्थित न्यू-सर्किट हाउस में किया गया। इस सेमिनार में रायपुर संभाग के चार जिलों के 126 न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रकरणों के शीघ्र निराकरण किये जाने, गिरफ्तारी रिमाण्ड और जमानत से संबधित प्रावधान, अभियुक्त की परीक्षण का उद्देश्य एवं प्रक्रिया तथा हिन्दु उत्तराधिकार अधिकार एवं विरासत से संबंधित

कानून का विश्लेषण एवं अध्ययन किया जाना है। न्याय और विधिक ज्ञान के प्रकाशन का प्रतीक सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के द्वारा किया गया। सेमिनार में न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी, न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय बिलासपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। न्यायिक सेमिनार में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने रायपुर संभाग के न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में न्यायपालिका

शेष पृष्ठ 6 पर

साय कैबिनेट की बैठक 30 को, कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक 30 जुलाई को होगी. यह बैठक नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में होगी, जिसमें चालू खरीफ सीजन में खाद की उपलब्धता समेत कई विषयों पर चर्चा हो सकती है। साथ ही कई महत्वपूर्ण विभागीय प्रस्तावों पर भी मुहर लगाई जाएगी। कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। रजत जयंती वर्ष में 15 अगस्त से 6 फरवरी तक राज्य के सभी विभागों और मंत्रियों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इस पर चर्चा की जाएगी।

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, सेवा निर्यात को भी मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हाल ही में हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) भारत की सेवा निर्यात क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। वर्तमान में भारत का यूके को सेवा निर्यात 19.8 अरब डॉलर का है। यह समझौता इसे और बढ़ाने का वादा करता है। यह समझौता न केवल वस्तुओं के व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), स्वास्थ्य, वित्त और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में पेशेवरों की गतिशीलता को भी आसान बनाएगा। सीईटीए के तहत कॉन्ट्रैक्ट आधारित सेवा प्रदाताओं, व्यापारिक आगंतुकों, कंपनी के भीतर स्थानांतरण करने वाले कर्मचारियों और स्वतंत्र पेशेवरों (जैसे योग प्रशिक्षक, शेफ, और संगीतकार) के लिए यूके में प्रवेश की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

थाईलैंड-कंबोडिया सीमा संघर्ष, 80,000 कंबोडियाई ग्रामीणों ने छोड़ा घर

नोम पेन्ह (आईएएनएस)। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सशस्त्र संघर्ष चौथे दिन में प्रवेश कर गया है, जिसके कारण कंबोडिया के लगभग 80,000 ग्रामीण अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की उप सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल मैली सोचेटा ने रविवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने उनके हवाले से बताया कि प्रीह विहार, ओड्डार मीनचेय और पुरसत प्रांतों में 25,000 परिवारों, यानी करीब 80,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। इसके अलावा, 536 स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जिससे 130,000 छात्र प्रभावित हुए हैं।

खड़गे-राहुल-प्रियंका ने सीआरपीएफ को स्थापना दिवस पर दी बधाई

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए अदम्य साहस के साथ देश सेवा करने के लिए बल के जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया है। खड़गे ने कहा सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस पर, हम बल के साहसी कर्मियों को हार्दिक बधाई देते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं। एक वीर, गौरवशाली, जीवंत और दृढ़ बल के रूप में, इसने राष्ट्र की सुरक्षा में एक अपरिहार्य भूमिका निभाई है।

मन की बात: पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

विज्ञान, विरासत और विविधता का संदेश

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। 124वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया। उन्होंने भारत की उपलब्धियों के बारे में बात की। देश और समाज के विकास में लोगों के योगदान को भी सराहा।

'मन की बात' कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। पूरा देश गर्व से भर गया। अगस्त 2023 में चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश में एक नया माहौल बना है। विज्ञान और अंतरिक्ष को लेकर बच्चों में एक नई जिज्ञासा भी जागी है। अब छोटे-छोटे बच्चे भी अंतरिक्ष की बात करते हैं। वे अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने की बात करते हैं।

हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है

'इंस्पायर मानक' अभियान के बारे में पीएम मोदी ने देशवासियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से 5 बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़े हैं और चंद्रयान-3 के बाद इनकी संख्या दोगुनी हुई है। फिर विरासत की भी बात की। हाल ही में भारत के मराठा किलों को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन किलों का जिक्र कर कहा कि यह हम सभी को गर्व से भर देने वाली खबर है। उन्होंने कहा कि देश के और हिस्सों में भी अद्भुत किले हैं, जिन्होंने आक्रमण झेले, खराब मौसम की मार झेली, लेकिन आत्मसम्मान को कभी भी झुकने नहीं दिया। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ का किला, कुंभलगढ़ किला, रणथंभौर किला, आमेर किला, और जैसलमेर का किला विश्व प्रसिद्ध हैं। कर्नाटक में गुलबर्गा का किला भी बहुत बड़ा है। चित्रदुर्ग के किले की विशालता भी कौतूहल से भर देती है।

सेनानियों के बलिदान को नमन

पीएम मोदी ने अगस्त को क्रांति का महीना बताते हुए खुदीराम बोस और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजों के खिलाफ अपना देश-प्रेम व्यक्त करने की कीमत चुका रहा था। खुदीराम बोस ने सिर्फ 18 साल की उम्र में वो साहस दिखाया, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। ऐसे ही अनगिनत बलिदानों के बाद, सदियों की तपस्या के बाद, हमें आज़ादी मिली थी। देश के दीवानों ने अपने रक्त से आजादी के आंदोलन को सींचा था।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण और 'ज्ञान भारतम् मिशन का भी उल्लेख किया। उन्होने कहा कि इन पांडुलिपियों में विज्ञान, चिकित्सा की पद्धतियां, संगीत और दर्शन हैं, जो मानवता के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। कुछ छात्रों ने पांडुलिपियों के आधार पर पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली पर शोध भी शुरू कर दी है। अगर ऐसा प्रयास देशभर में हो तो हमारा पुरातन ज्ञान केवल दीवारों में बंद नहीं रहेगा। वह नई पीढ़ी की चेतना का हिस्सा बन जाएगा। 124वें एपिसोड की खास बात पक्षियों की गणना में एआई के इस्तेमाल की भी थी। पीएम मोदी ने कहा, असम के प्रसिद्ध काजीरंगा नेशनल पार्क में एक अनूठा प्रयास हुआ है। काजीरंगा में पहली बार ग्रासलैंड बर्ड सेंसस किया गया।

शेष पृष्ठ 6 पर

सांस्कृतिक विविधता की मिसाल

प्रधानमंत्री ने हैंडलूम स्टार्टअप्स के बारे में भी बताया। कहा, टेक्सटाइल सेक्टर हमारी सांस्कृतिक विविधता की मिसाल है। आज टेक्सटाइल और अपैरल मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस विकास की सबसे सुंदर बात यह है कि गावों की महिलाएं, शहरों के डिजाइनर, बुजुर्ग बुनकर और स्टार्टअप शुरू करने वाले हमारे युवा सब मिलकर इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आज भारत में 3000 से ज्यादा टेक्सटाइल स्टार्टअप हैं। कई ने भारत की हैंडलूम पहचान को ग्लोबल पहचान दी है। भारत की विविध संस्कृति का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने पर्यावरण संरक्षण में लोकगीतों के योगदान को भी सराहा। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता की सबसे खूबसूरत झलक हमारे लोकगीतों और परंपराओं में मिलती है और इसी का हिस्सा होते हैं हमारे भजन और हमारे कीर्तन। बोले, 'ओडिशा में राधाकृष्ण संकीर्तन मंडली के माध्यम से पारंपरिक गीतों के जरिए जंगल की आग से जागरूकता फैलाने का प्रयास हो रहा है। जंगल और पर्यावरण की रक्षा के लिए उन्होंने पारंपरिक गीतों में नए बोल जोड़े, नए संदेश जोड़े। उनकी टोली गांव-गांव गई। ये उदाहरण हमें याद दिलाता है कि हमारी लोक परंपराएं कोई बीते युग की चीज नहीं है, इनमें आज भी समाज को दिशा देने की शक्ति है।

आज के युग में युद्ध केवल बंदूकों और गोलियों से नहीं जीते जाते : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को वडोदरा स्थित गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सशस्त्र बलों को जुटाने से लेकर सही समय और स्थान पर उपकरण पहुंचाने तक हमारी एजेंसियों द्वारा निर्बाध लॉजिस्टिक्स प्रबंधन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में एक निर्णायक कारक था। आज के युग में युद्ध केवल बंदूकों और गोलियों से नहीं जीते जाते, बल्कि उनको समयबद्ध पहुंचाने से जीते जाते हैं और ऑपरेशन सिंदूर उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स प्रबंधन का एक सजीव उदाहरण था।

उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स को सामरिक महत्व से देखा जाना चाहिए, न कि केवल सामान पहुंचाने की प्रक्रिया के रूप में। चाहे सीमा पर लड़ रहे सैनिक हों या आपदा प्रबंधन में लगे कर्मचारी, समन्वय या संसाधनों के उचित प्रबंधन के बिना, सबसे मजबूत इरादे भी कमजोर पड़ जाते हैं। लॉजिस्टिक्स वह शक्ति है, जो अराजकता को नियंत्रण में बदल देती है। शक्ति का मापदंड केवल हथियारों से ही नहीं, बल्कि समय पर संसाधन प्रबंधन से भी होता है। चाहे युद्ध हो, आपदा हो या वैश्विक महामारी, जो राष्ट्र अपनी लॉजिस्टिक्स श्रृंखला को मजबूत रखता है, वही सबसे स्थिर, सुरक्षित और सक्षम होता है।

उन्होंने 21वीं सदी में भारत की आकांक्षाओं को गति प्रदान करने में जीएसवी जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। राजनाथ सिंह ने देश की आर्थिक प्रगति में लॉजिस्टिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे उत्पादन-पूर्व से लेकर उपभोग तक, हर चरण को जोडऩे वाले प्रमुख स्तंभों में से एक बताया। उन्होंने भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लॉजिस्टिक्स के योगदान को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण बताया, साथ ही कोविड के दौरान इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया, जब जरूरत के समय लाखों टीके, ऑक्सीजन सिलेंडर और चिकित्सा दल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचे।

रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में भारत के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विकास हुआ है और समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण के साथ इस परिवर्तन की नींव नीतिगत सुधारों और मिशन मोड परियोजनाओं के माध्यम से रखी गई है। इसका प्रभाव केवल भौतिक संपर्क तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है,

शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासा एयरपोर्ट के रनवे पर लगातार बारिश से भरा पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एयरपोर्ट के रनवे में बारिश के कारण पानी भरने से दिल्ली-बिलासपुर फ्लाइट को रायपुर डायवर्ट करना पड़ा. यात्रियों को यहीं उतार कर फ्लाइट बिना यात्रियों के दिल्ली वापस गई. इस कारण 40 से अधिक यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी. वहीं रायपुर में उतारे गए यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, एलाइंस एयर की फ्लाइट सुबह दिल्ली से रवाना होकर जबलपुर होते हुए 11.10 बजे बिलासपुर पहुंचती है. लेकिन पिछली रात हुई भारी बारिश के कारण बिलासपुर एयरपोर्ट के रनवे पर पानी भर गया, जिसके चलते वहां विमान की लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली. ऐसे में पायलट विमान को रायपुर ले गया और वहां करीब दोपहर 12.10 बजे मौजूद 40 से अधिक यात्रियों

शेष पृष्ठ 6 पर

फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों के सहारे सरकारी नौकरी कर रहे कर्मचारियों पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी संदिग्ध कर्मचारियों को 20 अगस्त 2025 तक राज्य मेडिकल बोर्ड से अनिवार्य भौतिक परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जो भी कर्मचारी मेडिकल परीक्षण नहीं कराएंगे, उन्हें कारण बताना होगा कि उन्होंने बोर्ड के समक्ष जांच क्यों नहीं कराई। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा तक परीक्षण नहीं कराया गया, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों को भी चेतावनी: कोर्ट ने सभी विभागों के प्रभारी

शेष पृष्ठ 6 पर

सूडान संकट गहराया: अर्धसैनिक गुट ने चला राजनीतिक दांव, नई सरकार का गठन

खार्तूम (आईएएनएस)। पैरामिल्ट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन ने सूडान में एक समानांतर सरकार के गठन की घोषणा की है। करीब दो वर्षों से सूडान में गृहयुद्ध जारी है। इस घोषणा के बाद देश में स्थायी विभाजन की चिंताएं बढ़ गई हैं। गठबंधन के प्रवक्ता अला अल दीन नुगुद ने टेलीग्राम के जरिए प्रसारित एक टेलीविजन बयान में कहा, 'सूडान संस्थापक गठबंधन के नेतृत्व निकाय ने मोहम्मद हसन अल-ताइशी को शांति सरकार का प्रधानमंत्री नियुक्त करने पर सहमति जताई है। समाचार एजेंसी 'न्हिुआ के मुताबिक, आरएसएफ कमांडर मोहम्मद हमदान डागालो को नई

सरकार में सर्वोच्च संप्रभु प्राधिकारी, राष्ट्रपति परिषद का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, सूडान पीपुल्स लिबरेशन मूवमेंट-नॉर्थ (एसपीएलएम-एन) के नेता अब्देलअजीज आदम अल-हिलू को राष्ट्रपति परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गठबंधन से जुड़े एक सूत्र ने 'सिन्हुआ को बताया कि समानांतर सरकार में आरएसएफ को 42 प्रतिशत, जबकि एसपीएलएम-एन को 33 प्रतिशत पद मिले। शेष 25 प्रतिशत गठबंधन के अन्य समूहों के बीच बांटे गए। राजनीतिक विश्लेषक अब्दुल-खालिक महजूब के मुताबिक समानांतर सरकार की घोषणा सूडान के राजनीतिक संकट को और

शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

बीजापुर में मुठभेड़ | दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के एसीएम स्तर के तीन शीर्ष नेता और एक पार्टी सदस्य शामिल

17 लाख के इनामी चार नक्सली ढेर, हथियारों का जखीरा बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में विशेष पुलिस बल (डीआरजी) को बड़ी कामयाबी मिली है। डीआरजी ने मुठभेड़ के दौरान चार नक्सलियों को मार गिराया। इन नक्सलियों में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के एसीएम स्तर के तीन शीर्ष नक्सली और एक पार्टी सदस्य शामिल है। बीजापुर की डीआरजी टीम द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की पहचान हुंगा, लक्खे, भीमे और निहाल उर्फ राहुल के रूप में हुई है। नक्सली भीमे, हुंगा और लक्खे पर 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। निहाल ऊर्फ राहुल पर 2 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। यह मुठभेड़ 26 जुलाई की शाम को हुई, जब पुलिस को

इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना मिली थी।

तलाशी अभियान चलाया

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के मुताबिक, जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर की टीम ने तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान नक्सलियों की तरफ से डीआरजी टीम पर गोलीबारी की गई। इसके बाद काफी समय तक पुलिस बल और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही।

गोला-बारूद, ग्रेनेड बरामद

इस मुठभेड़ में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के चार नक्सली मारे गए। घटनास्थल से एसएलआर, इंसास, .303 राइफल, बीजीएल लॉन्चर, सिंगल शॉट राइफल, भारी मात्रा में गोला-बारूद, ग्रेनेड और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत साल 2024 से अब तक कुल 425 हार्डकोर नक्सली मारे जा चुके हैं। बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी माओवादी संगठन के विरुद्ध सुरक्षाबलों द्वारा सघन और निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मानसून के कठिन हालात, दुर्गम जंगलों और जोखिम भरे रास्तों के बावजूद सुरक्षाबलों का हौसला बुलंद

शेष पृष्ठ 6 पर

एनसीईआरटी का ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने का फैसला

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने स्कूली पाठ्यपुस्तकों में 'ऑपरेशन सिंदूर' को शामिल करने का फैसला किया है। इसकी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने सराहना की है। उनका मानना है कि यह कदम युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। एनसीईआरटी की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यपुस्तकों में शामिल करने पर कर्नल (सेवानिवृत्त) राजीव खाकेरा ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, मेरे बैच से पता चलता है कि मैं सेना की वायु रक्षा (आर्मी एयर डिफेंस) से हूं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान, चाहे वह गन सिस्टम हो या मिसाइल सिस्टम, सेना की वायु रक्षा इकाई ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे बहुत खुशी है कि इस उपलब्धि को एनसीईआरटी ने स्कूली पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया है। यह पूरे देश के बच्चों को पता होना चाहिए। यह उनके लिए एक प्रेरक कारक होगा, जो उन्हें सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेगा। एनसीईआरटी की ओर से स्कूली पाठ्यपुस्तकों में 'ऑपरेशन सिंदूर को शामिल किए जाने पर लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) कपिल दत्त ने कहा, एनसीईआरटी में इसे शामिल

शेष पृष्ठ 6 पर

मनसा देवी मंदिर भगदड़ हादसा : सीएम धामी ने घायलों से की मुलाकात, जाना हालचाल

हरिद्वार/नई दिल्ली (आईएएनएस)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ हादसे के घायलों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घायलों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत की। उन्होंने हादसे की जानकारी देते हुए कहा, आज प्रातः काल सुबह 9 बजे करंट लगाने की अफवाह फैल गई। उसके कारण भगदड़ मच गई। सभी घायलों को ठीक प्रकार से इलाज मिले, ये हमारी प्राथमिकता है। सभी अधिकारी राहत-बचाव के काम में लगे हुए हैं। हमारा प्रयास है कि घायल जल्दी से जल्दी स्वस्थ हों, उनको अच्छा उपचार मिले और उनको उनके घरों तक छोड़ा जाए। एक टोल-फ्री नंबर जारी कर दिया गया है। सभी के परिवार से संपर्क किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। आर्थिक सहायता की घोषणा कर दी गई है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्राप्त हो। पीड़ित परिवार के साथ हमारी पूरी संवेदनाएं हैं। हादसे में जो हताहत हुए हैं उनके परिवार को 2 लाख रुपए की और घायलों को 50,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

मैं काशी से सांसद, जब 'ऊं नमः शिवाय' सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं: पीएम मोदी

अरियलूर (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में 'आदि तिरुवथिराई उत्सव' में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि चोल राजाओं ने अपने राजनयिक और व्यापारिक संबंधों का विस्तार श्रीलंका, मालदीव और दक्षिण-पूर्व एशिया तक किया था। ये भी एक संयोग है कि मैं शनिवार को ही मालदीव से लौटा हूं और अभी तमिलनाडु में इस कार्यक्रम का हिस्सा बना हूं। चोल वंश के महान सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सम्राट के सम्मान में स्मारक सिक्का भी जारी किया। कार्यक्रम में भजन प्रस्तुति की गई, जिसे सुनकर प्रधानमंत्री मोदी भी भावविभोर हो गए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं काशी का सांसद हूं और जब मैं 'ऊं नमः शिवाय' सुनता हूं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिव दर्शन की अद्भुत ऊर्जा, श्री इलैयाराजा का संगीत और मंत्रोच्चार, यह आध्यात्मिक अनुभव मन को भावविभोर कर देता है। बृहदेश्वर शिव मंदिर का निर्माण शुरू होने के 1000 साल के ऐतिहासिक अवसर पर सावन के पवित्र महीने में मुझे भगवान बृहदेश्वर शिव के चरणों में पूजा करने का सौभाग्य मिला है। मैंने इस मंदिर में देशभर के 140 करोड़ लोगों के कल्याण और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। भगवान शिव का आशीर्वाद सभी को मिले, यही मेरी कामना है। इस दौरान पीएम मोदी ने 'हर-हर महादेव' का जयकारा भी लगाया। सांस्कृतिक मंत्रालय की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विभाग ने यहां अद्भुत प्रदर्शनी लगाई है। यह ज्ञानवर्धक और प्रेरक है। हमें गर्व होता है कि 1000 साल पहले हमारे पूर्वजों ने किस तरह मानव कल्याण को लेकर दिशा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सेंगोल' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ÷जब देश की नई संसद का लोकार्पण हुआ, तो हमारे शिव आदीनम के संतों ने उस ऐतिहासिक आयोजन का आध्यात्मिक नेतृत्व किया था। तमिल संस्कृति से जुड़े 'सेंगोल' को संसद में स्थापित किया गया। मैं आज भी उस पल को याद करता हूं तो गौरव से भर जाता हूं। उन्होंने कहा कि चोल साम्राज्य का इतिहास और उसकी विरासत भारत के वास्तविक सामर्थ्य का प्रतीक है। यह उस भारत के सपने की प्रेरणा है, जिसे लेकर आज हम विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया था।

न्यूज गैलरी

'अपराध मुक्त बिहार' चिराग पासवान का सपना : राजेश वर्मा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और उनकी पार्टी की ओर से नीतीश कुमार सरकार पर लगातार निशाना साधने ने एनडीए में तनाव पैदा कर दिया है। चिराग पासवान ने बिहार में बढ़ते अपराधों को लेकर नीतीश सरकार को कटघरे पर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी सरकार का समर्थन करने में 'शर्मिंदगी' महसूस हो रही है, जहां अपराध बेकाबू हो चुका है और प्रशासन अपराधियों के सामने 'नतमस्तक' नजर आता है। चिराग के बयानों पर जदयू ने दावा किया कि उनकी निगाहें कहीं और हैं और उनका निशाना कहीं और है। भाजपा ने भी चिराग पासवान के बयान पर एतराज जताया है। भाजपा-जदयू के प्रवक्ताओं के बयानों पर लोजपा (रामविलास) के सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी और उनके नेता का उद्देश्य 'अपराध मुक्त बिहार' है।

जमशेदपुर में बाढ़ के कारण निचले इलाकों की बस्तियां डूबी

जमशेदपुर (आईएएनएस)। झारखंड के जमशेदपुर में पिछले दो दिनों से बाढ़ जैसे हालात हैं। लगातार हो रही बारिश से खरकई और सुवर्णरेखा नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। हालात यह है कि नदियों का पानी शहर के निचले इलाकों में घुस आया है। जानकारी के अनुसार, जमशेदपुर के इलाकों में स्थित बस्तियां जलमग्न हो गई हैं। कई इलाकों में बाढ़ का पानी कमर तक पहुंच गया है और हालात को बिगड़ता देख प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया है।इस बीच, एनडीआरएफ, टाटा स्टील और जिला प्रशासन ने मिलकर शनिवार रात तक राहत और बचाव कार्य चलाया। शहर के कदमा, बागबेड़ा, जुगसलाई, सोनारी, मानगो और बिष्टुपुर जैसे इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों और फ्लैटों में पानी भर गया। ग्रीन पार्क, गणेश वाटिका, आस्था विजय फ्लैट, शास्त्री नगर, रिवर व्यू कॉलोनी, गरीब नवाज कॉलोनी, शिवनगर और अन्य इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए। मानगो की पुरुलिया रोड और कपाली लिंक रोड पर दो फीट तक पानी बहने लगा, जिस वजह से कई सड़कें बंद करनी पड़ीं।

हाथी हमले पर एक्शन में पवन कल्याण

अधिकारियों को रास्ते की निगरानी का दिया आदेश

अमरावती (आईएएनएस)। आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में एक और किसान की हाथी के हमले में मौत के बाद उपमुख्यमंत्री-अभिनेता पवन कल्याण ने अधिकारियों को जंगली हाथियों के रास्तों की नियमित निगरानी करने और किसानों को पहले से सूचित करने का निर्देश दिया। चित्तूर जिले के कोथुरु गांव में किसान रामकृष्ण राजू की हाथियों के झुंड द्वारा कुचलकर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर पवन कल्याण, जो राज्य के वन और पर्यावरण मंत्री भी हैं, ने दुख जाहिर किया और तुरंत वन विभाग के अधिकारियों से विवरण मांगा।उन्होंने निर्देश दिए कि हाथियों का झुंड जहां से गुजरता है उन रास्तों पर नजर रखी जाए और प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को पहले से चेतावनी दी जाए। उन्होंने वन विभाग और जिला प्रशासन को आदेश दिया कि पीड़ित परिवार को तुरंत मुआवजा प्रदान किया जाए। 45 वर्षीय रामकृष्ण अपने खेत पर गए थे, लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की। बाद में उन्हें खेत में मृत पाया गया। पिछले एक महीने में चित्तूर में यह दूसरी ऐसी घटना है। पिछले महीने नागमवंडलापल्ली गांव में 60 वर्षीय एक किसान की जंगली हाथी ने जान ले ली थी। पिछले तीन महीनों से इस क्षेत्र में करीब 15 हाथियों का झुंड सक्रिय है, जो खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है।

भारत-यूके एफटीए देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है : पीयूष गोयल

मुंबई(आईएएनएस)। भारत-यूके एफटीए पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दुनिया भर में अर्जित विश्वास का परिणाम है, जिसने हमें उन विकसित देशों के साथ बातचीत और समझौते करने में सक्षम बनाया है, जिनके हम प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

मुंबई के बोरीवली पैराडाइज हॉल में आयोजित एक सम्मान समारोह के साइडलाइन में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, ÷यह समझौता भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है और देश के लिए कई अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था नाजुक 5 से शीर्ष 5 तक मजबूत हुई है और 2027 तक हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, हमारा आत्मविश्वास निरंतर हमें अच्छे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमने विकसित देशों के साथ एफटीए किया है और आगे भी चाहे न्यूजीलैंड हो, ओमान हो, यूएस हो या 27 देशों का यूरोपीय संघ हो, सभी के साथ इस तरह के करार को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम करेंगे। यूएस के साथ भी अच्छी बातचीत चल रही है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज भारत केवल दिख नहीं रहा, बल्कि दुनिया के बाजारों में छा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज मुंबई में 'यूके मार्केट में निर्यात के अवसर' पर आयोजित सत्र को संबोधित किया और कृषि, एमएसएमई, जेम्स एंड ज्वेलरी, मछुआरा समाज, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी और सेवा जैसे सेक्टर्स को मिल रहे लाभों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, देश ने पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व में विश्वपटल पर अपनी प्रभावी पहचान स्थापित की। भारत-यूके एफटीए इसी बात का जीवंत प्रमाण है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक समझौता है, जो भारत के हर वर्ग के लिए नए द्वार खोल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक हमारी विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना को साकार करने वाला ये कदम, हर दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

'मन की बात' से एकता और साहौर्द बनाने की मिली प्रेरणा : आशीष सूद

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। इस खास मौके पर दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी में स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि 124वें 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने बहुत ही प्रेरणादायक बातें साझा कीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पीएम मोदी ने कार्यक्रम में त्योहारों के मौके पर देश में सौहार्द और एकता को बढ़ाने की बात कही, जो हर नागरिक के लिए प्रेरणा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पुलिस फायर गेम्स का भी जिक्र किया, जिसमें दिल्ली के कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कई पुरस्कार जीते। उन्होंने कहा कि ऐसी छोटी-छोटी पहलों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है। इन प्रयासों से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश के युवाओं को प्रेरित करती है। 'मन की बात' कार्यक्रम को हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सुनते हैं। बता दें कि 124वें 'मन की बात' एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया। उन्होंने भारत की उपलब्धियों के बारे में बात की। देश और समाज के विकास में लोगों के योगदान को भी सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई।'इंस्पायर मानक' अभियान के बारे में पीएम मोदी ने देशवासियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से 5 बच्चे चुने जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो भारत नीति 2025' और स्वच्छता अभियान की भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में हुए 'विश्व पुलिस और अग्निशमन' खेल में भारत ने इतिहास रचते हुए करीब 600 मेडल जीते। 71 देशों में भारत टॉप तीन देशों में पहुंचा। 2029 में यह खेल भारत में होंगे, जिसमें दुनियाभर से खिलाड़ी आएंगे।

चिराग को बिहार से नहीं, कुर्सी से मोह ज्यादा : तेजस्वी

पटना (आईएएनएस)। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जाने पर बिहार की सियासत गरमा गई है। चिराग के इस बयान को लेकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधी 'विजय' और 'सम्राट' हो चुके हैं। चिराग पासवान ने बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष प्रकट किया था। चिराग ने कहा था कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि वे ऐसी सरकार को समर्थन दे रहे हैं, जिसके प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान हैं। चिराग के इस बयान को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, बिहार में अपराधी 'विजय' और 'सम्राट' हो चुके हैं। लॉ एंड ऑर्डर का 'क्रिमिनल डिसऑर्डर' हो चुका है और चिराग पासवान भी सरकार के ही अंग हैं, जो मुद्दा उठा रहे हैं। यहां सरकार चुने हुए प्रतिनिधि नहीं, अपराधी ही चला रहे हैं। इस पर चिराग पासवान केवल अफसोस जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिराग केंद्रीय मंत्री हैं, उनके पांच-पांच एमपी हैं। ऐसे में चिराग ये दिखा रहे हैं कि वे कितने कमजोर हो चुके हैं।

विवाद नहीं संवाद की पत्रकारिता कीजिए: प्रो.संजय द्विवेदी

रांची विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन में संवाद, सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

रांची,(झारखंड)। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी का कहना है कि भारतीय संचार परंपरा में हर संवाद लोक मंगल और संकटों के समाधान के लिए है, जबकि पश्चिम में उपजी पत्रकारिता विवाद, संघर्ष और वितंडावाद पैदा करती है। हमें हमारी पत्रकारिता में भारतीय संचार परंपरा के मूल्यों को स्थापित करना होगा, ताकि मीडिया के संवाद से सुंदर दुनिया बने। वे यहां रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के संगठन जर्नलिज्म ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जोसारू) द्वारा आयोजित 'स्पंदन' कार्यक्रम को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। प्रो.द्विवेदी ने विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों को 38 साल के शानदार सफर के लिए बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे विवाद की नहीं संवाद की पत्रकारिता करेंसमाज और तंत्र पर नजर रखे मीडियाः राधा कृष्ण किशोर - कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखण्ड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि समाज, सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर नजर रखना मीडिया की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आज भी महिलाएं खून की कमी और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। मीडिया समाज के ऐसे तमाम प्रश्नों पर सक्रियता से काम करते हुए सामाजिक दायित्व निभाए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के इस विभाग ने कई गौरवशाली पत्रकार दिए हैं। साहित्यकार प्रोफेसर ऋता शुक्ल ने कहा कि इस विभाग के मीडिया विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का विभाग एक कमरे से प्रारम्भ जरूर हुआ है, लेकिन अब इसे पत्रकारिता विश्वविद्यालय बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति अंजनी कुमार मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा, पत्रकारिता संस्थान के निदेशक वसंत झा, उपनिदेशक डॉ.विष्णु महतो ने अपने विचार रखे। स्वागत भाषण जोसारू के अध्यक्ष चंदन मिश्र ने और संचालन सुधीर पाल ने किया।

प्रतिभाशाली पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान

आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभाशाली पूर्व विद्यार्थियों और पिछले पांच साल के टापर्स विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संजय खंडेलवाल,अजय कुकरेती, डॉ.भीम प्रभाकर, अविनाश कुमार,प्रणव कुमार बब्बू, अभिषेक शास्त्री,मोमिता,गौरी की उपस्थिति रही।

मनसा देवी भगदड़ : यूपी के चार और बिहार-उत्तराखंड के एक-एक श्रद्धालुओं की गई जान

हरिद्वार (आईएएनएस)। हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह हुई भगदड़ की घटना में 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने इस हादसे में घायल हुए और मारे गए लोगों के बारे में जानकारी साझा की है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, हादसे में मारे गए छह लोगों में से चार उत्तर प्रदेश, एक बिहार, और एक उत्तराखंड का निवासी था। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बरेली के निवासी आरुष (12 वर्षीय), रामपुर निवासी विक्की (18 वर्षीय), बाराबंकी निवासी वकील और बदायूं निवासी शांति की मौत हुई है।

पाकिस्तानः गिलगित-बाल्टिस्तान में मूसलाधार बारिश, 10 की मौत

इस्लामाबाद (आईएएनएस)। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान (पीओजीबी) में भारी मानसूनी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। इस बाढ़ से 10 लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग घायल हैं। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बाढ़ में 20 अरब पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) से अधिक मूल्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ओर से जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में मूसलाधार मानसूनी बारिश जारी है। मानसून की शुरुआत से अब तक मरने वालों की संख्या 266 तक पहुंच गई है। गिलगित-बाल्टिस्तान के स्थानीय नेता हाजी गुलबर खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस बाढ़ से क्षेत्र के सात जिलों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यहां सड़कें, जलमार्ग, घर और कृषि भूमि नष्ट हो गई हैं। 'द न्यूज इंटरनेशनल' की रिपोर्ट के अनुसार, गुलबर खान सीमित संसाधन को इस आपदा की भयावहता से उबरने के लिए अपर्याप्त मान रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान सरकार से सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। गुलबर खान ने संघीय सरकार से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7 अरब पाकिस्तानी रुपये प्रदान करने का अनुरोध किया है। इस बीच, पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट 'जियो न्यूज' ने शनिवार को बताया कि भारी बारिश के बाद भूस्खलन के चलते पीओजीबी में फेयरी मीडोज रोड के कई हिस्से अवरुद्ध हो गए हैं, जबकि प्रतिकूल मौसम के कारण हवाई अभियान स्थगित कर दिया गया।

उद्धव ठाकरे के आवास 'मातोश्री' में 13 साल बाद राज ठाकरे ने रखा कदम, जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे

मुंबई (आईएएनएस)। शिवसेना-यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के जन्मदिन पर 13 साल बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे की 'मातोश्री' में एंट्री हुई है। 'मातोश्री' उद्धव ठाकरे का आवास है, जहां जन्मदिन की बधाई देने के लिए 13 साल में पहली बार राज ठाकरे पहुंचे। आखिरी बार 12 साल पहले बालासाहेब ठाकरे के निधन के समय राज ठाकरे 'मातोश्री' गए थे। उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुलाकात के दौरान राज ठाकरे को गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। राज ठाकरे के साथ मनसे नेता बाला नांदगांवकर और नितिन सरदेसाई भी मौजूद थे। इस मौके पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे की तस्वीर के साथ एक फोटो भी खिंचाई।

चीनः बाढ़ से बेहाल हुआ बीजिंग, मियुन में 3,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला

बीजिंग (आईएएनएस)। चीन में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर बीजिंग के मियुन जिले में मूसलाधार बारिश के कारण 3,000 से ज्यादा निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

मियुन स्थित मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार रात 9 बजकर छह मिनट पर मूसलाधार बारिश के लिए एक रेड अलर्ट जारी किया, जो चीन की चार-स्तरीय मौसम चेतावनी प्रणाली में सबसे ऊंचा स्तर है। शनिवार दोपहर 12 बजे से रविवार देर रात 2 बजे के बीच, जिले में औसतन 73.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिसमें सबसे ज्यादा बारिश हुआंगतुलियांग स्टेशन (315.3 मिलीमीटर) पर दर्ज की गई। इस तेज बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई गांवों में सड़कें, बिजली आपूर्ति और संचार नेटवर्क बाधित हो गए। इसके चलते मियुन में 12 प्रमुख सड़कें बंद करनी पड़ीं, जिनमें से सात सड़कों को अब फिर से खोल दिया गया है। सभी प्रभावित गांवों से पुनः संपर्क स्थापित हो गया है।

बिहारी सियासत... बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में जनसंख्या से ज़्यादा आधार कार्ड बने

एसआईआर के मुद्दे पर विरोध, विपक्ष कर रहा गुंडागर्दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं: भाजपा

❖ बिहार विधानसभा चुनाव : हर बार बदलाव की मिसाल, इस बार किसे चुनेगी शिवहर की जनता?

शिवहर(आईएएनएस)। बिहार के शिवहर जिले की एकमात्र विधानसभा सीट का नाम शिवहर है। कुछ दशकों से इस सीट पर राजनीतिक लड़ाई बड़ी दिलचस्प रही है, क्योंकि यहां की जनता लगभग हर चुनाव में अपना प्रतिनिधि बदलती रही है। बिहार के तमाम राजनीतिक मुद्दों से अलग हटकर शिवहर की जनता ने प्रतिनिधि के परिवर्तन को प्राथमिकता दी है। इस बार शिवहर की जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनेगी, यह उसके विवेक पर निर्भर करता है। शिवहर जिला तिरहुत डिवीजन के उत्तरी भाग में स्थित है। यह बिहार राज्य के उत्तरी क्षेत्र में स्थित है। यह उत्तर और पूर्व में सीतामढी जिले से, दक्षिण में मुजफ्फरपुर जिले से और पश्चिम में पूर्वी चंपारण जिले से घिरा है। जनसंख्या के आकार और जिले के कुल क्षेत्रफल दोनों के मामले में यह बिहार राज्य का सबसे छोटा जिला है। शिवहर में पांच ब्लॉक हैं, जिनमें शिवहर, पिपरारी, पुरनहिया, डुमरी कटसारी और तरियानी शामिल हैं। इस जिले को 6 अक्टूबर 1994 को बिहार सरकार द्वारा अपनी अधिसूचना संख्या 286 के तहत सीतामढ़ी जिले से अलग किया गया था। शिवहर बिहार राज्य का एक प्रशासनिक जिला है, जिसमें एक ही शिवहर विधानसभा सीट भी है। जिला मुख्यालय शिवहर में स्थित है, जो खुद जिले का एकमात्र शहर है। जिले में कुल मिलाकर 53 पंचायतें और 203 गांव हैं।

लगभग 443 वर्ग किलोमीटर में फैले शिवहर जिले की कुल आबादी 6.56 लाख से अधिक है। इसमें पुरुषों की संख्या लगभग 3.46 लाख और 3.09 लाख महिलाएं हैं। शिवहर में एक प्रसिद्ध बाबा भुवनेश्वर नाथ मंदिर है। बताया जाता है कि यह अति प्राचीन मंदिर है, जिसका निर्माण द्वापर काल में हुआ। इस कारण मंदिर का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। खास बात यह है कि इस मंदिर का निर्माण एक ही पत्थर को तराश कर किया गया। 1956 में प्रकाशित अंग्रेजी गजट में नेपाल के पशुपतिनाथ और भारत के हरिहर क्षेत्र के मध्य इस मंदिर के होने की बात कही गई थी। कोलकाता हाईकोर्ट के एक फैसले में भी इस मंदिर को अति प्राचीन बताया गया है।

कुतुब मीनार से ऊँचा जैतखाम सतनामी समाज का गौरव है : साय

■ **बाबा गुरु घासीदास जी के आशीर्वाद से वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को करेंगे पूर्ण**

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास का मूलमंत्र है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हम सबको मिल-जुलकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में गिरौदपुरी धाम में कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम निर्मित किया गया, साथ ही अनेक विकास कार्य भी संपन्न हुए। इससे न केवल समाज का गौरव बढ़ा है, बल्कि सतनामी समाज को वैश्विक पहचान भी मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इसी अनुरूप हमारी सरकार ने भी छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि बाबा गुरु घासीदास जी के आशीर्वाद से यह संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर राजधानी रायपुर में सतनामी समाज के बहुद्देशीय भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, गिरौदपुरी स्थित मड़वा महल के शेष अधूरे कार्यों की पूर्णता हेतु 50 लाख रुपये की मंजूरी भी प्रदान की गई। उन्होंने समारोह में सम्मानित हो रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों को पाँच-पाँच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जब समाज के पदाधिकारी प्रतिबद्धता, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हैं, तो समाज की विश्वसनीयता बढ़ती है और समरसता के साथ समाज प्रगति की दिशा में अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करने पर रचनात्मक प्रयासों को बल मिलता है। उन्होंने गिरौदपुरी धाम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एल.एल. कोसले के नेतृत्व में भव्य धर्मशाला निर्माण की पहल के लिए बधाई भी दी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के आशीर्वाद से उन्हें सार्वजनिक जीवन के इन 40 वर्षों में विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री और अब विधानसभा अध्यक्ष जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर मिला। बाबा जी का मनखे-मनखे एक बराबर का संदेश, श्वेत ध्वजा और श्वेत वस्त्र प्रदेश को शांति का प्रतीक बनाते हैं। पंथी नृत्य की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति भी विश्व में छत्तीसगढ़ की शांति व समरसता को स्थापित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी की सहभागिता और बाबा जी के आशीर्वाद से आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि समाज की उन्नति के लिए सामाजिक एकता और शिक्षा दो महत्त्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और प्रत्येक वर्ष प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में सतनामी समाज उन्नति के नए शिखर पर पहुँचेगा। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इन पदाधिकारियों के कंधों पर समाज को सशक्त बनाने की बड़ी ज़िम्मेदारी है।

प्रगतिशील यादव महासंघ का मेंटल हेल्थ चेकअप कैंप

रायपुर/नवप्रदेश। जनमानस को तनाव एवं अवसाद मुक्त करने की सकारात्मक सोच के साथ, ठंडी बयार और मानसूनी फुहार युक्त खुशनुमा माहौल में आज रविवार 27 जुलाई 2025 को आर्शीवाद भवन रायपुर में डॉ ल्यूनिक यदु , एमएस (आर्थो) की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ का मेंटल हेल्थ चेकअप एवं अवेयरनेस कैंप सानंद संपन्न हुआ। डॉक्टर ल्यूनिक ने यादव समाज की इस परिकल्पना की प्रशंसा करते हुए युवाओं को सलाह दी की धनोपार्जन के साथ-साथ वे अपने शरीर और परिवार का भी विशेष ख्याल रखें ।

महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि कैंप के प्रथम चरण में डॉ गीतेश अमरोहित, एमपीटी (न्यूरो) ने टेंशन, डिप्रेशन और अनिद्रा के मूलभूत कारणों पर प्रकाश डालते हुए पूछे गए प्रश्नों का तत्काल समाधान बताया। तत्पश्चात डॉक्टर अभिषेक गुप्ता एमडी (साइकेट्रिक) ने मनोपचार के निदान पर चर्चा करते हुए लगभग 15 पीड़ितों की ओपीडी को इलाज के नुस्खे के साथ हर हाल में खुश रहने की सलाह दी । इस अवसर पर राधे राधे ब्वॉयज हॉस्टल कोटा की डायरेक्टर श्रीमती दीपा राजेश यादव ने महासंघ के भवन निर्माण हेतु रुपए 1,51,000/- लाख का चेक दिया।

सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा परिणाम घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के अधीन जून और जुलाई 2025 में आयोजित की गई ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेडमैन, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस तथा नियमित कैडर में धार्मिक शिक्षक, नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा जैसे विभिन्न पदों हेतु आयोजित की गई थी।

परीक्षा छत्तीसगढ़ के विभिन्न ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। सफल उम्मीदवारों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही, परिणाम सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के सूचना पट पर भी प्रदर्शित किया गया है।

प्रकृति संरक्षण हेतु पौधों की कलम का आदान-प्रदान कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रकृति की ओर सोसायटी के तत्वावधान में आज रविवार को ऑक्सीजोन गार्डन में पर्यावरण संरक्षण के विषय पर चर्चा एवं पौधा कटिंग एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष श्री मोहन वल्र्यानी ने बताया कि यह अनूठा प्रयास प्रकृति प्रेमियों को जोड़ने और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रकृति प्रेमियों ने अपने-अपने घरों की वाटिका से रजनीगंधा, हजारी मोगरा, गुलाब, कोटॉन, स्टीविया, इंसुलिन, चाइनीज मानी प्लांट की प्रजातिया के पौधों की कटिंग्स लाकर एक-दूसरे के साथ विनिमय की। इससे न केवल जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर में हरियाली भी प्रसारित होगी। श्री वल्र्यानी ने बताया कि यह आयोजन अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री निर्भय धाडीवाल, डॉ. अनिल चौहान, डॉ. विजय जैन, मनीषा त्रिवेदी,सुधा केसरवानी, सर्वत्र सेठी, सुनीता चंदसोरिया,सुरेश बानी,हरदीप कौर, तथा अनिल वर्मा की उपस्थिति रही।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे 4000 नए बीएसएनएल टावर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने हेतु 4000 नए बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। यह जानकारी ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने शनिवार को रायपुर में दी।

डॉ. शेखर ने कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया, ÷बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है, और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।÷

योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष- डॉ. शेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना , प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज़ और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए नवाचार- राज्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'पिंक ऑटो' जैसे नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं को स्वामित्व वाले पिंक ऑटो प्रदान किए जा रहे हैं। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकती है। उन्होंने कहा की, SHGs को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है।

सुविचार

कभी किसी को बेकार न समझे क्योंकि बंद पड़ी घड़ी भी दिन में दो बार सही समय बताती है। - अज्ञात

भारत और इंग्लैंड के बीच फ्रीट्रेड डील

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इंग्लैंड दौरे के दौरान भारत और इंलैंग्ड के बीच फ्रीट्रेड डील पर सहमति की मुहर लग गई। इस डील की चर्चा 2022 से शुरू हुई थी लेकिन इस पर सहमति बनने में तीन साल का समय लग गया। बहरहाल भारत और इंग्लैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाने से अब दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ेगा और रोजगार से नये अवसर भी पैदा होंगे। दोनों देशों की अर्थव्यवथा को भी मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि तीन साल पहले भारत ने इंग्लैंड को भी पीछे छोड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब तो भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत अब जल्द ही दुनिया के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। यह तभी संभव है जब भारत इंग्लैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों के साथ आपसी व्यापार को बढ़ाये। भारत और इंग्लैंड के बीच जो भी फ्रीट्रेड डील हुई है उससे दोनों ही देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ेगा जिसे 2020 तक 120 अरब अमेरिका डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फ्रीट्रेड से वैसे तो दोनों ही देशों को लाभ मिलेगा लेकिन इंग्लैंड के मुकाबले भारत को ज्यादा फायदा मिलेगा। इस डील के मुताबिक अगले तीन सालों में भारत का कृषि निर्यात 20 प्रतिशत तक बढ़ेगा। जिससे भारतीय किसानों को फायदा पहुंचेगा। इसी के साथ ही कृषि आधारित उत्पादों को नया बाजार मिलेगा और कृषि आधरित कंपनयिों के शेयरों में भी उछाल आएगा। कृषि के अलावा ऑटो और टेक्सटाइल ट्रेक्टर की कंपनियों के शेयरों में भी बढ़ौत्तरी देखने को मिलेगी। इस डील से भारतीय शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा और जाहिर है कि इससे शेयर बाजार में तेजी आएगी। खासतौर पर उन ट्रेक्टरों में जो इस समझौते से सीधे लाभान्वित होंगे। फ्रीट्रेड डील के कारण आवश्य दवाओं, इलेक्ट्रानिक समान, कपड़े, जूते और फैशन सामग्री अब सस्ते दर पर लोगों को उपलब्ध हो पाएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच यह फ्रीट्रेड डील ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत सहित कई देशों के साथ ट्रैरिफ वार छेड़ चुके हैं। ऐसे में भारत और इंग्लैंड के बीच व्यापारिक संबंधों को नया आयाम मिलना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि इंग्लैंड के बाद अन्य यूरोपीय देशों के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार और बढ़ता है तो इससे अमेरिकी की दादागिरी भी खत्म हो जाएगी।

डीएपी खाद की किल्लत दूर करने प्रभावी पहल जरूरी

इस साल मानसून की मेहरबानी से छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा हो रही है जिससे धान के कटोरे से लबालब भरने की संभावना प्रबल हो गई है। अच्छी वर्षा होने के कारण छत्तीसगढ़ के धान की बोआई का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और अब किसान रोपा तथा बियासी के काम में जुट गये हैं। इस दौरान खेतों में डीएपी खाद डालना जरूरी होता है किन्तु सोसायटियों में डीएपी खाद की कमी देखी जा रही है। किसान अपना कृषि कार्य छोड़कर डीएपी खाद के लिए सोसायटियों के चक्कर काट काट के परेशान हो रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी पहल करे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि किसानों को प्रमाणिक खादों की कमी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को कड़े दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं किन्तु इसके बाद भी डीएपी खाद खाद की कमी महसूस की जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान विपक्ष ने डीएपी खाद की कमी का मुद्दा जोर शोर से उठाया था और इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तकरार भी हुई थी। इसके बाद भी डीएपी खाद की कमी मेहसूस होना चिंता का विषय है। इस बारे में राज्य सरकार को तत्काल कड़े कदम उठाने चाहिए। ताकि प्रदेश के किसानों को डीएपी खाद के लिए इधर उधर न भटकना पड़े।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ गुरु का सानिध्य साहस की सवारी है।

◆ प्रेम कभी अधूरा नहीं होता, प्रेम स्वयं में ही पूर्ण है। सत्य कभी अधूरा नहीं होता, सत्य स्वयं में ही पूर्ण है। और जहाँ पूर्णता होगी वहाँ कोई शिकायत नहीं होगी।

कारणों के कारण तो एक मात्र प्रभु गुरु गोविंद हैं इसीलिए उन परम माता और परम पिता के बताए विधान पर चलना ही जीव मात्र का कर्तव्य है।

प्रेम का उत्तर तो किसी के पास नहीं है, प्रेम तो अंतिम चीज है। प्रेम मिल गया मतलब सब मिल गया, प्रेम को उपलब्ध हो गए। प्रेम 'मिल गया' भी कहना मूर्खता है, प्रेम को उपलब्ध हो गए, बस !

◆ भगवत कार्य कर रहे लोगों के पास व्यक्तिगत भावनाओं का स्थान नहीं होता, वैयक्तिकता का स्थान उनके जीवन में नहीं होता। नकी सारी भावनायें उस विराट के साथ जुड़ी होती हैं।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1995 - वियतनाम आसियान का सदस्य बना। 2001 - पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्दकी ख़ान कंजू की हत्या की गई। 2004 - इराक के बाकूबा शहर में एक पुलिस भर्ती केन्द्र में विस्फोट से 68 लोगों की मृत्यु। 2005 - सौरमंडल के दसवें ग्रह की खोज करने का दावा। 2007 - पाकिस्तान सरकार ने विवादास्पद लाल मस्जिद को अनिश्चितकाल तक बन्द करने की घोषणा की। 2008 - निर्गुट देशों की मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत के विदेशमंत्री प्रणव मुखर्जी तेहरान रवाना हुए।

28 जुलाई को जन्मे व्यक्ति- 1165 - इबने अरबी - अरबी के प्रसिद्ध सूफ़ी कवि, साधक और विचारक। 1909 - कासू ब्रह्मानंद रेड्डी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 1927 - रामेश्वर ठाकुर - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।

डॉ शाहिद अली

दंडकारण्य के सबसे बड़े भू-भाग वाले बस्तर में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां राम और लक्ष्मण आदिवासी समुदायों के जीवन व्यवहार में उपस्थित हैं। तभी लाला जगदलपुरी लिखते हैं कि बस्तर अंचल की आदिम प्रजातियों के एक पक्ष में श्रीराम के स्मृति चिन्ह हैं। हल्बी भतरी लोक साहित्य में कहीं कहीं प्रसंगवश श्रीराम संदर्भित हैं, जिसमें कहते हैं, करेया डेरी / करेया पाटी / राम - लैखन र घर / राम लैखन पकाई देला, करेया छालीफर । ये एक पहेली है। पहेली में यह चित्र उभरता है कि आसमान पर काले काले घटाटोप बादल छाए हुए हैं, आंधी पानी का जोर है, ओले बरस रहे हैं। ऐसा कहते हैं कि इन ओलों को ग्रामवासी राम लैखन द्वारा गिराए गए प्रसाद समझकर ग्रहण करते और झेलते भी हैं। राम लैखन ने काले-काले छिलकों वाले फूलों के छिलके उतार उतार कर उनके सफेद खाद्यांश फैंके हैं। इतने दयालु हैं वे। भतरी लोक साहित्य के इस बिंदु में राम के प्रति अगाध श्रद्धा का पहलू अद्भुत है। हल्बी भतरी लोक साहित्य में ऐसे अनेकों प्रसंग मिल सकते हैं जिनमें राम चर्चा मौजूद है।

दंडकारण्य में राम, छत्तीसगढ़ की वैभवशाली इतिहास

प्राचीन भारत में दंडकारण्य वनों से आच्छादित एक वृहद भौगोलिक स्थिति का क्षेत्र रहा है। दण्डक और अरण्य दो शब्दों से मिलकर यह दण्डक वन कहलाता है यानी दंड देने वाला जंगल। लोक चर्चा में कहा जाता है कि घने जंगलों और खूंखार जानवरों से घिरा यह क्षेत्र जीवन के कठोर तप , संघर्ष और यातना का स्थल रहा है। विंध्याचल से लेकर गोदावरी तक दंडकारण्य के सुप्रसिद्ध वनों का फैला हुआ परिदृश्य हमेशा से आकर्षण एवं कौतूहल का विषय रहा है। इसका ऐतिहासिक, पौराणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व खोज एवं अध्ययन की दृष्टि से विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचता रहा है। वनवास के समय भगवान श्री रामचन्द्र ने यहां एक लंबा समय गुजारा है।

दंडकारण्य पूर्वी मध्य भारत का भौगोलिक क्षेत्र है। लगभग 92,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफ़ल में फैले इसके पश्चिम में अबूझमाड़ की पहाड़ियां तथा पूर्व में इसकी सीमा पर पूर्वी घाट का विस्तार है। दंडकारण्य के विशाल अरण्य में छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश जैसे पांच बड़े राज्यों का परिक्षेत्र शामिल है। सदियों से दंडकारण्य रहस्यों की अबूझ पहेली भी रहा है इसलिए यहां अबूझमाड़ भी है। लंबे समय से अनेकों इतिहासकारों, पुरातत्वविदों और मानवविज्ञानियों का अध्ययन दंडकारण्य को समझने में बदस्तूर जारी है। एक किंवदंती के अनुसार दंडकारण्य क्षेत्र को मांडव्य नामक ऋषि ने श्राप दिया था, जिन्हें एक ऐसे अपराध के लिए अनुचित दंड दिया गया था जो उन्होंने किया ही नहीं था। इस श्राप के कारण यह भूमि राक्षसों और दुष्ट आत्माओं से शापित हो गई, जिससे यह मनुष्यों के लिए एक दुर्गम स्थान बन गया। इसलिए यह स्थान और भी रहस्यमय माना जाता है।

पुरातात्विक अध्ययनों से पता चलता है कि दंडकारण्य प्रागैतिहासिक काल से ही बसा हुआ है। नवपाषाण काल के पत्थर के औजार, मिट्टी के बर्तन और अन्य कलाकृतियां आज भी इसके गवाह हैं। घने जंगलों में दंडकारण्य के विशाल क्षेत्र को समझना बहुत कठिन है। दंडकारण्य की एक पहचान उसकी समृद्ध जैव विविधता है। इस क्षेत्र के जंगल विविध प्रकार की वनस्पतियों और जीवों का घर है। बहुमूल्य औषधीय पौधों का उपयोग आदिवासी समुदाय सदियों से करते आ रहे हैं। आदिवासियों का जंगलों से गहरा नाता है और इनकी पारंपरिक जीवन शैली प्राकृतिक संसाधनों से गहराई से जुड़ी है। आदिवासी हस्तशिल्प और संस्कृति की अद्भुत मिसाल यहां देखी जा सकती है। ऐसी विविधताओं से समृद्ध दंडकारण्य का आध्यात्मिक महत्व तब और बढ़ जाता है जब राम वन गमन पथ की चर्चा होती है। छत्तीसगढ़ का यह वैभवशाली इतिहास है। रामायण के अनुसार दंडकारण्य में श्रीराम के लोकोद्धार संबंधी कार्यों की नींव पड़ी। रामायण में दंडकारण्य का उल्लेख है। महाकाव्य रामायण में दंडकारण्य का उल्लेख उस स्थान के रूप में मिलता है जहां भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ चौदह साल का वनवास बिताया। यहां कई ऐसे स्थल हैं जो रामायण की घटनाओं से जुड़े हुए हैं और धार्मिक आस्था के केंद्र हैं। दंडकारण्य में श्रीराम का वनवास कई मायनों में महत्वपूर्ण था जब उन्होंने ऋषि मुनियों की रक्षा के लिए की राक्षसों का वध किया जिनमें खर और दूषण जैसे राक्षस मारे गए थे। उन्होंने इस क्षेत्र को राक्षसों से मुक्त कराकर एक सुरक्षित स्थान बनाया। दंडकारण्य में एक महत्वपूर्ण स्थान है पंचवटी, जहां भगवान राम ने अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ निवास किया था। पंचवटी में ही रावण ने सीता का हरण किया था जो रामायण का एक महत्वपूर्ण प्रसंग है। दंडकारण्य में भगवान राम की उपस्थिति का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। हिंदू धर्म के लिए यह क्षेत्र आस्था और दर्शन का प्रमुख स्थान है। ऐसे अनेक स्थल दंडकारण्य में हैं जो भगवान श्रीराम की कहानी से जुड़े हुए हैं, इसलिए यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।

दंडकारण्य में भगवान राम की उपस्थिति रामायण के पन्नों में दर्ज है। भगवान राम ने अपने वनवास के दौरान दंडकारण्य में कई महत्वपूर्ण घटनाओं का सामना किया इसलिए यह क्षेत्र हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र तीर्थ स्थल है। दंडकारण्य में आदिवासी संस्कृति एक समृद्ध और विविध धरोहर है, जो इस क्षेत्र की पहचान को दर्शाती है। दंडकारण्य में कई आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, जिनकी अपनी अनोखी संस्कृति, परंपराएं, और जीवनशैली है। इन समुदायों में गोंड समुदाय दंडकारण्य में एक प्रमुख आदिवासी समुदाय है, जो अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। गोंड समुदाय के लोग अपनी कला, संगीत और नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं। बैगा समुदाय भी दंडकारण्य में निवास करता है और अपनी अनोखी संस्कृति और जीवनशैली के लिए जाना जाता है। बैगा समुदाय के लोग प्रकृति की पूजा करते हैं और अपनी परंपराओं को बहुत महत्व देते हैं। माड़िया समुदाय दंडकारण्य में निवास करने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण आदिवासी समुदाय है। माड़िया समुदाय के लोग अपनी कला और शिल्प के लिए प्रसिद्ध हैं और अपनी परंपराओं को सहेजकर रखते हैं।

दंडकारण्य के आदिवासी समुदाय अपनी समृद्ध लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक परंपराओं के लिए जाने जाते हैं, जिनमें राम की पवित्र स्मृतियों का उल्लेख मिलता है। आदिवासी समुदायों में नृत्य और संगीत का बहुत महत्व है। ये समुदाय अपने त्योहारों और समारोहों में पारंपरिक नृत्य और संगीत का प्रदर्शन करते हैं। विभिन्न त्योहारों और समारोहों का आयोजन करते हैं, जो उनकी संस्कृति और परंपराओं का हिस्सा हैं। ये त्योहार प्रकृति की पूजा और समुदाय के बंधन को मजबूत करने के लिए मनाए जाते है।आदिवासी समुदाय अपनी कला और शिल्प के लिए प्रसिद्ध हैं। ये समुदाय विभिन्न प्रकार की हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्माण करते हैं, जो उनकी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाती है जिनमें राम के दर्शन मिलते हैं। दंडकारण्य के आदिवासी समुदाय अपनी पारंपरिक जीवनशैली के लिए जाते हैं।

पीयूष गोयल

हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोज़गार के असंख्य अवसर सृजित होंगे। कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा-घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीएमें भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमज़ोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं।

ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता- नए भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि

भारत-ब्रिटेनव्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए)भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ-साथरोज़गार के असंख्य अवसरों कासृजनकरेगा औरप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च-गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा।

भारत औरब्रिटेनव्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्व प्नक को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री की रणनीति-वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुनःस्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्यस बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए)पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए,व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं, दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था।

यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थीऔर उस समय भारत को दुनिया की ÷पाँचकमजोर÷ अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीनगुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्यथ के रूप में उभरने मेंसहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ-साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है।

बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त- यह एफ्टीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्या पक अवसरों केवर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है। छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी। फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेनमें अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा।

असंख्य रोज़गार- आकर्षक बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त सेनिर्यातस्थायित्वर के साथ-साथ निवेश और रोजगार सृजन मेंवृद्धिहोगी। भारत वस्त्रक, चमड़ा और जूतेसे जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायतामिलने के साथ ही यह छोटे व्या्वसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा। रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है। किसान प्रथम- 95प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफलाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि-निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। शुल्क-मुक्त बाज़ार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भारत भारत है

भारत भारत है सनातनियों के कारण इसके अलावा कोई बात प्रलाप ही कहलाएगी। ध्यान रहे। पद जिनके लिए महत्वपूर्ण होता है और पद सिर चढ़कर बोलता है वे जल्दी ÷वृद्ध÷ हो जाते हैं दायित्व जिनके लिए महत्वपूर्ण होता है उनके लिए आयु कोई मायने नहीं रखती। वृद्ध होने पर व्यक्ति को पद छोड़ देना चाहिए। - **नवीन शंकर शर्मा**

ऊँची लहरों से भी



ऊँची लहरों से भी तो नाव पलट जाती है भागती ज़िंदगी लम्हों में सिमट जाती है । जब भी मंज़िल के बहुत पास पहुँच जाती हूँ ठीक उस वक्त नज़र राह से हट जाती है । आख़िरी दाँव भी हो जाता मेरे हक़ में मगर मेरी तहरीर से हर चाल उलट जाती है। ज़ीस्त के तौर तरीक़ों की ख़बर होने तक इक पसोपेश में ये उम्र ही कट जाती है। राहे उल्फ़त में ज़रूरी है संभल कर चलना बेख़बर पाँव से तन्हाई लिपट जाती है। बाद बारिश के भी हालात कहाँ संभलेंगे धूप भी अपने कई हिस्सों में बट जाती है। हद में रहकर ज़रा देखा करो ख़्वाबों को सुमन लज़्ज़ते इश्क़ मुलाक़ात से घट जाती है। - **चित्रा भारद्वाज 'सुमन'**

मुद्दा हमेशा ज्वलंत होना चाहिए

मुद्दा हमेशा ज्वलंत होना चाहिए। समस्याओं का अंत होना चाहिए। आजकल समय की मारामारी है काम सबकुछ तुरंत होना चाहिए। दूल्हा गोरा या काला सब चलेगा। उसको बस सुखवंत होना चाहिए। प्रजातंत्र की मजबूती के लिए पहले निष्पक्ष उदंत होना चाहिए। रिश्ते बेमौत नहीं मरेंगे कभी। बस भरोसा अनंत होना चाहिए। संस्कृतनिष्ठ शब्दों को इज्जत दें उन शब्दों में हलंत होना चाहिए। आप भी समंदर लांघ सकते हो पास एक जामवंत होना चाहिए। इतिहास में अमर होना है अगर प्रयास जीवनपर्यंत होना चाहिए। शब्दों से पुष्पगंध मुमकिन है लेखनी में वसंत होना चाहिए। सत्ता हमेशा कदम चूमेगी 'वंदन' किस्मत को हेमंत होना चाहिए ।। - **मनीष सिंह ÷वंदन÷**

आँख जिनकी ख़राब होती है, उनकी

आँख जिनकी ख़राब होती है, उनकी दुनिया सराब होती है। तेरी यादों से जब उलझती हूँ, मेरी धड़कन गुलाब होती है। तेरा जो नाम आस्तीन में हो, तो हया लाजवाब होती है। दिल की दीवार जब गिरी चुप से, शोर तक बेहिजाब होती है। आह कोई क़लम में उतरे जब, तब सदा इक किताब होती है। - **रूबी झा 'कमल'**

घावों को भरने के लिये या तो आप

घावों को भरने के लिये या तो आप स्वयं उस पर मरहम लगाते हैं या तो उसका उपचार करवाते हैं.. यदि आप इन दोनों मे से कुछ भी नही करते तो ऐसा नही है की वो घाव भरता नही भरता है पर समय अधिक लगता है.. और जब तक यह नही भरता.. समय समय पर आपको इसका दर्द होता रहता है... **-सुश्री भागीरथी सिंह**

अहंकार सम्मान को, पल में लेता

अहंकार सम्मान को , पल में लेता लूट। अहं जहाँ भी दिख गया,देर न कर, दे कूट॥ देर न कर , दे कूट ,बाद पछताना होगा। मात- पिता,कुल-वंश,डुबोकर जाना होगा॥ कहे अमित कविराय,अरे मूरख! तू सुन ले। अहंकार को छोड़,सुखद जीवन को चुन ले॥ - **अमित शिवकुमार दुबे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन पिछले कल से थोड़ा बेहतर रहेगा परन्तु बीच-बीच में वातावरण ख़राब होने से क्रोध आएगा।

वृषः आज के दिन आप बे फ़िज़ूल की बातों पर मानसिक तनाव अनुभव करेंगे। घरेलु वातावरण पहले ही अशान्त रहेगा बाहर भी किसी से धन या अन्य विषयों को लेकर बहस हो सकती है।

मिथुनः आज का दिन मिला-जुला फल देने वाला रहेगा। आर्थिक रूप से मध्यान तक का समय ठीक रहेगा इसके बाद धन लाभ की अपेक्षा खर्च अधिक रहेंगे।

कर्कः आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। कुछ विशेष कार्य नहीं रहने दिन भर आलस्य करेंगे। सेहत भी थोड़ी प्रतिकूल रहेगी पिंडली में अकड़न अथवा शरीर में निष्क्रियता रहने की सम्भवना है।

सिंहः आज आप महत्त्वपूर्ण कार्यो को भी दरकीनार करके मौज-शौक में दिन व्यतीत करना अधिक पसंद करेंगे उसी के अनुसार दिनचर्या को बदल लेंगे।

कन्याः आज आपको अपने किसी गलत निर्णय या किसी अन्य के गलत मार्गदर्शन के कारण थोड़ा कष्ट का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार अथवा सामाजिक क्षेत्र में धोखा होने की अधिक संभावना है सतर्क रहें।

तुलाः आज का दिन बेहतर रहने वाला है परंतु विदेश सम्बंधित कार्यो में व्यवधान आने अथवा विदेश स्थित जातको को आकस्मिक कष्ट देखना पड़ेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिक ध्यान ना देने पर भी आशा से अधिक लाभ होगा।

वृश्चिकः आज का दिन भी आपके लिए अनुकूल रहेगा। किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए थोड़ा इन्तजार करना पड़ सकता है परंतु मध्यान के आस-पास इसके पूर्ण होने से खुशी मिलेगी।

धनुः आज का दिन आप सुख शांति से बितायेंगे। सेहत भी सामान्य बनी रहेगी। घर में मांगलिक कार्य के कारण अथवा अन्य घरेलु कार्यो में अधिक व्यस्त रहेंगे।

मकरः आज के दिन परिवार में अप्रिय घटना घटित होने से दुख के प्रसंग बनेंगे। प्रातः काल का समय आलस्य में बीतेगा। किसी आस-पडोसी से वर्चस्व को लेकर टकराव की स्थिति भी बनेगी। वाणी एवं व्यवहार से किसी का अहित ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।

कुंभः आज का दिन आपकी आशाओं पर खरा उतरेगा। घर एवं बाहर अनुकूल वातावरण मिलने से मनचाहा कार्य करने में सुविधा रहेगी। धार्मिक गतिविधियों में जाने से मानसिक शांति मिलेगी।

मीनः आज के दिन आपकी दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी काम के समय भी दिमाग मे विपरीत विचार लगे रहेंगे जिसके परिणामस्वरूप आज के दिन से कुछ ना कुछ कमी रहेगी।

QUIZ TIME

1) हाल ही में किस राज्य ने उस्ताद अलाउद्दीन खान महोत्सव का आयोजन किया?

2) ऐसा युद्ध जिसमें साइबर और मनोवैज्ञानिक तरीकों जैसे गैर-पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

3) सॉल्ट टाइफून क्या है?

4) हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में किन शब्दों को शामिल करने को सही ठहराया?

5) हाल ही में खबरों में देखा गया बेगोनिया नेइस्टी क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) मध्य प्रदेश (2) कॉग्निटिव युद्ध (3) एक हैकिंग समूह (4) समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष (5) पूर्वी घाट के पौधों की एक नई प्रजाति

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -122

चिंगरापगार जलप्रपात और भूतेश्वरनाथ पहुंचे विधायक रोहित साहू

■ पर्यटन व धार्मिक स्थल के विकास को लेकर दोहराई प्रतिबद्धता

गरियाबंद / नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शनिवार को गरियाबंद के समीप स्थित प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ महादेव पहुँचे तथा प्रसाशन की टीम को भूतेश्वर नाथ प्रांगण में सुविधाओं के विस्तार के लिए निर्देशित किया एवं मंदिर में दर्शन करने पहुँचे श्रद्धालुओं से भी मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। इसके बाद वे वन अमले के साथ ग्राम बारुका के निकट स्थित चिंगरापगार जलप्रपात पहुँचे। उन्होंने इसकी खूबसूरती को निहारा और वन विभाग के अधिकारियों से इस पर्यटन स्थल में आवश्यक संसाधनों के विकास व अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा कर निर्देश प्रदान किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारे गरियाबंद जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, इन संभावनाओं को तरास कर इनके समुचित विकास हेतु हम प्रतिबद्ध हैं। भगवान भूतेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए पूरे प्रदेश के लोग पहुंचते हैं उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है इसी प्रकार चिंगरापगार जलप्रापत में भी जिले सहित पूरे प्रदेश के अन्य जिलों से भी पर्यटक यहाँ आते हैं जिन्हे कोई समस्या न हो तथा इसके सौंदर्य का आनंद पर्यटक ले सकें इसके लिए भी उन्होंने सभी आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही विधायक रोहित साहू ने पर्यटकों से भी आग्रह है कि इस सुंदर प्राकृतिक स्थान का भरपूर आनंद लें किंतु पूरी सावधानी भी बरतें। विदित हो भूतेश्वर नाथ महादेव सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग माना जाता है जहाँ दूर दूर के दर्शनार्थियों का सावन महीने भर मेला लगा रहता है। यह प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ महादेव जिले की पहचान बन चुकी है। इसके साथ ही चिंगरापगार जलप्रपात एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। यह जलप्रपात घने जंगलों से घिरा हुआ है, जो इसकी सुंदरता को और भी बढ़ाता है। यह जलप्रपात पिछले कुछ वर्षों में सैलानियों के बीच काफ़ी लोकप्रिय हुआ है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बना दिया है। चिंगरापगार की सुंदरता न केवल इसके जलप्रपात में है, बल्कि इसके आसपास के क्षेत्र में भी फैली हुई है। यहाँ के घने जंगल, हरे-भरे मैदान और शांत वातावरण इसे एक आदर्श स्थल बनाते हैं। जहाँ लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ आराम कर सकते हैं ।

न्यूज गैलरी

बेलरगांव से तीन सौ कवंरिया निकले भरवन उडीसा और भूतेश्वर गरियाबंद के लिए

नगरी / नवप्रदेश। बोल बम कवंरिया सेवा समिति बेलरगाँव के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष से भी बोल बम कवंर यात्रा बेलरगांव से दिनांक 26-7-2024दिन शनिवार को निकालकर सिहावा कणेश्वर धाम मे रात्रि विश्राम कर दिन रविवार को प्रात 5 बजे स्नान कर मंदिर दर्शन के पश्चात कणेश्वर धाम स्थित महानदी से जल उठाकर पंडित के द्वारा विधि विधान पूजा अर्चना कर कांवड़ पैदल यात्रा शिव मंदिर भरवन उडीसा व भुतेश्वर गरियाबंद के लिए प्रस्थान करेंगे। जो सोमवार को पहुंचकर भगवान भोलेनाथ में जल चढ़ाएंगे वही कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगाँव द्वारा ग्राम बेलरगाँव के बस स्टैंड मे भगवान भोले नाथ के चित्र छाया के पूजा कर बोल बम कवंरिया सेवा समिति को गुलाल बंदन लगाकर भरवन व भुतेश्वर के लिए विदाई की ।जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पटेल अमर सिंह पटेल, लिलम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगाँव ,चुन्नू लाल साहू उपाध्यक्ष कृषि में ग्राम विकास समिति,उमेश कुमार देवागन, सुरेश कोर्राम,भानू राम साहू, उमेश साहू, यतेंद्र साहू, डिलेश देवागन, गोपाल देवागन,खेमनलाल प्रजापति, कमल निर्मलकर,मोहित साहू, लोमन साहू, नारद साहू ,मोहित निषाद, उमेद मरकाम, सोनु देवागन, राज साहू कुशल कोर्राम ईश्वर देवांगन मनराखन कोर्राम केसर यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में अवैध शराब के साथ 02 शराब कोचिया गिरफ्तार

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अटल नगर एव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय अटल नगर के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल गोबरा नवापारा के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण रूपेण अंकुश लगाने हेतु एवं अवैध शराब बिक्री संचालित करने वालो पर लगाम लगाने कि नियत से छांटा मोड चौक नवापारा के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा एक सफेद रंग के चुमड़ी के थैला में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु ले जाने साधन का इंतजार कर रहे थे। सूचना मिलने पर रेड कार्यवाही के दौरान अवैध शराब बिक्री संचालित करते दो व्यक्तियों को पकड़ा गया, पूछताछ में अपना नाम कुलदीप खंडेलवाल एवं योगेंद्र निर्मलकर निवासी ग्राम तामासिवनी का होना बताया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 पौवा (7.2 लीटर) यूनिक मदिरा मसाला शराब सील बंद कीमती 4000 / रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गोबरा नवापारा में अपराध क्रमांक 289/25 धारा- 34 (2) आबकारी एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर रिमाण्ड पर रायपुर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी-कुलदीप खंडेलवाल पिता अमर दास खंडेलवाल उम्र 24 साल, योगेंद्र निर्मलकर पिता आनंद राम निर्मलकर उम्र 35 साल साकिनान- तामासिवनी थाना आरंग जिला रायपुर

कबड्डी स्पर्धा में भोथली अव्वल

नगरी/ नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव के हर्रापारा में हरेली त्योहार के उपलक्ष्य में मनोरंजन के लिए 20 वर्षीय लड़कों का दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रथम स्थान कबड्डी दल भोथली, द्वितीय स्थान कबड्डी दल छुरा, तृतीय स्थान तरसींवा, चतुर्थ स्थान गरियाबंद ने बाजी मारी। इस कबड्डी स्पर्धा में पुरुस्कार क्रमशः 5025, 3025, 2025, 1025 रखा गया था।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का संभाग स्तरीय सम्मेलन

सरायपाली में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब

सरायपाली/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का संभाग स्तरीय भव्य सम्मेलन रविवार को सरायपाली के मंडी प्रांगण में अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन संगठनात्मक दृष्टि से ऐतिहासिक रहा, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ मंत्री, भाजपा के शीर्षस्थ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के मंच पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग समाज के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से रखा और आने वाले समय में समाज को और सशक्त करने की दिशा में पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना है। उन्होंने संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए पूरी ऊर्जा से जुटने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश की राजनीति में पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका निभा रहा है, और यह भाजपा की समावेशी सोच का परिणाम है। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, आरक्षण और सामाजिक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के हर कोने में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं पहुँची हैं, जिससे पिछड़ा वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि भाजपा सिर्फ नारों की नहीं, धरातल पर काम करने वाली पार्टी है। पिछड़ा वर्ग के लिए छात्रवृत्ति, स्वरोजगार योजनाएं, आरक्षण, कौशल विकास प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में पिछड़ा वर्ग के लिए और भी सशक्त योजनाएं लाई जाएंगी।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लागू की गई योजनाओं का सीधा लाभ समाज के युवाओं, किसानों और व्यापारियों को मिला है। भाजपा सरकार सामाजिक समरसता और आर्थिक मजबूती की दिशा में प्रतिबद्ध है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि, कांग्रेस ने 57 वर्षों तक देश पर राज किया, लेकिन पिछड़ा वर्ग की जनगणना कराने की कभी पहल नहीं की। कांग्रेस नेताओं ने जानबूझकर ओबीसी वर्ग को हाशिये पर रखा और उनके हक से वंचित किया। राहुल गांधी के परनाना, नानी, पिता और यूपीए की अध्यक्ष रही उनकी मां ने भी इस वर्ग के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया। आज जब कांग्रेस की राजनीतिक जमीन खिसक रही है, तो पिछड़ा वर्ग याद रही है।

मन की बात के 124 वें संस्करण का श्रवण किया गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेल, विज्ञान और संस्कृति को बताया

नगरी / नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 4 में गोविंद साहू जी के निवास में मन की बात का कार्यक्रम को देखा गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की नई उपलब्धियों, खेल नीति और सांस्कृतिक जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भारत सिर्फ विकास की बात नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो भारत नीति 2025' की घोषणा करते हुए कहा कि अब गांव, गरीब और बेटियों को खेलों में प्राथमिकता दी जाएगी।

इस नीति के तहत स्कूल-कॉलेज में खेलों को अनिवार्य किया जाएगा और स्थानीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।मोदी ने हाल ही में अंतरिक्ष में भारत की सफलता का ज़िक्र करते हुए कहा कि ÷भारत अब अंतरिक्ष में भी आत्मनिर्भर हो चुका है।÷ उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल वापसी को विज्ञान और नवाचार की जीत बताया।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा पार्षद चेलेश्वरी साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम एवं वार्ड वासी उपस्थित थे

कुरुद ब्लाक कांग्रेस ने सेक्टर, जोन पुनर्गठन के लिए लिया बैठक, प्रभारी युगल पांडे ने दिया दिशा निर्देश

कुरुद/ नवप्रदेश। स्थानीय कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने कुरुद ब्लाक कमेटी द्वारा सेक्टर,जोन मंडल में पुनर्गठन करने बैठक आयोजित किया गया। जिसमें ब्लाक प्रभारी युगल पांडे ने आवश्यक दिशा निर्देश करते हुए कहा कि जोन मंडल, सेक्टर में निष्ठा वान ,सक्रीय को स्थान देते हुए वरिष्ठ,महिला, युवा के साथ सभी को समायोजित करते हुए नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,पिछ्ला वर्ग सहित सभी धर्म व जातियों को महत्व देते हुए मजबूत कार्यकारिणी बनना है। बैठक को पूर्व विधायक लेखराम साहू, सुश्री राजकुमारी दीवान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्मठ कार्यकर्ताओ के बदौलत ही हम मजबूत स्थिति में है। आज हम अपने निष्ठावान कार्यकर्ता की बदौलत ही केन्द्र व राज्य सरकार की हर गलत नितियों का मजबूती से विरोध कर पा रहे हैं, पार्टी में अध्ययन व अनुशासन अनुरूप अवसर वादियों को बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ चुका है। ब्लाक मे अन्य जोन मंडल में बैठक के लिए समय सारिणी तैयार किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा व आभार जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री प्रमोद साहू ने किया।

राधाकृष्ण मंदिर में आज होगा सहस्त्र जलधारा से भोलेनाथ का अभिषेक

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश।। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के पास स्थित सेठ भागीरथ चतुर्भुज अग्रवाल द्वारा निर्मित राधाकृष्ण मंदिर जिसमे बहुत ही मनमोहक राधाकृष्ण, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा मैया, शिव परिवार, दुर्गा मैया, हनुमान एवम अग्रसेन भगवान का मंदिर है। इसके सर्वराकार मोहन लाल अग्रवाल ने बताया कि यहां पर प्रतिवर्ष सावन माह के तीसरे सोमवार को सहस्त्र जलधारा से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाता है। जिसके लिए महानदी से मानव श्रृंखला बनाकर भगवान शंकर तक बाल्टी के माध्यम से जल पहुंचाकर अभिषेक किया जाता है। उक्त आयोजन में हजारों भक्त नवापारा नगर के अलावा आसपास के अंचल से भी लोग पुण्य लाभ लेने पहुंचते हैं। महानदी मैया के जिस तट से जल लिया जावेगा उस के लिए घाट बनाने की तैयारी में विधायक इंद्रकुमार साहू, भूतपूर्व विधायक धनेंद्र साहू, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, गोपाल गिरधारी अग्रवाल, देवराज सांखला, राजू काबरा, बजरंग अग्रवाल, विजय गोयल, राजू सुंदरानी, भागचंद बंगानी, भूपेंद्र सोनी, कमलेश जैन, गोविंद मोहन, मनमोहन अग्रवाल, ललित पांडे, भूषण, संजय रूपेश, उदेराम, अंकित, हरिशंकर साहू, केशव, डोमन, दीपक शर्मा, कमल निषाद, नयन, रवि, प्रतीक, गोलू, हर्ष, साकेत, अभिषेक, ऐश्वर्य अग्रवाल, मनीषा गोयल आदि शिवभक्त लगे हुए हैं। साथ ही दद्दा शिष्य मंडल के द्वारा प्रत्येक सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जाता है। आज सुबह 8 बजे से 10 बजे तक ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण होगा जिसका पूजन पंडित देवेंद्र दुबे 5 ब्राम्हणों के साथ करावेंगे।

सुबह 10 बजे से सहस्त्र जलधारा का आयोजन प्रारम्भ होगा। अभिषेक में भूपेंद्र मीनाक्षी मिश्रा रायपुर एवम आकाश शिवांगी अग्रवाल महासमुंद वाले यजमान बनकर बैठेंगे। सहस्त्र जलधारा अभिषेक पंडित संतोष मिश्रा तरी वाले करावेंगे। कुछ भक्त तो महानदी मैया से जल लेकर दंडवत करते हुवे भोले बाबा के पास पहुंचकर जल अभिषेक करते है।

इसी दौरान भाव भक्ति से अभिभूत होकर बोल बम वाले भाई बहनों के लिए चाय, गन्ना रस, छाछ का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है।

नगर में इस आयोजन को लेकर उत्साह का संचार है, साथ ही राधाकृष्ण मंदिर को नवम्बर में 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे उसकी खुशी में पूरे मंदिर को रंग रोगन से सजाया जा रहा है। जिसमे 3 दिवसीय विशाल महा आयोजन होगा, जिसमे बड़े बड़े कलाकार आकर प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर नगर भोज का आयोजन एवम विविध धार्मिक आयोजन होंगे। इस मंदिर में वर्ष भर विविध धार्मिक आयोजन भव्य रूप से मनाया जाता है। राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट ने सभी भक्तों से सहस्त्र जलधारा में भाग लेने की अपील की है।

कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक : निखिलकांत

कांवड़ियों की सेवा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/ नवप्रदेश। पवित्र श्रावण माह के तीसरे शनिवार को बम्हनी से हजारों कांवड़िया भगवान शिव के जलाभिषेक करने सिरपुर रवाना हुए। इस बीच जगह जगह शिव भक्तों व सेवा भावी संगठनों द्वारा कांवड़ियों की सेवा में स्वल्पाहार, भंडारा प्रसादी का आयोजन व संगीत मय भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बम्हनी से सिरपुर तक महासमुंद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सेवा कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों को स्वल्पाहार प्रदान कर उनकी सेवा की। आयोजन स्थलो पर भक्ति भजनों और शिव मंत्रों की गूंज के बीच कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने भगवान शंकर की जयकारे लगाते हुए कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना और भक्ति का विशेष समय है। कांवड़ियों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है। यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता को भी दर्शाता है।

वीरेंद्र बैस पून: बने राजस्व पटवारी संघ के प्रदेश

पटवारियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा

कुरुद/ नवप्रदेश। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने अपने आगामी तीन साल के नये कार्यकाल के बेहतर संचालन के लिए अपनी कार्यकारिणी का गठन किया, आज दिनांक 27 जुलाई को मनेन्द्रगढ़ में हुई सत्र की प्रथम प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से वीरेंद्र कुमार बैस को प्रांतीय प्रवक्ता घोषित किया है,बीते तीन वर्ष में राजस्व विभग की व्यवस्था सहित पटवारियों की समस्याओं को साथ ही मैदान में जनता की समस्याओं को विभागीय मंत्री और मुख्य सचिव तक प्रखरता से रखने में पीछे नहीं हटे, राजस्व विभाग के प्रचालन और नियम के बीच बेहतरीन विचार रखकर उसके स्थाई समाधान का प्रयास करते रहे हैं, सोशल मीडिया में राजस्व विभाग व शासन की योजनाओं का सतत प्रचार प्रसार करते हुए अपने पटवारी साथियों की समस्याओं को मजबूती के साथ रखते रहे हैं, बैठकों और आंदोलनों में अपनी प्रखर वकतृत्वकला एवं ओजवाणी से सबको प्रभावित करते हुए उच्च स्तरीय विचार को उचित मंच पर रखने की सामर्थ्यता रखने वाले पटवारी वीरेंन्द्र बैस को पुनः प्रदेश प्रवक्ता बनाकर प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने अपनी टीम को और मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोडी है, पुनः प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर वीरेंन्द्र बैस ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आगामी समय में अपने पटवारी साथियों के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करना उनका मकसद होगा साथ ही राजस्व विभाग की मैदानी दिक्क़तों को शासन प्रशासन के सर्वोच्च पदाधिकारों तक बेहतर एवं प्रभावी ढंग से रखने की पूरी कोशिश होगी,, जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के साथ साथ पटवारियों की नियमित पदोन्नति, संसाधन भत्ता सहित सभी लंबित मांगों के लिए उच्चस्थ अधिकारियों व सरकार तक बात पहुँचाना मुख्य मकसद होगा...

वीरेंन्द्र बैस के पुनः प्रांतीय प्रवक्ता बनने पर उनके संघ के साथियों जीवराख़ कश्यप, योगेंद्र कलमकार, पालसिंग ध्रुव, विकास साहू, सौरभ साहू, लक्ष्मण नरेटी, हरीश ध्रुव, हेमंत चंद्राकर, देवेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, रजनी अनेश्वरी, अंजलि मत्स्यपाल, रेवती साहू, तारिणी, त्रिवेणी, नीलम साहू, खोवाराम साहू, लालजी ध्रुव सहित कुरुद अनुभाग के पटवारियों ने बधाई प्रेषित की है.

टेंगना में हरेली पर्व पर्यावरण संरक्षण संदेश व वृक्षारोपण कर मनाया

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला, टेंगना में हरेली पर्व पर्यावरण संरक्षण संदेश व वृक्षारोपण कर मनाया गया । कक्षा चौथी के विद्यार्थी गोपेश कश्यप ने अपने जन्मदिन को यादगार बनातें हुए नारियल पेड़ का वृक्षारोपण कर उनके परिवार के द्वारा शाला परिवार को न्यौता भोजन भी प्रदान किया गया एवं गेड़ी चढ़कर सभी बच्चे हरेली पर्व मनाए । शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया नवाचार के साथ ही संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति हमारे उच्च मूल्यों के धरोहरों के प्रति हमारी नई पीढ़ी को जागृत करने एवं उनसे जुड़े रखने में सहायक है।

■ न्यूज गैलरी

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा सेंटर का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर अपर कलेक्टर सी एल मार्कण्डेय ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिले में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 34 सेंटर बनाए गए थे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, एसडीओपी दिलीप कुमार सिसोदिया उपस्थित रहे।

ढाबा से निकलेगी महाकाल की भव्य पालकी यात्रा आज

राजनांदगांव। भगवान शिव को समर्पित सावन के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को शहर के ढाबा वार्ड से महाकाल की पालकी यात्रा निकलेगी। आसपास के वार्डों से होते हुए गौरी नगर पहुंचेगी। महाकाल भक्त नीलू शर्मा और पवन डागा ने बताया कि पालकी यात्रा की शुरुआत पुराना ढाबा से होगी। फूलों की वर्षा और शंखनाद से माहौल पावन होगा। इसके बाद यात्रा शांति नगर, शिव नगर, चिखली, स्टेशन पारा, दुर्गा मंदिर से होते हुए यात्रा गौरी नगर पहुंचेगी। अंत में आशीर्वाद की बरसात के साथ पालकी शीतला मंदिर पहुंचेगी। चारों ओर शंख की ध्वनि गूंजेगी और फूलों की बारिश होगी

गुरूर और सिवनी में किया 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण

बालोद। छग गृह निर्माण मण्डल अधिकारी-कर्मचारियों ने अटल विहार गुरूर और सिवनी में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के निर्माणाधीन अटल विहार गुरूर और अटल विहार सिवनी में बड़ी संख्या में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इन स्थलों पर कार्यपालन अभियंता एमके नरेटी, सहायक अभियंता आरएस छाबड़ा, बीके साहू, विनोद राठौर, नोमेश किशन, शुभम गुप्ता, वसीर अहमद सहित अटल विहार में रहने वाले लोगों ने पौधे रोपित किए।

करहीभदर बाजार से तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के कत्लखाने में मवेशियों की तस्करी, 6 साल से सक्रिय गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

बालोद/नवप्रदेश। हाल ही में नारायणपुर पुलिस द्वारा एक अंतरराज्यीय गौ तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया गया, जो 6 सालों से गौ तस्करी में सक्रिय था। इस गिरोह के लोग बालोद जिले के करहीभदर के बाजार से मवेशी ले जाते थे। बाजार की आड़ में मवेशियों की तस्करी की चर्चा अक्सर होती रही है। लेकिन इसके पक्के सबूत नहीं मिल रहे थे। नारायणपुर पुलिस की कार्रवाई में 25 गौवंश को कत्लखाने ले जाने से बचाया और चार तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे करहीभदर बाजार से औने पौने दाम में मवेशियों को

खरीद कर लाते थे और गिरोह के सदस्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कत्लखानों में ले जाकर मवेशियों को बेचते थे। नारायणपुर पुलिस की इस कार्रवाई से बालोद जिला एक बार फिर गौ तस्करी के कारण चर्चा में आ गया है। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों के पास मवेशियों की खरीदी बिक्री, परिवहन व व्यापार करने का वैध दस्तावेज नहीं है। छुड़ाए गए 25 पशुओं की कीमत 1,25,000 रुपए बताई गई है। पकड़े गए सभी गौ-तस्कर दंतेवाड़ा जिला के ग्राम कलेपार मोलसनार थाना कुआंकोंडा और एक श्यामगिरी थाना कुआंकोंडा के निवासी हैं। करहीभदर बाजार में वर्षों से हर रविवार को सुबह से मवेशी बाजार लगता है। सोमवार की सुबह तक मवेशी यहां से हटा दिए जाते हैं। बाजार के आड़ में कमजोर मवेशियों को भी कत्ल खाने पहुंचाने के लिए लाया जाता है। औने पौने दाम में तस्कर किसानों और कोचियों से खरीदते हैं और उन्हें कत्लखाने ले जाकर बेच देते हैं। हाल ही में डौंडी नगर पंचायत में भी 350 मवेशियों के गौठान से गायब होने पर भी तस्करी की आशंका जताई गई है।

लगातार मिल रही है तस्करी से जुड़ी शिकायतें

नगर पंचायत डौंडी के गौठान से 350 गौ वंश तस्करी का मामला सामने आने के बाद जिले के दैहान जंगल पर सैकड़ों गौवंश को रात के समय तस्करी करते पुलिस व ग्रामीणों ने पकड़ा था। तस्कर मौके से बाईक छोड़कर फरार हो गए थे। सामाजिक कार्यकर्ता गोरेलाल सोनी सहित अन्य संगठन के लोगों ने थाने में शिकायत कर जांच की मांग की है। इसमें एक कोचिए को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच शुरू हो चुकी है और मामले में कोचिया परदेशी राम बांदे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

बालोद जिले में तस्करी का बड़ा रैकेट सक्रिय

सामाजिक कार्यकर्ता गोरेलाल सोनी ने कहा कि बालोद जिले में गौ तस्करी का बड़ा रैकेट लंबे समय से सक्रिय है। गौ वध के लिये तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र नागपुर, यवतमाल जैसे प्रमुख स्थानों के कत्लखाना तक कोचियों के माध्यम से मवेशी पहुंचाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में गौवंश वध कर मांस बिक्री बालोद जिला के आदिवासी ब्लाक डौंडी के अंतिम सीमा के आगे साल्हे ग्राम से महज चार किमी दूर एक ग्राम में लंबे समय से हो रही है। डौंडी ब्लाक में बस्तर के मुरिया कोचिया आकर गौवंश खरीद कर बस्तर क्षेत्र में ले जाकर वध करने के बाद मांस विक्रय करते है। मवेशी खरीदी बिक्री के लिए छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में बैल बाजार खुले हुए हैं।

आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा से वंचित बिफरे परीक्षार्थियों ने कलेक्टर बंगला घेरा

गहरे रंग के कपड़े पहनकर आए लोगों को लौटाया, परीक्षार्थियों ने ज्ञापन देकर परीक्षा स्थगित करने की मांग की

खैरागढ़/नवप्रदेश। रविवार को व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में ड्रेस कोड सहित अन्य नियमों का पालन न करने का हवाला देकर परीक्षा केन्द्रों से निकाले गए परीक्षार्थियों ने कलेक्टर बंगले का घेराव कर दिया। रविवार को शहर के दस केन्द्रों में व्यापमं द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा केन्द्रों मे आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए कई नए नियम बनाए गए थे। इन नियमों के कारण कई परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित कर दिये गए।

परीक्षा केन्द्रों मे हल्के रंग के कपड़े, साड़ी, पूरी आस्तीन की शर्ट, बेल्ट, चाबी, पर्स सहित कई प्रतिबंध लगाए गए थे। कई परीक्षार्थी गहरे रंग के कपड़े पहन कर आए थे। महिला परीक्षार्थी साड़ी, सलवार सूट में केन्द्रों

में पहुँची। उन्हें मुख्य द्वार से ही वापस कर दिया गया। समय पर न पहुँचने पर कई परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित कर दिये गए। इसे लेकर परीक्षार्थियों का गुस्सा फूट पड़ा।

रश्मिदेवी महाविद्यालय, विवेकानंद पब्लिक स्कूल, शिशु मंदिर, कन्या शाला सहित अन्य केन्द्रों मे परीक्षा से वंचित परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के बाद इकट्ठे होकर सिविल लाइन स्थित कलेक्टर बंगले के सामने पहुँच गए और नारेबाजी करने लगे। उन्होंने परीक्षा स्थगित करने, वंचित परीक्षार्थियों को दोबारा मौका देने की मांग की। इसका पता चलने पर एसडीएम टंकेश्वर साहू, डिप्टी कलेक्टर और परीक्षा की नोडल अधिकारी रेणुका रात्रे सहित थाना प्रभारी अनिल शर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। सैकड़ों परीक्षार्थियों ने परीक्षा से वंचित किए जाने पर नाराजगी जताई।

कपड़े चेंज करने में देर हुई तो प्रवेश नहीं दिया

परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर गहरे रंग के कपड़ों पर प्रतिबंध की जानकारी मिलने के बाद कई छात्र शर्ट उतार कर बनियान में ही परीक्षा देने घुस गए। कई छात्र आनन फानन में बाजार से सफेद शर्ट लेकर परीक्षा दिलाने पहुँचे, लेकिन निर्धारित समय साढ़े दस बजे से अधिक समय होने के कारण उन्हे परीक्षा से वंचित कर दिया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि नियमों में लाइट रंग की शर्ट की जानकारी दी गई थी। कई परीक्षार्थियों को लाइट कलर के कपड़ों के बाद भी केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया गया। एसडीएम टंकेश्वर साहू की समझाईश के बाद परीक्षार्थियों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर परीक्षा रद्द करने की मांग की।

गरीबों के धंधे पर चल रहा भाजपा का बुलडोजर : नीरज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा है कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव किया जा रहा है। अभियान को गरीबों पर अत्याचार निरूपित करते हुए कन्नौजे ने कहा कि बरसात में चिड़ियों का घोसला तक नहीं उजड़ा जाता, चीटियों के बिल तक बंद नहीं किए जाते। भाजपा की सरकार नगर निगम के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीबों के धंधे पर बुलडोजर चला रही है। कन्नौजे ने आगे कहा कि इस पाप की सजा भाजपा को ले डूबेगी। भाजपा सरकार की इस दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही से गरीबों को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

इसके लिये नगर निगम प्रशासन ही नहीं, पूरी भाजपा सरकार जिम्मेदार है। गरीबों के धंधे उजाड़ने के बाद नगर निगम ने उन्हें व्यवस्थापन नहीं दिया। उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ गरीबों को मानसिक आघात भी लगा है। बहुत से परिवार धंधा उजड़ने से सदमे में जी रहे हैं कि आगे क्या करेंगे और घर का खर्च कैसे चलेगा। कई दुकानदारों के सामान खराब हो रहे हैं। कमजोरों को सताना और अत्याचार करना भाजपा की फितरत में है। पूर्व में भी निगम और राज्य में भाजपा की सरकार ने सैकड़ों गरीबों के मकान व दुकान तोड़कर जीवन भर के लिए आघात दिया था। धन्ना सेठों के अतिक्रमण पर बाल बांका भी नहीं हो रहा है।

निरीक्षण : मिली स्कूल में खामियां, प्राचार्य को हटाने के निर्देश

■ **अनुपस्थित शिक्षिका को नोटिस जारी**

खैरागढ़/नवप्रदेश। अधिकारियों द्वारा स्कूल के निरीक्षण के दौरान दिए गए दिशानिर्देशों का पालन न करने पर बाजार अतरिया हाईस्कूल के प्राचार्य को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को सुबह जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी बाजार अतरिया हाईस्कूल का निरीक्षण करने पहुँचे थे। निरीक्षण के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राएं स्कूल प्रांगण में घूमते पाए गए। कारण पूछने पर प्राचार्य द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इससे पहले भी कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान बाजार अतरिया हाईस्कूल में कई खामियां मिली थी, जिसमें प्राचार्य द्वारा गुणवत्तापूर्व मानिटरिंग न करने व अन्य शिकायतों पर सुधार के निर्देश दिए गए थे। व्यवस्था में सुधार न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने प्राचार्य को हटाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान शाउमाशा चंदैनी पहुँचे जिला शिक्षा अधिकारी द्विवेदी को एक शिक्षिका अनुपस्थित मिली। उसे कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। द्विवेदी ने वहाँ मौजूद शिक्षकों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी के प्राथमिक शाला में डीईओ द्विवेदी ने उपस्थित छात्रों से सवाल करते हुए शिक्षा गुणवत्ता परखी। प्रधानपाठक चंदेल द्वारा 4 संध्याकालीन कक्षाओं का संचालन होने की जानकारी देने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्विवेदी ने सोनपुरी में अतिशीघ्र लाइब्रेरी का संचालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीआरसी सुजीत चौहान मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जिले के सभी ब्लैक स्पाट सुधारें

■ **सांसद पांडेय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सांसद संतोष पाण्डेय ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के संबंध में जनजागरूकता लाने कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पिछले वर्ष की तुलना में अधिक सड़क दुर्घटना होने पर चिंता व्यक्त

की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी ब्लैक स्पाट में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट की जानकारी और वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने प्रत्येक चौक-चौराहों पर संकेत बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। शराब पीकर और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों में यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ जागरूक करने की आवश्यकता है। स्वच्छता का पालन करने के लिए भी छात्रों को जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि नशे से होने वाले शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक नुकसान के बारे में बताएं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाकर जनजागरूकता लाई जा रही है। उन्होंने पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। तेज गति से वाहन चलाने और सड़क नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। बैठक में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, नगर पालिक निगम, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, पीएमजेएसवाई, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर किए जा रहे कार्रवाई की विस्तार से विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक हर्षिता बघेल, डीएफओ आयुष जैन, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा मौजूद थे।

अनूठा उपहार ... समाज सेवी नाड़ी वैद्य बिरेंद्र देशमुख ने दिया 51 हजार रुपए का दान

माता-पिता के देहांत के बाद अनाथ बेटी को गुरुदेव ने दिया सहारा

बालोद/नवप्रदेश। भेड़ी सुरेगांव के नाड़ी वैद्य और समाजसेवी गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने एक बार फिर दानशीलता का अनूठा परिचय दिया है। अनाथ हुई निर्धन बेटी से 2 दिन पहले किया हुआ वादा उन्होंने निभाया है। 25 जुलाई को गुरुर ब्लॉक के ग्राम पोड़ में आयोजित शौचालय स्वच्छता और हेलमेट जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आर्थिक मदद का आवेदन लेकर चारवाही की बेटी गरिमा साहू पहुंची थी। उन्होंने गुरुदेव की दानशीलता के बारे में सुना था कि वे हर जरूरतमंद की मदद करते

हैं। खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मदद के लिए तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम के बाद बिटिया ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। गुरुदेव को पता चला कि 12 वीं में पढ़ रही छात्रा के माता-पिता का एक महीने के अंतराल में निधन हो चुका है। उन्होंने दुख जताते हुए अनाथ बिटिया को सहारा देने का आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा दीक्षा में मदद के लिए 51 हजार रुपए देंगे। रविवार 27 जुलाई को मां 64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन के सदस्यों के साथ भेड़ी सुरेगांव के कामधेनु मंदिर गुरुदेव के निवास स्थल पर गरिमा साहू को गुरुदेव ने 51 हजार रुपए नगद सहायता राशि दी। गरिमा ने बताया कि उनके पिता हेमंत साहू की मृत्यु सड़क हादसे में 24 फरवरी 2025 को हो गई थी। इससे ठीक 1 महीने पहले 24 जनवरी 2025 को उनकी माता होमेश्वरी भी अस्वस्थता के चलते चल बसी। पिता ने उनके इलाज में ही काफी रकम खर्च कर दी थी। गरिमा के माता पिता का निधन होने के कारण आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ा।

गरिमा ने बताया कि उनका एक भाई सूर्यकांत साहू है, जो 12वीं कक्षा में पढ़ रहा है। वह खुद भी 12वीं कक्षा की छात्रा है। वर्तमान में अपने बड़े पिता गोविंदराम साहू व बड़ी मां सुमन साहू के साथ दल्ली राजहरा में रह रही है। उन्हें गुरुदेव के बारे में रिटायर्ड फौजी कैप्टन जगमोहन साहू निवासी कोचवाही के जरिए पता चला। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने कहा कि मां 64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा साथ है।

पानी के तेज बहाव में नहाने कूदा युवक लापता

■ **एसडीआरएफ की टीम ने दिन भर चलाया अभियान**

खैरागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को शहर में आई बाढ़ के दौरान इतवारी बाजार इलाके में बाढ़ के पानी मे नहाने कूदा युवक तेज बहाव में बह गया। इतवारी बाजार में दोपहर बाद बाढ़ का रौद्र रूप सामने आया। शीतला मंदिर के बाद सबसे ज्यादा बहाव वाले क्षेत्र मे कई युवक जान जोखिम में डालकर नहाने कूदे थे। इस दौरान एक युवक के बाढ़ में बह जाने की जानकारी देर शाम तक हुई। तेज बहाव में बहे युवक की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। रात में बाढ़ का पानी उतरने के बाद युवक की खोज शुरू कर दी गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने देर रात को एसडीआरएफ को सूचना दे दी थी। रविवार को सुबह से एसडीआरएफ टीम के शहर पहुँचते ही युवक की खोज शुरू कर दी गई। बताया गया कि बाढ़ का पानी देखने आए कई लोगों ने युवकों को तेज बहाव में कूदने से मना किया था, लेकिन वे नहीं माने। अंबडेकर वार्ड निवासी 20 वर्षीय अमित यादव भी इन युवकों में शामिल था। काफी देर तक नहाने के बाद बाकी युवक

घर लौट गए, लेकिन अमित का पता नहीं चला। देर शाम तक उसके घर न आने पर परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन करने पर उसका पता नही चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। एक अन्य युवक बाबू यादव निवासी तुरकारीपारा भी शीतला मंदिर के पीछे बाढ़ के बहाव में नहाने कूदा था। मंदिर के पीछे नाले में वह तेज बहाव में बह गया। गनीमत रही कि बाबू यादव बच गया। हालंकि उसे काफी चोंटे आई है। रविवार दोपहर तक अमित की खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430103900307

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी नारायण पिता/पति खेदू यादव पता शीतला नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 917/30(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आरती यादव पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, भाकीत पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, तुकाराम यादव पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, ममता पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, सावित्री यादव पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, द्रोपती यादव पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, संगीता यादव पिता/पति स्व. नारायण यादव पता मरारपारा दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430105900037

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम नगपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी स्वप्निल श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 बड़े पानी टंकी के पास पद्मनाभपुर दुर्ग, किरण श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 बड़े पानी टंकी के पास पद्मनाभपुर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 785(0.3400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता स्वप्निल श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 बड़े पानी टंकी के पास पद्मनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430105900038

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम नगपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी किरण श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 पद्मनाभपुर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 467/3(0.8600), 787/1(0.1700), 787/2(0.1800), 788(0.3700), 789/1(0.2300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता स्वप्निल श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 पद्मनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

प्रथम पेज का शेष

हम न केवल कानूनी रूप ....

से अपेक्षाएं अत्यधिक बढ़ गई हैं। जनता हमसे निष्पक्षता, गति और संवेदनशीलता की अपेक्षा रखती है। सेमिनार में चर्चा के लिए निर्धारित विषय हमारे आपराधिक और दीवानी न्यायशास्त्र के मूल स्तंभ हैं।

सीएम साय से ग्रामीण विकास ...

सहज और सुलभ बैंकिंग सुविधा मिल रही है।

अनुभव अविस्मरणीय

डॉ. पेम्मासानी ने जनजातीय समुदाय के पारंपरिक स्वागत का स्मरण करते हुए कहा कि उनके साथ नृत्य करना और स्थानीय संस्कृति से आत्मिक रूप से जुड़ने का अनुभव अविस्मरणीय रहा। उन्होंने परीयना दिव्यांग आवासीय विद्यालय के दौरे का भी विशेष उल्लेख किया और वहाँ बच्चों से हुई आत्मीय बातचीत को अत्यंत भावुक क्षण बताया। उन्होंने शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद उपस्थित थे।

आत्मनिर्भरता की नई ...

रहे सकारात्मक बदलाव की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य का संकेत बताया। उन्होंने 'बिहान' योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का उल्लेख करते हुए कहा कि समूह की दीदियों द्वारा तैयार किए गए बेलमेटल, मिलेट्स और घरेलू उत्पादों की गुणवत्ता अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इन समूहों की महिलाएँ 15 से 20 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं, जो ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

विज्ञान, विरासत और ...

आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस गणना में 40 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई, जिनमें कई दुर्लभ पक्षी भी शामिल हैं। यह सब संभव हुआ तकनीक की मदद से। टीम ने साउंड रिकॉर्डिंग डिवाइस लगाए और फिर उन ध्वनियों को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक के जरिए कंप्यूटर पर एनालाइज किया गया। इस प्रक्रिया में पक्षियों को बिना परेशान किए, केवल उनकी आवाज से ही पहचान लिया गया। यह उदाहरण दिखाता है कि जब टेक्नोलॉजी और संवेदनशीलता मिलती है, तो प्रकृति को समझना और भी आसान हो जाता है। हर बार की तरह इस बार भी पीएम मोदी ने 'आम शख्स की खास' उपलब्धि साझा की।

आज के युग में युद्ध ...

लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी आई है और सेवा वितरण में सुधार हुआ है।

बिलासा एयरपोर्ट के ...

को उतारकर फ्लाइट को वापस दिल्ली भेज दिया गया. रायपुर में उतरे यात्री अपनी निजी व्यवस्था से बिलासपुर पहुंचे, जबकि बिलासपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट का इंतजार कर रहे यात्रियों को निराश होकर अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी.

फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र ...

अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि उनके विभाग में कार्यरत संदिग्ध कर्मचारी नियत तिथि तक मेडिकल जांच कराएं। साथ ही, अधिकारियों को 20 अगस्त को स्वयं कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश भी दिया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई कर्मचारी जांच से बचता है, तो संबंधित अधिकारी की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

सूडान संकट गहराया: अर्धसैनिक...

जटिल बना देगी। महजूब ने कहा, चिंता इस बात की है कि दो सरकारों के अस्तित्व को देखते हुए सूडान को विभाजन के खतरे का सामना करना पड़ सकता है। यह वास्तविकता देश की राजनीतिक स्थिति को और खराब करती है। दो सरकारों का होना भौगोलिक विभाजन को गहरा करता है। यह अंततः स्थायी विभाजन का कारण बन सकता है, जैसा कि कुछ अन्य देशों में देखा जा चुका है। 'आरएसएफ' ने फरवरी में विभिन्न राजनीतिक और सशस्त्र समूहों के साथ एक संस्थापक चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे, जिसने समानांतर सरकार की नींव रखी। वर्तमान में आरएसएफ पश्चिमी सूडान के दारफुर क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों और कोर्डोफान क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर अपना नियंत्रण रखता है। सूडान इस समय सूडानी सशस्त्र बलों और आरएसएफके बीच संघर्ष की चपेट में है। यह संघर्ष अप्रैल 2023 में शुरू हुआ था। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए, जबकि लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

गोला-बारूद, ग्रेनेड ...

है और वे लगातार नक्सली संगठन के खिलाफनिर्णायक बढ़त बना रहे हैं।

एनसीईआरटी का ऑपरेशन ...

करना एक बहुत अच्छा निर्णय है। इससे युवा छात्र बहुत प्रोत्साहित होंगे और उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विस्तार से जानने का मौका मिलेगा।

न्यूज गैलरी

भारत रत्न डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर भनसुली में वृक्षारोपण

पाटन। स्वामी विवेकानंद युवा प्रकोष्ठ भनसुली पाटन के युवाओं ने पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम के पुण्यतिथि पर आज तलाब पार, शीतला मंदिर परिसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लोगों को पौधा लगाकर वृक्ष बनते तक देखरेख करने की अपील की गई। इस अवसर पर सरपंच भगवती साहू, मुकेश साहू ठाकुर राम यादव योगेन्द्र निर्मल, देवानंद साहू, हेमचंद तारक, ओमेश सोनवानी प्रमोद सोनवानी, बसंत साहू, धर्मेन्द्र साहू, सतीश साहू, तन्मय सोनवानी, हेमू साहू, तेज प्रकाश धीवर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

1 और 2 अगस्त को बंद रहेंगे जिला के सभी डाकघर

दुर्ग। भारत सरकार और डाक विभाग छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के दिशानिर्देश अनुसार उन्नत प्रणाली को दुर्ग डाक संभाग के समस्त प्रधान डाकघर / उपडाकघरों और शाखा डाकघरों में 4 अगस्त से लागू किया जायेगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म को सक्षम करने के लिये एक सुनियोजित डाउनटाईम निर्धारित किया गया है जिसके तहत दुर्ग डाक संभाग के समस्त शाखा डाकघरों में 30 जुलाई से 2 अगस्त और समस्त प्रधान डाकघर, उप डाकघर में एक अगस्त से 2 अगस्त तक की अवधि में सभी प्रकार के वित्तीय लेनदेन व डाक सम्बन्धी समस्त कार्य बंद रहेंगे। डाक सेवाओं का यह अस्थाई निलंबन डाटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिये आवश्यक है। एपीटी एप्लीकेशन को बेहतर एवं उपयोगी, तीव्र सेवा वितरण और ग्राहकों के लिये अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिये डिजाइन किया गया है, जो प्रभावी है। भविष्य में बेहतर डाक संचालन किया जा सकेगा। दुर्ग डाक संभाग ने सम्मानीय ग्राहकों से डाक सेवाओं के संक्षिप्त व्यवधान के दौरान सहयोग की अपील की है।

आईडीबीआई बैंक ने जिपं को प्रदान किया 'काऊ कैचर' वाहन

दुर्ग। आईडीबीआई बैंक द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद के अंतर्गत आज जिला पंचायत दुर्ग को ''काऊ कैचर'' वाहन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आईडीबीआई बैंक और जिला पंचायत दुर्ग की इस संयुक्त पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने और सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने में विशेष योगदान देगी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि यह काऊ कैचर गाड़ी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे के किनारे सक्रिय रूप से कार्य करेगी, जिससे सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके।

बाढ़ में बहे युवक की लाश 24 घंटे बाद मिली, एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर निकाला शव

दुर्ग/नवप्रदेश। कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर चोरहा नाले में बाढ़ में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए छलांग लगाने वाले 35 वर्षीय राकेश बंजारे का शव 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। राकेश शनिवार से लापता था। एसडीआरएफकी टीम ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद रविवार दोपहर उसका शव बरामद किया। 26 जुलाई को कुम्हारी क्षेत्र में भारी बारिश के चलते रामपुर चोरहा नाला उफान पर आ गया। सुबह लगभग 11 बजे तेज बहाव के कारण तीन लोग नाले में फंस गए थे। मौके पर मौजूद स्थानीय युवक राकेश बंजारे ने उनकी जान बचाने के लिये तेज बहाव में छलांग लगा दी। राकेश ने दो लोगों को बाहर निकालने में मदद भी की, लेकिन तेज धार के बीच खुद का संतुलन खो बैठा और पानी में बह गया।

सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फौरन रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया, लेकिन पानी के तेज बहाव के चलते तलाशी अभियान में काफी कठिनाई आई। लगभग 24 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद आज दोपहर राकेश का शव घटनास्थल से कुछ दूर बरामद किया गया। एसडीआरएफ टीम के एक अधिकारी ने बताया कि पानी का बहाव बहुत ज्यादा था। लगातार सर्च ऑपरेशन जारी रखने के बावजूद अंधेरे और करंट के चलते चुनौती बढ़ गई थी। आज सुबह पानी का बहाव थोड़ा कम होने पर युवक का शव मिला। राकेश बंजारे पेशे से पेंटर था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। अपने परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य राकेश ही था। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने की बात कही है।

नदी-नाले उफान पर, आज तेज बारिश की संभावना

दुर्ग-भिलाई ट्विनसिटी समेत जिलेभर में बीते तीन दिनों से तेज बारिश के कारण नदी नाले उफान गए हैं। खेतों में लबालब पानी भरा है। कई जगहों पर फसल डूब गई है। दुर्ग के महमरा एनीकट के करीब 6 फीट ऊपर से पानी बह रहा है। मोंगरा जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण भी शिवनाथ का जल स्तर बढ़ा है। इधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान में मानसून द्रोणिका समेत 5 सिस्टम सक्रिय हैं। इसके कारण 28 जुलाई तक दुर्ग जिले में लगातार बारिश के आसार है। रविवार को सुबह से मौसम साफ रहा है। सुबह के समय बादल छाए रहे लेकिन दोपहर से हल्की धूप खिलने से राहत मिली है। हालांकि अभी भी बारिश की संभावना बनी है।

दुर्ग की बेटी कुसुम सिन्हा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, प्रदान किया राष्ट्रपति गाइड प्रमाणपत्र

■ शहर और राज्य का मान बढ़ाने पर महापौर बाघमार ने निवास पर जाकर किया सम्मान

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर की प्रतिभावान बेटी कुसुम सिन्हा ने अपनी लगन, मेहनत से स्काउट-गाइड सम्मान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुसुम को 'राष्ट्रपति गाइड प्रमाणपत्र' प्रदान कर सम्मानित किया। कुसुम ने न केवल अपने परिवार, विद्यालय और नगर का नाम रौशन किया, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का भी गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में गोदावरी हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश भर से चयनित सीमित स्काउट-गाइड प्रतिभाओं को राष्ट्रपति प्रमाणपत्र प्रदान किया। समारोह में छत्तीसगढ़ से चुनी गई तीन प्रतिभाओं में दुर्ग की कुसुम सिन्हा को सम्मानित किया गया।

गयानगर वार्ड क्रं. 4 निवासी कुसुम सिन्हा ने वर्ष 2018 में स्काउट गाइड के राष्ट्रपति अवॉर्ड के लिए आवेदन किया था। इसके बाद उन्होंने चरणबद्ध तरीके से सभी आवश्यक ट्रेनिंग, सामाजिक सेवा गतिविधियाँ, शिविर, प्रैक्टिकल परीक्षाएं और मूल्यांकन सफलतापूर्वक पूरे किए। उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और सेवा भावना के चलते उन्हें यह सम्मान मिला। यह सम्मान उन प्रतिभागियों को प्रदान किया गया, जिन्होंने 2018, 2019, 2020 और 2021 के चार बैचों की संयुक्त राष्ट्रीय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। इस परीक्षा में कुल 480 प्रतिभागी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से हर वर्ष की प्रत्येक श्रेणी (स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर) से एक-एक चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागी, कुल 16 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कुसुम के पिता रामखिलावन सिन्हा और माता देवकी सिन्हा ने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया। उनके साथ-साथ शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग की प्राचार्य डॉ. कृष्णा अग्रवाल और यूनिट लीडर देविका रानी वर्मा (सेवानिवृत्त शिक्षिका) ने उनके प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस सफलता पर निगम महापौर अलका बाघमार ने कुसुम सिन्हा के निवास पर पहुँचकर उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर और पार्षद/एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन भी मौजूद रहीं। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि कुसुम की यह उपलब्धि केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम की कहानी नहीं है, यह दुर्ग शहर की सामूहिक प्रेरणा और हमारी बेटियों की क्षमताओं का प्रमाण है।

नाली बंद, सड़क पर फैला गंदा पानी

वार्ड 53 में नाली के पानी की निकासी बंद होने के कारण न्यू आदर्श नगर सड़क 6 पर गंदगी से नागरिक परेशान हैं। एक सप्ताह पहले सोमवार को दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने वार्ड का निरीक्षण करते हुए सफाई के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद अभी तक सफाई नहीं की गई है। गली नंबर 6 एफ में स्थानीय नागरिक ने नाली बन्द कर दिया है। इसके कारण नाली के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। वार्ड के नागरिकों ने इस मामले की शिकायत की है। शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं की गई। वार्डवासियों का कहना है कि सार्वजनिक नाली की निकासी को बाधित करने से वार्ड में गंदगी फैल रही है। बारिश में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। नागरिकों ने बताया कि लगभग एक महीना से लगातार शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

कांग्रेस के मंडल और सेक्टर समितियों का गठन होगा

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल व सेक्टर समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राजीव भवन, दुर्ग में आयोजित बैठक में समिति गठन के दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे और पूर्व विधायक अरुण वोरा उपस्थित रहे। सभी ब्लॉक अध्यक्षों की उपस्थिति में मंडल और सेक्टर समितियों के गठन की रूपरेखा तैयार की गई। आगामी समय में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के समन्वय से मंडल संरचना को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। बैठक में दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई नगर के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

वैशाली नगर क्षेत्र में बैठक

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-1 में प्रभारी चवनराम साहू ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। ब्लॉक के तीनों जोन और 11 वार्डों के अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों सहित कार्यकारिणी के जल्द से जल्द गठन के लिए दिशा निर्देश दिए। प्रदेश कांग्रेस के दिशा निर्देशों की भी जानकारी दी गई। चवन राम ने कहा कि इन कमेटियों में अनु.जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और महिला वर्ग को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व देना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कमेटी में 50 वर्ष से ऊपर और 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवाओं में से एक-एक व्यक्ति को शामिल करना होगा। सभी अनुसूचित मंडल कमेटियों के गठन के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की गई है।

बीएसपी के सिंटरिंग प्लांट 3 की ओपन गैन्ट्री क्रेन के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट 3 में स्थित ओपन गैन्ट्री क्रेन के नवीनीकरण कार्य का औपचारिक शुभारंभ कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एके दत्ता मुख्य महाप्रबंधक, एस वर्गीस सहित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व कार्मिकगण उपस्थित रहे।

5 टन क्षमता वाली ओपन गैन्ट्री क्रेन वर्ष 2002 में सिंटरिंग मशीन 1 के आरंभिक चरण में स्थापित की गई थी। इसका उपयोग क्षेत्रीय मरम्मत कार्यशाला में मरम्मत किए गए महंगे पुर्जों और उपभोग्य सामग्रियों के भंडारण स्टैकिंग और स्थानांतरण के लिए किया जाता था। बीते 12 वर्षों से यह क्रेन निष्क्रिय पड़ी थी और खुले में अनुपयोगी अवस्था में थी। चारों ओर स्क्रैप, कीचड़ और मलबे से घिरा यह क्षेत्र एक चुनौती बन चुका था। समर्पित हाउसकीपिंग अभियान के दौरान यहां महाप्रबंधक आई वी रमना के नेतृत्व में पुनरुद्धार परियोजना आरंभ की गई। परियोजना में क्रेन की यांत्रिक एवं विद्युत प्रणाली की मरम्मत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र का कायाकल्प भी किया गया। क्रेन के पुनरुद्धार कार्य में होइस्ट प्रणाली, एलटी और सीटी यांत्रिकी, नियंत्रण पैनल का पुनः नियोजन और नई विद्युत केबलों की स्थापना का काम किया गया। सुरक्षित संचालन के लिये क्रेन का भार परीक्षण और संरचनात्मक मूल्यांकन किया गया। पुराने डेक प्लेटों से क्षेत्र की बाड़बंदी लगभग 40 ट्रक धातु स्क्रैप का निष्कासन, पुर्जों और उपभोग्य सामग्रियों के लिए नए स्टैंड का निर्माण, एलडी स्लैग से समतलीकरण, और पहुँच मार्ग की सफाई के कार्य भी किए गए। सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा क्षेत्र में पेंटिंग कार्य भी किया गया।

इस कार्य में उप महाप्रबंधक एमयू राव, वरिष्ठ प्रबंधक केवल साहू, उप प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी, सहायक महाप्रबंधक दीपक गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक एससी साहू, उप महाप्रबंधक एसके सतपथी उप प्रबंधक आरएल साहू और वरिष्ठ प्रबंधक जितेश शाहनी सहित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रोपेन प्लांट 2 में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोपेन प्लांट 2 में आज सुबह 11 बजे आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल किया गया। अभ्यास का उद्देश्य आपदा जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की तैयारियों को परखना था। यह मॉक ड्रिल वैधानिक दिशानिर्देशों और विभागीय प्रोटोकॉल के अनुरूप आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल और प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया। प्रोपेन प्लांट 2 एक संवेदनशील क्षेत्र है।

46 पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 1 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में जीएसएमआर सोलर प्रा. लि. दुर्ग के 30 पद और कात्यायनी इक्विपमेंट दुर्ग के 16 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन सभी पदों के लिये वेतन 3000/- से 15000/- तक है। 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं, आई.टी.आई. व कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते है। विस्तृत जानकारी रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। उक्त जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र उपसंचालक ने दी।

सावन उत्सव 2 से : रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मचेगी धूम

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा हर साल की तरह इस बार भी सावन माह के अवसर पर दो दिवसीय 'सावन मेला' का आयोजन स्टेशन रोड केवल भवन में किया जाएगा। नगर निगम की संस्कृति विभाग की प्रभारी हर्षिका जैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्य मनीष कोठारी, लोक्षवरी ठाकुर, प्रतिभा गुप्ता सहित मुन्ना यादव व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सावन मेला 2 और 3 अगस्त को सुबह 10 बजे से केवल भवन में आयोजित किया जाएगा। महिलाओं में सांस्कृतिक चेतना, उत्साह और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिये मेले में समाज की अग्रणी माताओं बहनों के लिए अनेक प्रकार की रोचक और पारंपरिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इस दौरान कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, थाली सजाओ, घोड़ा दौड़, मेहंदी रचाओ, खो-खो, रस्सी खींच जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम ने महिलाओं से सांस्कृतिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सपरिवार कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर सावन की हरियाली और उल्लास में शामिल होने की अपील की है।

विधायक ललित ने 13.62 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा में विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से अनुमानित लागत राशि 5 लाख रुपये जनपद पंचायत 15 वें वित्त मद से नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 3.62 लाख रु, जनपद अध्यक्ष मद से गली सीमेंटीकरण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख रु के विकास कार्य कराए जाएंगे।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारी सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही है और अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे, इस दिशा में निरन्तर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। आपके गांव के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी। चंद्राकर ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तय कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। हम सभी ने 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देखा है और इसके लिए हमने अपना विजन डॉक्यूमेंट भी बनाया है। हमारी सरकार राज्य से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, सरपंच सरोज भूपेन्द्र रिगरी अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू उपसरपंच नरेन्द्र निषाद ओंकार देवांगन सोसाइटी अध्यक्ष मुकेश मंडाले स्टार क्लब अध्यक्ष आकाश सेन उपाध्यक्ष इलेश्वर गायकवाड़ कोमल धनकर रंजीत निषाद खिलेंद्र साहू, राकेश यादव संदीप जैन बलराम कौशिक लोकेश सिन्हा, टोप सिंह पारकर, विनोद देवांगन हेमंत साहू, रमेश सूर्यवंशी, गौतम यादव संजय देशमुख रविंद्र सिन्हा महिला अध्यक्ष सरस्वती निषाद ज्योति निर्मलकर नीता गायकवाड भुवनेश्वरी देशमुख ममता चौहान केसर देवांगन प्रिया साहू ममता देवांगन उपस्थित रहे।

नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित नवीन पाठ्य पुस्तक पर जारी है प्रशिक्षण

ब्लॉक रिसोर्स पर्सन बनने प्रशिक्षण ले रहे सौ से ज्यादा शिक्षक

भिलाई/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) दुर्ग की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित विषय वार सामाजिक विज्ञान, इंग्लिश, गणित विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें बालोद व दुर्ग जिला से लगभग 100 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) बनने का प्रशिक्षण लिया।

संस्थान की प्राचार्य मधुलिका तिवारी के निर्देशन पर यह आवासीय प्रशिक्षण चरणवार आयोजित किए जा रहे हैं। प्राचार्य श्रीमती तिवारी ने बताया कि सामाजिक विज्ञान, इंग्लिश, गणित विषय का प्रशिक्षण 21 जुलाई से 25 जुलाई तक चला और संस्कृत, हिंदी विज्ञान विषय का प्रशिक्षण दिनांक 28 जुलाई से 1 अगस्त तक आयोजित है।

सहायक प्राध्यापक संध्या शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कक्षा 6 वीं के विषयों में एनसीईआरटी के द्वारा कक्षागत पाठ्य सामग्री में संशोधन या परिवर्तन किया गया है, इसलिए यह प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण है।

संकाय सदस्य सत्येन्द्र शर्मा ने अपने व्याख्यान में सभी ब्लॉक रिसोर्स पर्सन को बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 के चार प्रमुख स्तंभ हैं, क्वालिटी, इक्विटी, एक्सेस और अकाउंटेबिलिटी।

नई शिक्षा पद्धति 5+3+3+4 फ़ंडेशनल, प्रीपेटरी, मिडिल और सेकेंडरी लेवल पर कक्षाएं संचालित होंगी।

संगीत, कला व थियेटर की बारीकियों पर जानकारी देने के लिए पूर्व प्राचार्य डॉ रजनी नेल्सन व डॉ सोनाली चक्रवर्ती सहित व्यवसायिक शिक्षा पर व्याख्यान देने के लिए, डॉ निशा शर्मा, विषय विशेषज्ञ, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कृषि महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग से अतिथि वक्ता के तौर पर आमंत्रित किए गए।

विषय समन्वयक डॉ नीलम दुबे, डॉ वंदना सिंह, अनुजा मुरेकर, आभा वर्मा खोसला और डीआरजी द्वारा रोचक ढंग से सहज, सरल तकनीक के साथ सभी विकासखंड दुर्ग, पाटन, धमधा, बालोद, गुंडरदेही, गुरूर, डौंडी और डौंडीलोहारा से आए हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित कर रहे हैं। डाइट की प्राचार्य मधुलिका तिवारी ने प्रशिक्षण हेतु जगह उपलब्ध कराने के लिए अपोलो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंजोरा दुर्ग का आभार व्यक्त किया है।

जीई फाउंडेशन ने दिया संदीपनी बालक छात्रावास के बच्चों को उपहार

■ शिक्षा के प्रति रुचि जगाने और आत्मविश्वास को मजबूत बनाने जीई फाउंडेशन की पहल

भिलाई/नवप्रदेश। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित संदीपनी बालक छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क जूते, स्कूल बैग, नोटबुक और फुटबॉल का वितरण किया। बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने, आत्मविश्वास सशक्त करने और उन्हें समग्र रूप से सक्षम बनाने के लिये प्रेरित भी किया गया। फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रदीप पिल्लै ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम किसी बच्चे को एक जोड़ी जूते या एक स्कूल बैग देते हैं, तो हम केवल सामग्री नहीं, बल्कि उसके सपनों में विश्वास और संबल देते हैं। हमारा प्रयास है कि शिक्षा बच्चों के लिए बोझ नहीं, बल्कि उत्सव बने।- उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जब जहाँ जरूरत होगी, वे बच्चों की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। इस उपहार के लिए बच्चों ने जीई फाउंडेशन का आभार जताया और हमेशा मन लगाकर पढ़ने का वादा किया। इस दौरान अनुदेशक अनीता मिश्रा, स्वेच्छा तिवारी, प्रकाश देशमुख भी मौजूद थे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीवन दीप समिति भटगांव में जनपद अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक

धमतरी/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महत्त्वपूर्ण इकाईयों में हुई चर्चा जिसमें अतिरक्त कक्ष निर्माण को प्राथमिकता दिया गया जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव द्वारा स्वाथ्य केंद्र का निरीक्षण किया एवम विभिन्न समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर जनपद पंचायत वन सभापति जयंत्रीध्रुव ,सरपंच फगुराम साहू, डॉ ए जे खान बी एम ओ, एन. डी. साहू ,आर .खिलेश्वर सिंह .जे एस.ए , एन. के.कश्यप सुपरवाइजर, एवम सभी स्टॉफ

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव जीवन दीप समिति भटगांव का साधारण सभा बैठक मे उपस्थित थे.

नवीन प्राथमिक शाला मौहारभाठा (जोरा) के स्कूल प्रांगण में पानी भर जाने से बच्चों को आने जाने में हो रही परेशानियां,प्रशासन बेखबर

भटगांव / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जोरा के आश्रित ग्राम के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मौहारभाठा (जोरा) के स्कूल प्रांगण में पानी भर जाने से बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानियां बनी रही जहां पानी निकासी का पूर्व में साधन था लेकिन धीरे-धीरे आसपास में मकान बन जाने से स्कूल प्रांगण से निकलने वाली बरसाती पानी निकासी का कोई साधन नहीं बचा जिसके कारण स्कूल प्रांगण में पानी भर गया है तो वही स्कूल के सामने की रोड निर्माण के समय रोड क्रॉसिंग पर पुल (दोंद) लगाया गया है जिससे भी स्कूल का पानी बरसात की

पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण भी किया गया है नाली का पानी पास के तालाब में संचित किया जाता है परंतु गर्मी के दिनों में नाली के आसपास भवन निर्माण तथा खेत के कार्य करने से नाली को आवागमन के लिए पाट दिया गया है जिसके कारण स्कूल प्रांगण में भारा पानी निकासी नहीं हो पा रहा और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे स्कूल प्रांगण में भरे पानी को पार करके स्कूल अंदर प्रवेश करना पड़ रहा हैं और इस तरह अगर जाम नाली को साफ सफाई करने से स्कूल प्रांगण की पानी की निकासी हो जाता और बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानियां नहीं होती बच्चों की समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत सरपंच उप सरपंच प्रतिनिधि तथा पंचगण स्कूल के बच्चों की स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानियों को दूर करने का प्रयास करते जाम नाली को खोलने का कार्य किया जा रहा है इस कार्य में उपसरपंच प्रतिनिधि संजय साहू पंच कुशल सिंह , देवचरण साहू के साथ ग्रामीण उपस्थिति रहे।

ग्राम पंचायत जोरा के सरपंच - देवेंद्र बघेल ने बताया नाली जाम हो गया है जिसके कारण स्कूल में पानी भर गया। जाम नाली को खुलवाया जा रहा है ताकि बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने स्कूल आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानियां ना हो।

न्यूज गैलरी

ओडिशा के तस्कर से 1.50 लाख का 10 किलो गांजा जब्त

महासमुंद। ओडिशा पासिंग एक स्कूटी से पुलिस ने डेढ़ लाख कीमत का 10 किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बागबाहरा पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि 1 व्यक्ति एक कत्था रंग टीवीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक ह्र्ष्ठ 26 त्न 9776 में गांजा रखकर बेचने के लिए ओडिशा की ओर से महासमुंद की ओर आने वाला हैं। इसके आधार पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बागबाहरा पुलिस की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे 353 बागबाहरा में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कि जा रही थी कि तभी ओडिशा की तरफ से एक टीवीएस जुपिटर स्कूटी महासमुंद की तरफ आ रही थी जिसे ग्राम दारगांव में रोका गया। स्कूटी में एक 1 व्यक्ति सवार था। नाम पता पूछने पर अपना नाम जितेन्द्र प्रधान उर्फ कुनु पिता बलभद्र प्रधान (39) लखना थाना जिला नुआपाडा ओडिशा का निवासी होना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा ओड़िशा से आने का कारण व स्कूटी में क्या रखना, पूछे जाने पर गोलमोल जवाब देने लगा। टीम ने शक के बिना पर

तलाशी ली। टीम को एक प्लास्टिक बोरी में 10. 52 किलो गांजा मिला। जिसकी कीमत एक लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। टीम ने एक मोबाइल भी बरामद की है। टीम ने गांजा समेत स्कूटी और मोबाइल जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमार्ड पर जेल भेजा गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा की बैठक आज

भाटापारा/ नवप्रदेश।। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा की बूथ, जोन, सेक्टर, कमेटी की आवश्यक बैठक सोमवार को सामुदायिक भवन थाना के पीछे सिमगा में दोपहर 1:00 बजे रखी गई है। बैठक में विधायक इंद्र साव एवं प्रभारी कमलेश मिश्रा सहित सिमगा ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेस जन भी उपस्थित रहेंगे।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ के .के.नायक और कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोशले ने

महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस ,सेवादल, यूथ कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी गणों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित

पेंशन योजनाओं के निगम सीमाक्षेत्र के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन निगम सभागृह में जारी

- **शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन भी दोपहर 2 बजे तक होगा सत्यापन**

राजनांदगांव/ दैनिक नव प्रदेश सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियो का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, किन्तु भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जाना है। सत्यापन कार्य नगर निगम के सभागृह में किया जा रहा है। सत्यापन कार्य प्रतिदिन जारी है, शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन भी दोपहर 2 बजे तक सत्यापन किया जाएगा।

सत्यापन के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा केन्द्रीय पेशन योजनाओं- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना के हितग्राहियो का वार्षिक सत्यापन हेतु इस वर्ष शासन द्वारा मोबाईल एप बेनीफिसरी सत्यापन एप तैयार कराया गया है, उक्त एप एनराईड मोबाईल से किया जा रहा है। सत्यापन के लिए नगर निगम सभागृह में शिविर लगाया गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजना में निगम सीमांतर्गत 10 हजार 9 सौ 14 पेंशन हितग्राही है जिनमें से आज दिनांक तक 2 हजार 67 हितग्राहियो ने सत्यापन कराया है, शेष 8 हजार 8 सौ 47 हितग्राहियो का सत्यापन किया जाना है। उन्होंने पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियो से अपील की है कि अपना आधार एवं मोबाईल लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर सत्यापन करा लेवे, जिससे पेंशन योजना का लाभ मिलता रहे। उन्होंने पार्षदों से भी अपील की है कि अपने वार्ड के पेशन हितग्राहियो को प्रोत्साहित कर सत्यापन करावे, ताकि उन्हें पेंशन योजना का लाभ मिलता रहे।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम मोदी की मन की बात

धमतरी/ नवप्रदेश।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 124 वें संस्करण को संबोधित किया गया,धमतरी में पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू द्वारा कार्यकर्ताओं संग मन की बात सुना गया,कार्यक्रम पश्चात प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती साहू ने कहा मन की बात' कार्यक्रम हम सभी को राष्ट्रहित में एकजुट होने, जनभागीदारी को मजबूत करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रेरित करता है,मोदी जी ने मन की बात के तहत देश के प्रत्येक क्षेत्र की काबिलियत और प्रतिभाओं को देश के सामने प्रस्तुत कर उन्हें राष्ट्र पटल पर सम्मान दिया है,जहाँ कभी कोई सरकार नहीं पहुँच सकी देश के उन कोने तबकों में रह रहे व्यक्तियों तक पहुँचने का कार्य मन की बात के तहत किया गया है,इसका उदाहरण है की जिस तरह देश की आज़ादी के समय खादी ने आज़ादी के आंदोलन को नई ताक़त दी थी उसी तरह आज विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहे भारत में टेक्सटाइल सेक्टर देश की ताक़त बन रहा है,जिसको बढ़ावा देने प्रधानमंत्री जी ने दस साल पहले 07 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे की तर्ज पर शुरुआत की,वहीं बच्चों के इनोवेशन को बढ़ावा देते हुए इन्स्पायर मानक अभियान के तहत नए स्टार्ट अप्स को बढ़ाया,इसी तरह उन्होंने विभिन्न विधाओं संस्कृतियों की बात करते हुए देश की अस्मिता को संवारा है,प्रधानमंत्री जी का प्रेरणादायक मार्गदर्शन सदैव हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है, जनसेवा के पथ पर दृढ़ता से आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण के कार्य में निरंतर जुटे रहने की प्रेरणा देता है। जन-जन को एक सूत्र में पिरोते हुए 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मार्गदर्शन करने वाले इस संवाद हेतु मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। उस दौरान पूर्व विधायक के साथ भाजपा नेता राकेश साहू,नेहा साहू,पंकज साहू उपस्थित रहे।

ग्रामीण, स्कूल, कॉलेज एवं शहरी क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

- **नशा मुक्त भारत पखवाड़ा जनजागरूकता अभियान मनाया गया**

महासमुंद/ नवप्रदेश।। जिला के ग्रामीण क्षेत्रो में साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह रोकने एवं गोवंश तस्करों की जानकारी देने के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस टीम के द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा की गई।

पुलिस प्रशासन द्वारा 1 जुलाई से 24 जुलाई के बीच जिले भर के ग्रामीण अंचलों में सायबर अपराध समेत नशा मुक्ति अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा बताया गया कि किसी भी अनजान नम्बरों से आए वीडियो कॉल अटेंड ना करें, यदि किसी परिचित के द्वारा फोन पर पैसे की मांग की जाती है तो स्वयं उस परिचित को दुबारा फोन लगाकर फोन नंबर की तस्दिक करें, किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी भी अनजान व्यक्ति फोन करके यदि यह कहे कि आपके नाम से एफआईआर हो गया है आपको जेल जाने से बचने के लिए आपको पैसा देना पड़ेगा, तो किसी भी प्रकार से कोई फोन पे, गूगल पे के माध्यम से पैसा ना भेजें। पुलिस ने बताया कोई पुलिस ऑफिसर, सीबीआई या जज, बैंक ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करे तो डरें नहीं, किसी भी तरह के ऐसे ऑफर जिसमें पैसा दुगुना करने का लालच दिया जाता है उन पर विश्वास ना करने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि साइबर फ्रॉड होने पर टोल फ्री नंबर 1930 एवं साइबर थाना में शिकायत करें। नशा के दुष्परिणाम एवं नशा से बचने के बारे में बताया गया।

अंबुजा सीमेंट्स द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया

- **कुल 70,000 विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा**

भाटापारा / नवप्रदेश। अदाणी समूह के अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, रवान इकाई ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए 'हरेली तिहार' के शुभ अवसर पर वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मल्दी-मोपर चूना पत्थर खदान परिसर में राष्ट्रीय अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जिला वन अधिकारी गनवीर धम्माशिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत अंबुजा सीमेंट्स, रवान इकाई के यूनिट हेड द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। आयोजन में आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण नागरिकों सहित अंबुजा सीमेंट्स के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की।

अंबुजा सीमेंट्स, रवान के खदान प्रमुख ने संबोधन में कंपनी द्वारा पर्यावरण सरंक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में कुल 70,000 पौधों का रोपण किया जाएगा, जिसमें विविध प्रजातियों को सम्मिलित किया गया है।

छुरा सांस्कृतिक भवन में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

छुरा / नवप्रदेश। विकासखंड छुरा के सांस्कृतिक भवन में रविवार को एक भव्य मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुपोषण को सुनिश्चित करना रहा।

शिविर में रायपुर के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ एवं बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अशोक भट्टर एवं उनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 200 से अधिक बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार छुरा विकासखंड में 126 बच्चे कुपोषण से प्रभावित हैं, ऐसे में यह शिविर कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर गरियाबंद कलेक्टर बी.एस. उइके, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष तुकेश्वरी निषाद, जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, तथा जिला परियोजना अधिकारी अशोक पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर बी.एस. उइके ने कहा छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त बनाना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। आज रायपुर से नामी डॉक्टर स्वयं बच्चों के इलाज के लिए यहां पहुंचे हैं, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है! डॉ. अशोक भट्टर ने अपने संबोधन में कहा, यह शिविर गरियाबंद कलेक्टर बी.एस. उइके की प्रेरणा से संभव हो पाया है।

थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में अवैध शराब के साथ 2 शराब कोचिया गिरफ्तार

नवापारा राजिम। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अटल नगर एव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय अटल नगर के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल गोबरा नवापारा के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण रूपेण अंकुश लगाने हेतु एवं अवैध शराब बिक्री संचालित करने वालो पर लगाम लगाने कि नियत से छांटा मोड चौक नवापारा के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा एक सफेद रंग के चुमड़ी के थैला में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु ले जाने साधन का इंतजार कर रहे थे।

समग्र शिक्षा विभाग बनाम लेन-देन विभाग, नियम कानून को ताक में रखकर नियुक्ति आदेश

छुरा / नवप्रदेश। गरियाबंद जिला का शिक्षा विभाग इन दिनों विभागीय शासकीय सेवक चारागाह समझ बैठे हैं । चरने वाले शासकीय सेवक शासन-प्रशासन के नियम कानून को ताक पर रखकर आदेश निरस्त ओर पारित करने में लगे हुए हैं । इस लेन देन में बड़े लोगों का हिस्सा भी उन तक पहुंच रहा है । जिसके चलते इन भ्रष्टाचारी बेधड़क नियमविरुद्ध कार्य में संलिप्त हैं । दिनांक 17/07/25 को कार्यालय जिला परियोजना समग्र शिक्षा आदेश क्रमांक 382 में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छुरा किशुन मतावले को स्पष्टीकरण आदेश में कलेक्टर गरियाबंद के मौखिक आदेश पर उल्लेख किया गया है कि संकुल समन्वयक नियुक्ति का अधिकार ब्लाक शिक्षा अधिकारी को नहीं है । कोई भी अधिकारी नियम-कानून से ही नियुक्ति आदेश जारी करता है , अगर नियम-कानून का परवाह किए बगैर आदेश जारी करता है तो उसके पीछे अतरिक्त लाभ कमाने की लालच में नियमविरुद्ध कार्य करते हैं जिसका जितना जागता उदाहरण छुरा गरियाबंद समग्र शिक्षा कार्यालय में देखने को मिला है ।

कार्यालय राज्य परियोजना समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक 1464 / 20-21रायपुर 12/01/2021 के अनुसार जिस संकुल क्षेत्र में पदस्थ शिक्षक उसी संकुल क्षेत्र का समन्वयक पद में नियुक्त किया जा सकता है , संकुल क्षेत्र से बाहर संकुल में पदस्थापना नियम विरुद्ध है ।उपरोक्त आदेश को अधार मानकर संतोष साहू को पाण्डुका

संकुल समन्वयक नियुक्ति आदेश निरस्त 17/7/25 को किया गया ।चार दिन बाद ऐसा क्या हुआ कि राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश को दरकिनार कर कोठी गांव संकुल क्षेत्र के शिक्षक संतराम कंवर को दादर गांव नया का संकुल समन्वयक पद पर नियुक्ति आदेश दिया गया। इसी तरह कार्यालय जिला परियोजना समग्र शिक्षा गरियाबंद आदेश क्रमांक 407 /21/07/25 को सिवनी संकुल में पदस्थ शिक्षक शंकर लाल यादव को छुरा संकुल समन्वयक पद पर नियुक्त किया गया । संतराम कंवर एवं शंकर लाल यादव की आखिर नियम विरुद्ध आदेश के पीछे बीआरसी छुरा की क्या मजबूरी है जो अनेक संदेह को जन्म देती है ।इसी तरह ब्लाक शिक्षा अधिकारी को संकुल समन्वयक नियुक्ति का अधिकार नहीं है फिर भी नियुक्ति किया गया?

संकुल केन्द्र प्रभारी प्राचार्य द्वारा संकुल समन्वयक के लिए नाम जिला परियोजना समग्र शिक्षा को अनुसंशा करने पर जिला परियोजना समग्र शिक्षा विभाग द्वारा आदेश पारित किया जाना था लेकिन बीआरसी ने चार शिक्षकों का संकुल समन्वयक नियुक्ति के लिए जिला कार्यालय में नोटशीट चलाया था , जिसमें से संतराम, शंकर लाल यादव की नियुक्ति नियमविरुद्ध कार्य जिला मिशन समन्वयक गरियाबंद से करवाया गया । छुरा में पदस्थ बीआरसी देवांगन जो फिंगेश्वर विकास खण्ड शिक्षा विभाग मूल पदस्थापना है । जो अपने आपको विधायक राजिम रोहित साहू का लंगोटिया यार बताता है , शिक्षकों को अपना पहुंच बता कर नियमविरुद्ध कार्य में लगा हुआ है बीआरसी देवांगन ने विभागीय प्रशिक्षण में समाग्री क्रय के लिए अलग-अलग फर्म को दस बीस तीस हजार रुपए का नगद भुगतान करना बीआरसी देवांगन के नीयत पर सवाल खड़े होना लाजिमी है ।

पेयजल को लेकर ,, जनता के सब्र की परीक्षा न लें निगम – संतोष पिल्ले

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इन दिनों रोजाना बारिश हो रही है। शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ फूल जा रहा है इसके बाद भी नगर की जनता को ठीक तरह से जलापूर्ति नहीं हो पाना निगम की नाकामियों को दर्शाता है। उक्ताशय की बात नगरनिगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने कही है। उन्होंने कहा कि शिवनाथ नदी में भरपूर पानी होने के बावजूद जनता को नलों से दोनों टाइम तो छोड़ एक टाइम भी ठीक तरह से पानी नहीं मिल पाने से जनता का आक्रोश बढ़ते ही जा रहा है। श्री पिल्ले ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते निगम की कार्य प्रणाली पर उंगली उठाया है और कहा है कि पेयजल नहीं मिलने से परेशान जनता को नगर निगम में धावा बोलते देर नहीं लगेगी। नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि हरेली त्योहार के दिन आयुक्त ने इस संबंध में निगम में मीटिंग भी ली। मोहारा जल संयंत्र जा कर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश भी दिया इसके बाद भी उनकी नहीं चल रही है। शहर वासियों को नलों से ठीक तरह से पानी नहीं मिल पा रहा है उन्होंने कहा कि महापौर को भी मोहारा जल संयंत्र की निरीक्षण कर आए हैं। आयुक्त भी निर्देश दे आए हैं इसके अलावा बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।श्री पिल्ले ने आयुक्त के साथ महापौर की पटरी नहीं बैठने का आरोप लगाया है जिसका खामियाजा शहर की जनता भुगत रही है। नेता प्रति पक्ष में कहा है कि यदि दो दिनों के भीतर शहरवासियो की जलापूर्ति व्यवस्था सुधरी नहीं तो कांग्रेस पार्षद व पानी के लिए परेशान हो रही जनता को लेकर आंदोलन करने से नहीं चुकेंगे।

विकासखंड स्तरीय फुटबॉल में बालक-बालिका का चयन ट्रायल, 174 ने लिया हिस्सा

महासमुंद/नवप्रदेश। मिनी स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय फुटबॉल 14, 17 और 19 वर्ष बालक-बालिका का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, सेजेस नयापारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, शिशु संस्कार केंद्र महासमुंद, द न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हरपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन पारा महासमुंद, गुड शेफर्ड स्कूल के कुल 174 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उत्कृष्ट कौशल के आधार पर उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

बालक वर्ग में 14, 17, 19 वर्ष की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 29 जुलाई मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित होगी। इस अवसर पर शासकीय डीएमएस उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय के शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य रिखीराम साहू और प्राचार्य कौशल शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हीरेंद्र कुमार साहू, सेवन दास मानिकपुरी, रामेश्वरी दीवान, गणेश कोसरे मौजूद रहे।

क्विज प्रतियोगिता में वृंदावन विद्यालय के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक विरासत शिक्षा एवं संचार सेवा नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर महासमुंद अध्याय ने शालेय विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय विरासत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन नवकिरण अकादमिक केन्द्र महासमुंद में किया गया। प्रतियोगिता में वृंदावन विद्यालय की चारों टीमों को द्वितीय चरण में जाने का अवसर प्रदान हुआ, जिसमें वृंदावन विद्यालय ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए प्रेरणादायक टिप्स दिए। संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने स्वागत भाषण में प्रतियोगिता के बारे में समझाया। स्पर्धा में नगर के 11 विद्यालयों के 7वीं से 10वीं तक के कुल 110 विद्यार्थी शामिल हुए। 40 मिनट लिखित स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर के 12 राज्य स्तर के 5 एवं इंटैक संबंधित तीन प्रकार कुल 20 प्रश्न पूछे गए। इसका मूल्यांकन प्रतियोगिता स्थल पर ही हुआ। प्राप्तांकों के आधार पर 4 टीमों की मौखिक स्पर्धा हुई। परिणामों की घोषणा संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने की। जिसमें वृंदावन विद्यालय के सभी 4 टीमों को आगे जाने का अवसर प्राप्त हुआ। वृंदावन विद्यालय के छात्र अमन यादव व नमन साहू कक्षा 10वीं की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनीं।

जिनका आगामी राज्य स्तरीय स्पर्धा में शामिल होने के लिए चयन किया गया। द्वितीय स्थान वृंदावन विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा भूमि देवांगन और पूर्वा चंद्राकर की टीम ने हासिल की। तृतीय विजेता भी वृंदावन विद्यालय के कक्षा 10 वीं के छात्र छात्रा मिथलेश कागजी और रक्षा पटेल की टीम रही। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने हर्ष जताया।

न्यूज गैलरी

पूर्व विधायक ने पहले क्यों नहीं किया शराब फैक्ट्री का विरोध: चोपड़ा

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर द्वारा दिए जा रहे बयानों को उल-जूलूल बताते हुए कहा है कि ग्राम अछोली में निर्माणाधीन पिकाडिली शराब फैक्ट्री की स्थापना पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के कार्यकाल से प्रारंभ हुआ। चंद्राकर अवगत हों कि शराब निर्माण में बहुत ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। पानी तो बोर के माध्यम से लिया जाता तो गांव व आसपास के घरों व खेत के बोर सूख जाते और यदि नदी से लिया जाए तो क्षेत्र वासियों के साथ अन्याय होगा। फिर उन्होंने इसकी स्थापना का विरोध क्यों नहीं किया? डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि उद्योगों की स्थापना भी क्षेत्र विकास के लिए आवश्यक है। परंतु, इसकी स्थापना से जनता की हितों का हनन नहीं होना चाहिए। प्रदूषण, पानी की समस्या, लोगों की जमीन का अधिग्रहण इन समस्याओं का सामना क्षेत्रवासियों को न करना पड़े इसका ध्यान शासन-प्रशासन को रखना चाहिए।

युवक से मारपीट जान की धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली के बस स्टैंड में मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड नंबर 12 उड़ियापारा निवासी मनोज ने बताया कि वह सरायपाली बस एजेंट का काम करता है। 25 जुलाई की दोपहर दो बजे बस स्टैण्ड सरायपाली में काम पर गया। इस दौरान वह वहां बैठा था, उसी समय कमलेश कानूनगो उर्फशिल्लु और प्रकाश सिंह के बीच लड़ाई हो रही थी। तभी प्रकाश बेवजह उसे गाली गलौज करने लगा। जब उन्होंने मना किया तब जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

अतिक्रमण बताकर तोड़ दिया मकान, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान के स्टैंड के पास बने एक मकान को शासकीय जमीन में कब्जा कहकर दो लोगों ने तुड़वा दिया। पुलिस को ग्राम खट्टी निवासी शिवचरण कुर्रे ने बताया कि उसने करीब 5 माह पहले खट्टी गांव के बस स्टैंड के पास शासकीय जमीन पर एक कमरे का कच्चा मकान बनाया था। जिसे लेकर गांव के ही कौशिक राम पटेल और जोगेंद्र पटेल अतिक्रमण हटाओ कहकर विवाद करते रहते थे। 5 जुलाई की देर रात घर को जेसीबी से तोड़ दिया। जब उसने कौशिक और जोगेंद्र से पूछा तो दोनों गाली-गलौज करने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

रुद्राभिषेक व हवन पूजन में शामिल हुए रामप्रताप

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक कार्यालय परिसर में जारी रुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्यक्रम में शनिवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह सपरिवार शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपरिवार पूजा में शामिल हुए। पुरोहितों ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक के साथ रुद्राभिषेक कराया। महादेव की आरती के साथ पूजन कार्य हुआ।

निजी विवि के छात्र छल का शिकार तो नहीं हो रहे: ठाकुर

■ राज्यपाल से मांग निजी विवि विनियामक आयोग के कार्यों की समीक्षा हो

धरसीवां/ नवप्रदेश। संजय ठाकुर ने शासन से मांग की है कि वे निजी विश्वविद्यालयों के लिये बने विनियामक आयोग के कार्यों की समीक्षा करे। कहीं ऐसा तो नहीं की आयोग की कर्तव्यहीनता का शिकार निर्दोष विद्यार्थी हो रहे हों।संजय ठाकुर ने कहा की निजी विवि विनियामक आयोग ने हाल ही में अपनी वेब साईड पर पांच बिंदुओ पर छात्रों के लिये मार्गदर्शन पत्र जारी कर कहा है कि उनके द्वारा बताये गये बिंदुओं पर जांच करने के बाद ही निजि विवि में एडमिशन लें। अगर बिना जांचे एडमिशन ले लिया तो जवाबदारी आयोग की नहीं होगी।संजय ठाकुर ने कहा की अचरज की बात है की निजी वि वि के बेलगाम रवैये से बचाने की जो जवाबदारी आयोग की होनी चाहिये उससे वह बचते हुए छात्रों के उपर डाल रहा है कि स्वयं बचो। यह आयोग की कर्तव्य हीनता ही माना जायेगा। उल्लेखनीय है कि निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का गठन ही इसलिए हुआ है कि यदि कोई निजी विश्वविद्यालय फर्जी कोर्स संचालित करता है, या नियम का उल्लंघन करता है, तो आयोग विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करे। संजय ठाकुर ने कहा की यह असंभव कार्य होगा की कोई विद्यार्थी निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने के पूर्व विनियामक आयोग द्वारा पिछले 10 से 15 वर्षों में जारी परिनियम, अध्यादेश ,विनियम एक्ट इत्यादि का पूर्ण अध्ययन करे तत्पश्चात एडमिशन ले।ठाकुर ने कहा कि निजी विवि विनियामक आयोग को शिक्षण फीस तय करने का अधिकार नहीं है फिर भी वह कर रहा है, छात्र लुट रहे हैं। हाल ही में निजी विवि द्वारा चलाये जा रहे पैरामेडिकल कोर्स इसका उदाहरण है। जिसे मान्यता देने शासन तैयार नहीं अर्थात निजि विवि लोगों की आंखों में धूल झोंक रहे और आयोग पिछलग्गू बना खड़ा है। संजय ठाकुर ने कहा की शासन को अपनी जवाबदारी से मुंह नहीं मोड़ना चाहिये बल्कि छात्र हित में सभी निजी वि वि द्वारा चलाये जा रहे कोर्सेस व फीस की समीक्षा करने के लिये निजी विवि विनियामक आयोग को निर्देशित करना चाहिये ।

मितानिन दीदीयों को बीपी मशीन का वितरण : विकास बोहरा

नगरी। नगर पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष विकास बोहरा के द्वारा मितानिन दिदियों को ब्लड प्रेशर (ब्क्क) मापने वाली मशीनों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य नगर में हृदय रोगों और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान करना और प्राथमिक इलाज सुनिश्चित करना है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा तीज महोत्सव के उपलक्ष में नगर के फॉरेस्ट विश्राम गृह में आयोजन रखा था जहां पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा पार्षद अंबिका ध्रुव राजा पवारशंकरदेव देवचरण ध्रुव पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम महिला मोर्चा अध्यक्ष सुलोचना साहू की उपस्थिति में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया

सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन3 को, तैयारी बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा 3 अगस्त को सुबह 9 बजे से स्थानीय पंचशील क्लब में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया गया है। नगर व जनकल्याण भाव से आयोजित इस सामूहिक पूजन में पूजन सामग्रियां आयोजन समिति द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के जुगनू चंद्राकर, मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक, दिलीप जैन ने बताया कि आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। शिवलिंग बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं को अपने साथ थाली, परात लेकर आना है। साथ ही पूजन के लिए फूल व बिल्व पत्र लाना है। उन्होंने बताया कि पं पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में पूजन विधान पूर्ण किया जाएगा। पूजन अभिषेक के बाद भंडारा तथा भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी, जो महामाई तालाब पहुंचकर समाप्त होगी। आयोजन को लेकर पंचशील क्लब में बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रूप से मनोजकांत साहू, गिरजाशंकर चंद्राकर, अजय साहू, हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, ललिता चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, मीना चंद्राकर, विमला यादव, कृष्णकुमार चंद्राकर, श्वेता गुप्ता, लीना कमल, निरंजना चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर, मंजुला शर्मा, बबली तारक, कामनी पांडे, उत्तरा साहू, सोनिया साहू, प्रतिभा यदु, निर्मला विश्वकर्मा, ईश्वरी चंद्राकर, सीता यादव, मोहनी शर्मा, सावित्री यादव, लक्ष्मीन यादव, बसंती यादव आदि मौजूद थे।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में दुर्गेश्वरी कंपाउंड एवं डूमेश्वरी रिकर्व में रही प्रथम

चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता भोरिंग में 7 को होंगे शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा के बिहाझर में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बॉल आश्रम में 25 जुलाई को किया गया। जिसमें विकासखंड के खिलाड़ी अंडर 14, 17, 19 वर्ष आयु के बालक एवं बालिका ने इंडियन राउंड, रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड में शामिल हुए। संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में 7 अगस्त को आयोजित की जाएगी, जिसमें रायपुर संभाग अंतर्गत धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, महासमुंद और बलौदाबाजार जिले के प्रतिभागी शामिल होंगे। बालिका वर्ग में इंडियन राउंड 14 वर्षीय में हर्षा प्रजापति सेजेश बागबाहरा ने प्रथम,17 वर्षीय वैशाली साहू कन्या शाला बागबाहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 19 वर्षीय में सरोज भारती ने प्रथम एवं टिकेश्वरी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कंपाउंड राउंड 17 वर्षीय में दुर्गेश्वरी साहू भोरिंग महासमुंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिकर्व राउंड 17 वर्षीय में डुमेश्वरी साहू भोरिंग ने प्रथम, बालक वर्ग में इंडियन राउंड 14 वर्षीय में लक्ष्मण चंद्राकर पूर्व माध्यमिक शाला खोपली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 17 वर्ष में गजेंद्र निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोपड़ी ने प्रथम, 19 वर्षीय में भास्कर साहू शासकीय हाई स्कूल खोपली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बच्ची को पीटा फिर परिवार के साथ मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। बच्ची को पीटने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। बागबाहरा थाना क्षेत्र के जामगांव निवासी सुंदरलाल साहू ने पुलिस को बताया कि 25 जुलाई की सुबह 9 बजे उनकी बेटी स्कूल जाने घर से निकली थी, कुछ देर बाद घर वापस आकर उसने बताया कि वह स्कूल जा रही थी तभी निखिल गोस्वामी की पत्नी ने बुलाया और मेरी बेटी से क्यों गाली गलौज करती है कहकर उसे पीटा। बच्ची के यह बताने पर उनकी पत्नी कांति साहू, भाभी महेश्वरी साहू, मां केजाबाई और भाई सुंदर सिंह के साथ निखिल के घर पहुंचा इस दौरान निखिल गोस्वामी की पत्नी ओमेश्वरी गोस्वामी ने हम लोगों से गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारी बेटी ने मेरी बेटी को गाली दी है तो क्यों नही मारेंगे। जब उसे गाली देने से मना किया तब निखिल गोस्वामी और उसका छोटा भाई घर से डंडा लेकर निकले और उनके घर के पास आकर गाली-गलौज करते मारपीट की।

कृषि कार्य में मजदूर, रसायनिक खाद का टोटा

छुरा / नवप्रदेश। अंचल में अच्छी बारिश के बाद खेतों में काम तेज हो गया है। किसान धान की रोपाई और बियासी में जुट गए हैं। गांवों में पारंपरिक तरीके से बैल से नागर चलाकर बियासी हो रही है। किसान एक दूसरे के खेतों में मिलकर काम कर रहे हैं। इससे मजदूरों की कमी कुछ हद तक दूर हो रही है। इस बार एक साथ काम शुरू होने से मजदूरों की भारी कमी हो गई है। रोपाई के लिए अधिक मजदूरों की जरूरत होती है। स्थानीय मजदूर कम पड़ रहें हैं। किसान दूसरे गांवों से मजदूर बुला रहे हैं। इससे लागत बढ़ गई है। किसान अशोक अग्रवाल, नोहर अग्रवाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी रोपाई का समय आया, लेकिन मजदूर नहीं मिल रहें हैं,बाहर से बुलाने पर ज्यादा पैसा देना पड़ रहा है। खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। अभी हाल में सरकारी समिति रसेला में सिर्फ यूरिया खाद ही उपलब्ध है। यह पहला साल नहीं है जब खाद की किल्लत हो रही है, रबी सीजन हो या खरीफहर बार,हर साल किसान खाद के लिए मारामारी करता है, क?ई दिन इंतजार करने के बाद उसे जितना चाहिए उतनी नहीं, मजबूरन किसान दोगुने दामो में बाजार से खाद खरीदता है, इधर खाद व्यापारी भी कालाबाजारी करने से नहीं चूकते, इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि देश के लिए अन्न उगाने वाले अन्नदाता को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पाती।

सरकार ने सहकारी समितियों और सहकारी केन्द्रो के माध्यम से खाद सप्लाई या वितरण की जाती है। किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार विभिन्न उपाय कर रही है जैसे खाद वितरण केन्द्रों की संख्या बढ़ाना, कालाबाजारी रोकना और टोकन सिस्टम लागू किया गया है। ये समितियां किसानों को खाद, बीज, ऋण और अन्य कृषि चीजें उपलब्ध करवाती है लेकिन हर साल किसानों को खाद उनकी जरूरत के अनुसार नहीं मिल पाती। क्षेत्र के किसान ईश्वर वर्मा, नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव,राधे सेन, भोजराज नागेश, रिखीदास, राकेश कोमर्रा, रामेश्वर सिन्हा, कार्तिक यादव, सोहनलाल मरकाम, राघवेन्द्र यादव, सहित क्षेत्र सभी कृषकों ने खाद उपलब्ध कराने मांग की है।

सायबर फ्राड और नशा मुक्ति पर पुलिस प्रशासन ने चौक-चौराहों में चलाया जागरूकता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हाट-बाजारों, चौक-चौराहों और स्कूल-कॉलेजों में पुलिस प्रशासन के द्वारा 1 से 24 जुलाई तक नशामुक्ति भारत पखवाड़ा जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति, महिला संबंधी सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम और गौ वंश तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई व डायल 112 की जानकारी दी गई।

पुलिस ने तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम डोकरपाली, कोदोपाली चौकी बुंदेली, खोखेपुर थाना बलौदा, खेल मैदान पिथौरा थाना पिथौरा, ग्राम बेलसोंडा फाटक थाना महासमुंद, शंकराचार्य भवन महासमुंद सहित अन्य स्थानों पर एक दिवसीय कार्यशाला में साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का महासमुंद पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से अभियान चलाकर नशे के दुष्प्रभाव, नशा के सामाजिक, आर्थिक प्रभाव के बारे में बताया। अभियान के दौरान लगभग 18 हजार लोगों को जागरूक किया गया और 2219 लोगों को ऑनलाइन नशामुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई गई। पुलिस टीम ने ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा की।

विश्व आईवीएफ दिवस पर 40 दंपत्तियों ने साझा किए अनुभव

महासमुंद/नवप्रदेश। विश्व आईवीएफ दिवस पर ज्योति आईवीएफ एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के द्वारा किलकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन तमाम दंपत्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अब तक आईवीएफ पद्धति के जरिए अपने घरों में संतान की खुशियां बिखेरी। कार्यक्रम में 40 से अधिक ऐसे दंपत्ति शामिल हुए, जिनके घर आईवीएफ के जरिए किलकारी गूंज रही है। इस दौरान सभी ने अपने अनुभव भी साझा किए। संस्था के डायरेक्टर डॉ ज्योति कालीकोटी और डॉ एचबी कालाकोटी ने बताया कि संस्था ने 40 से अधिक परिवार को आईवीएफके जरिए सफल उपचार कर स्वस्थ शिशु सौंपा है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया अटल जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

■ व्यक्तित्व को बताया युगद्रष्टा

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज सरायपाली प्रवास के दौरान मा घंटेश्वरी मंदिर के समीप नवनिर्मित अटल परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अटल जी के विचारों व योगदान को स्मरण किया।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे, जिनका संपूर्ण जीवन राष्ट्सेवा के लिए समर्पित रहा। वे विचारों के धनी, ओजस्वी वक्ता और दूरदृष्टा राजनेता थे। अटल जी ने न सिर्फ भारतीय राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि आमजन की आशाओं को नीति में परिवर्तित कर दिखाया। पोखरण परमाणु परीक्षण हो या सर्वसमावेशी विकास की परिकल्पना, हर कदम पर उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने आगे कहा कि अटल जी का जीवन सरलता, संयम और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक रहा है। उन्होंने लोकतंत्र की गरिमा को सदैव सर्वोपरि रखा और विपक्ष को भी सम्मान देने की परंपरा स्थापित की। उनके व्यक्तित्व से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

सरकार विधानसभा के अगले सत्र में लाएगी धर्मांतरण पर नया कानून

रायपुर /नवप्रदेश । प्रदेश में रोज किसी न किसी जगह से धर्मांतरण की आ रही खबरों के बीच साय सरकार धर्मांतरण पर नया कानून लाने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शदाणी दरबार में आयोजित हिंदू राष्ट्रीय अधिवेशन में नए कानून का ड्राफ्ट तैयार होने की जानकारी देते हुए बताया कि इसे विधानसभा के अगले सत्र में पटल पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिवेशन में कहा कि राज्य में कोई भी गाय सड़कों पर नहीं दिखनी चाहिए और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि राज्य में सवा 100 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिन्हें 5 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है. नगरीय क्षेत्रों में भी गौशालाएं बनाई गई हैं, और निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों पर मवेशी नजर न आएं।

सीएम साय ने कहा, जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो उसे सड़कों पर छोड़ दिया जाता है. यह स्थिति ठीक नहीं है। हिंदू भाइयों को इस पर ध्यान देना होगा. उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में सड़कों पर कोई मवेशी नहीं दिखेगा। विष्णु देव साय ने जशपुर का जिक्र करते हुए कहा कि वहां एशिया का दूसरा सबसे बड़ा चर्च है, लेकिन स्व. दिलीप सिंह जूदेव और उनके पुत्र प्रबल प्रताप जूदेव ने घर वापसी अभियान को मजबूती दी है. कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता गांव-गांव में हिंदू धर्म के प्रचार में जुटे हैं।

महादेव घाट से 3 अगस्त को निकलेगी पदयात्रा

हिंदू राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए महाराज राम बालक दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ से हिंदू राष्ट्र का उद्घोष हो रहा है और इसे 2025 तक पूरा करना है. उन्होंने लव जिहाद और गौ तस्करी पर कठोर कानून की मांग की। इस दौरान उन्होंने 3 अगस्त को महादेव घाट से राम मंदिर तक विशाल पदयात्रा की घोषणा की, जिसमें बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी शामिल हो सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगा करें : डा. वर्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला सनातन सभा द्वारा वृन्दावन हाल में आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम में गीत, संगीत एवं नृत्य की धूम रही. कार्यक्रम की शुरुआत तनु बेदी एवं उनकी टीम द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। तत्पश्चात सुदेश गुलाटी ने भी अपने भावपूर्ण भजनों से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान राजधानी की सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डा. वर्षा धनवानी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने नेक पेन और लोअर बैक पेन के कारणों की जानकारी देते हुए इससे बचाव के सरल उपाय बताए। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को नेक पेन के उपचार के लिए एक्सरसाइज भी कराया, इससे कई महिलाएँ लाभान्वित हुई. डा. धनवानी ने सभी महिलाओं से स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग करने की सलाह दी. उन्होंने वर्षा ऋतु में व्यावहारिक रूप से स्वास्थ्य की देखभाल करने के गुर भी बताये. कार्यक्रम के आयोजन में महिला सनातन सभा की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, कोषाध्यक्ष उमा डोडेजा, सचिव मीना बजाज एवं अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई. इस अवसर पर भारी संख्या में सनातन सभा की महिलाओं ने हिस्सा लिया.

ग्रीन फूड और ग्रीन ड्रेस के साथ बच्चों ने मनाया ग्रीन डे

रायपुर/नवप्रदेश । टिफिन में ग्रीन पराठा, चीला, पुड़ी, पास्ता, फरूट्स, भिंडी की सब्जी से लेकर ग्रीन ड्रेस कोड के साथ संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चे शनिवार को ग्रीन डे मनाने स्कूल पहुंचे। इसे लेकर जितना उत्साह बच्चों में था, उससे अधिक उत्साह शिक्षकों में देखा गया। शिक्षकों के साथ प्राचार्य मनीष गोवर्धन भी ग्रीन ड्रेस कोड में नजर आए। बच्चों के साथ मिलकर शिक्षकों और प्राचार्य ने ग्रीन डे सेलिब्रेट किया। मौका था महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का। प्री प्राइमरी कक्षाओं की इंचार्ज शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने बताया कि हमारे जीवन में हरा रंग विकास और उर्वरता का प्रतीक है। नर्सरी, पीपी वन और पीपी टू के बच्चों ने ग्रीन डे को लेकर विशेष उत?साहित रहे। सभी बच्चे हरे रंग के ड्रेस कोड में पहुंचे थे। अस्मिता के अनुसार कुछ बच्चे पेड़ बनकर आए थे। प्राचार्य गोवर्धन भी बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने प्राचार्य को अधिक ऑक्सीजन का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए रेसिटेशन कंपिटिशन का भी आयोजन किया गया। रेसिटेशन कंपिटिशन का नेतृत्व सुरेखा नायक, शिखा गुप्ता ने किया। निर्णायक के तौर पर विनीता सुंदरानी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नर्सरी से जिज्ञासा, चैतन्य, भावना ने तो पीपी वन से विवान, निकिता, अमायरा और पीपी टू से अद्विक, वंश, गिताली, रेयांश, रिहाना ने अभिनय के साथ कविताओं की प्रस्तुति दी।

सूदखोर फरार हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमरबंधु के दफ्तर पर चला निगम प्रशासन का बुलडोजर

■ पुलिस और निगम की टीम मौजूद

रायपुर/नवप्रदेश । सूदखोर और हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। नगर निगम और पुलिस की टीम आज भाटागांव स्थित तोमर बंधुओं के ऑफिस पहुंची और बुलडोजर कार्रवाई की। दफ्तर को बिना नक्शा और अनाधिकृत रूप से निर्माण किया गया था। बताया जा रहा है कि इसी दफ्तर से तोमर बंधु सूदखोरी का कारोबार संचालित करते थे। जानकारी के मुताबिक, फरार हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर अपनी पत्नी भावना तोमर के नाम से दफ्तर खोल रखा था. यहीं से वह और उसका भाई वीरेंद्र तोमर अवैध रूप से ब्याज पर पैसा देने का काम करते थे. दोनों आरोपी लंबे समय से फरार हैं।

कार्रवाई के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. निगम की टीम ने दफ्तर से अंदर मौजूद सामान को बाहर निकालना शुरू कर दिया है.

सुशासन है तो सुदर्शन चक्र भी-उपमुख्यमंत्री शर्मा

कानून के ऊपर कोई नहीं: डिप्टी सीएम साव

ब्लैकमेलिंग और सूदखोरी मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं के भाठागांव स्थित दफ्तर को बलुडोजर चलाकर ढहा दिया गया. कार्रवाई के लिए अतिरिक्त बल के साथ पुलिस और निगम की टीम मौके पर पहुंची थी. इस दौरान मकान से कई अहम दस्तावेज मिले हैं बुलडोजर एक्शन को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव ने बड़ा बयान दिया है।

किसी मंत्री-मुख्यमंत्री जी के साथ फोटो खिचवाने से कोई क़ानून से बड़ा नहीं हो जाता। तोमर बंधुओं के दफ्तर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है. उन्होंने सोशल मीडया पोस्ट में कहा कि विष्णुदेव सरकार में ÷सुशासन है तो चक्र सुदर्शन भी है÷, किसी मंत्री-मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचवाने से कोई कानून से बड़ा नहीं बन जाता. अपराधी तोमर ने कई लोगों को पीड़ा पहुंचाई है।

लंबे समय से तोमर बंधू फरार

बता दें कि रोहित और उसका भाई वीरेंद्र तोमर लंबे वक्त से फरार हैं, कोर्ट से दोंनों की गिरफ्तारी का भी वारंट जारी हो चुका है. दोनों भाइयों पर सूदखोरी, ममारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में कई थानों में मामले दर्ज हैं. फरार भाईयों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है. फरार हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर की पत्नी भावना उर्फ रुचि तोमर को पुलिस ने गिरफ्तार में लेकर पूछताछ की थी. पूछताछ में उसने कई राज उगले और कई प्रॉपर्टियों की जानकारी दी. पुलिस ने लग्जरी जैगुआर गाड़ी बरामद की थी. दरअसल कार का असल मालिक भिलाई निवासी मनोज कुमार वर्मा था. उसने तोमर बंधुओ से 5 साल पहले 300000 रुपए उधार लिए थे. इसके बदले में कार को गिरवी में तोमर बंदुओ रख लिया था. उधार लेने के बाद वह 8 लाख रुपए चुका चुका था. लेकिन इसके बाद भी तोमर बंधु उसकी लग्जरी कार वापस नहीं कर रहे थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ का किया दौरा

■ माध्यमिक विद्यालयों, अटल डिजिटल सेवा केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आज आदिवासी बाहुल्य मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों का डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर समुदायों में रूपांतरण भारत की जमीनी प्रगति का सजीव प्रमाण है।

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने स्मार्ट कक्षा एवं डिजिटल शिक्षण उपकरणों का अवलोकन करते हुए मंत्री ने कहा कि डीएमएफ और पीएम-श्री जैसी योजनाओं के माध्यम से यह विद्यालय आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आदर्श बन रहा है। मौके पर उन्होंने बच्चों से प्रश्नोत्तर भी किया जिसका सही जवाब पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने अटल डिजिटल सेवा केंद्र का दौरा कर नागरिकों को डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाते देखा और इसे डिजिटल साक्षरता, वित्तीय समावेशन और लोकतांत्रिक विश्वास को सशक्त करने वाला माध्यम बताया।

आत्मा का कल्याण करना है तो पहले शरीर के महत्व को समझो : मनीष सागर

■ अतिराग में डूबकर शरीर का दुरुपयोग पतन की ओर ले जाता है

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में शनिवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि ने कहा कि शरीर के प्रति अतिराग नहीं करना चाहिए। सदैव शरीर का सदुपयोग करना चाहिए। जो हमें प्राप्त है, वह पर्याप्त है इस सिद्धांत में रहकर आनंद नहीं खोना चाहिए। शरीर को ढकने के लिए कपड़े की आवश्यकता है लेकिन उन कपड़ों के चयन करने में डूबना अतिराग है। बाल सफेद हो जाए तो उसे छुपाने के लिए डाई करना यह अतिराग है। शरीर को संभालने के बजाए इसे सजाने और संवारने में कितना समय व्यर्थ हो रहा है, यह भी अतिराग ही है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आत्मा तक पहुंचना है, आत्मा का कल्याण करना है तो पहले शरीर को समझना होगा। शरीर हमारे पास एक है। शरीर से लगाव होने से हमें ऐसा प्रतीत होता है कि आत्मा ही शरीर है, शरीर ही आत्मा है। यह भ्रम होता है लेकिन यह दोनों भिन्न है। जैसे तलवार और म्यान भिन्न होती है। वैसे ही आत्मा और शरीर भिन्न है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि शरीर निर्वाण को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। वास्तव में शरीर की उत्तमता बढ़ाकर ज्ञानी यह सिद्ध करना चाहते हैं कि आप शरीर का सदुपयोग अच्छी तरह से करो। शरीर का दुरुपयोग नहीं करो। शरीर की तीन विशेषता दुर्लभता, योग्यता, उपयोगिता है। मनुष्य का शरीर दुर्लभ है और यह कितने भव में भटकने के बाद प्राप्त होता है ये सभी को पता है। इसकी योग्यता भी आमाप है। ये वैज्ञानिक और धर्मशास्त्र बोलते हैं। मोक्ष और संयम का भी मूल शरीर है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का शरीर मूल है। उपाध्यक्ष भगवंत ने कहा कि शरीर देवालय है। शरीर को मंदिर की उपमा दी गई है। इसमें आत्मा रूपी देव विराजते हैं। मनुष्य शरीर दुर्लभ है, यह अति कठिनाई के प्राप्त होता है। ब्रह्मांड में मनुष्य शरीर को धारण करना अत्यंत कठिन है।

राजधानी में सेक्स स्केंडल का भंडाफोड़

स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में अनैतिक देह व्यापार का पर्दाफाश हुआ है। जहां पुलिस ने एक मकान पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एक घर में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में पुरानी बस्ती थाना और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अपने पाईटर को नकदी देकर मौके पर भेजा। पाईटर द्वारा सौदा तय होते ही पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और एक कमरे से एक युवक और दो युवती को पकड़ा। कमरों की तलाशी लेने पर पुलिस ने आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है।

स्पा सेंटर की आड़ में नेटवर्क संचालित-गिरफ्तार आरोपियों में आकाश साहू (39 वर्ष), निवासी सड्डू रायपुर ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर देह व्यापार में संलिप्त था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि एक पीड़ति महिला को जबरन इस धंधे में शामिल किया गया था।जांच के दौरान मुख्य सरगना कृषाणु दास (42 वर्ष) का नाम सामने आया, जो शंकर नगर निवासी है और रायपुर के समता कॉलोनी, कटोरा तालाब और खम्हारडीह में तीन स्पा सेंटर संचालित करता है। पुलिस के अनुसार, इन स्पा सेंटरों की आड़ में वह देह व्यापार का अवैध धंधा चलाता था। आकाश साहू और उसकी महिला मित्र इसमें सक्रिय रूप से सहयोग करते थे।

फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस-आरोपियों के मोबाइल फोन से व्हाट्सएप चैट्स, संदिग्ध ट्रांजेक्शन और रैकेट से संबंधित जानकारी बरामद हुई है। पुलिस ने चार मोबाइल फोन जब्त कर अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 की धारा 4, 5 और 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस रैकेट से जुड़े अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

बारिश से दक्षिणविस का हाल बेहाल :कन्हैया

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने गत रात हुई बारिश के बाद रायपुर दक्षिण विधानसभा के हर क्षेत्र में हर साल की तरह जल भराव होने के कारण छोटे से लेकर बड़े हर तरह के घरों में पानी भरने की समस्या के लिए रायपुर के सांसद ,विधायक और महापौर को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि पिछले 25 सालों से रायपुर दक्षिण भाजपा के विधायक और सांसद देता आया है पर दक्षिण की जनता को सदा धोखा मिला है । 25 साल पहले जो हालात थे आज उससे बदतर हालात है । उन्होंने कहा कि रात की दो-तीन घंटे की बारिश के बाद सुंदर नगर जैसी कॉलोनी के कई मोहल्ले में पानी भर गया, लाखे नगर सुंदर नगर मुख्य मार्ग में पानी भरा रहा । धर्मनगर की बस्ती पूरी तरह से डूबी रही ,आदिवासी कॉलोनी कुशालपुर, प्रोफेसर कॉलोनी, भाटागांव केसरी बगीचा मार्ग, भाटागांव काठाडीह मार्ग ,भटगांव रायपुरा मार्ग हर साल की तरह ही जलमार्ग में रहे, दोपहिया वाहन चालक तक आने-जाने में परेशान होते रहे । देर रात घरों में पानी घुसने के बाद रात 3ः00 बजे से ही लोग अपने-अपने घरों से पानी निकालने की मस्कट में लग रहे पानी के साथ जीव जंतु बहकर घरों में पहुंच रहे थे, रात में लोगों के फोन घनघनाते रहे पर निगम की सेवाएं सुबह होने के बाद ही प्रारंभ हो पाई तब तक घरों में सब कुछ अस्त-व्यस्त हो चुका था । बच्चों के स्कूल जाने का तो सवाल ही नहीं था लोगों के घरों के जरूरी सामान भी खराब हुए । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि श्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर दक्षिण की जनता ने लगातार अपना प्विधायक बनाया सांसद बनाया, श्री सुनील सोनी को क्षेत्र की जनता ने सांसद बनाया विधायक बनाया महापौर बनाया परंतु दोनों ने जनादेश का अपमान किया, पानी की निकासी जैसी मूलभूत समस्या का निराकरण 25 सालों में क्षेत्र के सबसे दबंग का जाने वाले नेता नहीं कर पाए इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा ।

30 जुलाई को कैबिनेट में 2 प्रतिशत डीए डीआर देने का निर्णय कर मोदी की गारंटी को पूरा करे सरकार: वीरेन्द्र नामदेव

भाजपा शासित अन्य राज्यों का अनुकरण करे सरकार

रायपुर/म्नवप्रदेश । भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार से आग्रह किया है कि 30 जुलाई 25 को होनेवाली कैबिनेट बैठक में राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को केन्द्र के समान जनवरी 25 से बकाया 2त्न प्रतिशत डीए डीआर को अगला पिछला सभी एरियर सहित देने पर निर्णय लेकर विधान सभा चुनाव के संकल्प पत्र में ÷मोदी के गारंटी÷ के परिपालन में मध्यप्रदेश सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों का अनुसरण करने का आग्रह किया है। जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कर्मचारी नेता शासन द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष और छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता वीरेन्द्र नामदेव ने कहा है कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने डीए डीआर के मामले में पूरे पांच साल तक कर्मचारियों और पेंशनरों को खूब तरसाया और बहुत विलंब से डीए डीआर दिया और पूरा पूरा एरियर राशि हजम कर गए । उनके सत्ता से बेदखल होने में डीए डीआर का बहुत बड़ा योगदान है, परंतु सरकार बदलने के बाद भी आज विष्णुदेव सरकार में भी डीए डीआर की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस मामले पर कांग्रेस सरकार की परम्परा भाजपा सरकार में यथावत कायम है और मोदी की गारंटी में केंद्र के बराबर डीए डीआर देने के वायदे के बाद भी राज्य के कर्मचारी और पेंशनर डीए डीआर के लिए पूर्ववत तरस रहे हैं। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्तमंत्री ओ पी चौधरी को इस मामले को लेकर सोशल मीडिया एक्स में ट्वीट कर कैबिनेट में निर्णय लेने की मांग की है उन्होंने आगे बताया है कि भाजपा शासित मध्यप्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों को पिछले दो किस्त से एरियर के साथ डीए (महंगाई भत्ता) देने का सराहनीय काम किया है, परंतु पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को डीआर(महंगाईराहत) का एरियर देने में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहमत नहीं देने के कारण इस आर्थिक भुगतान से दोनों राज्य के पेंशनर्स वंचित है। मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) में 74ः 26 के अनुपात में बजट आबंटन की बाध्यता के कारण मध्यप्रदेश के पेंशनरों को राज्य सरकार के इच्छा के बावजूद एरियर से वंचित रहना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार के खजाने से ही छत्तीसगढ़ राज्य में ब्यूरोक्रेट द्वारा स्वयं अपना आदेश जारी कर केन्द्र के देय तिथि से डीए डीआर का भुगतान प्राप्त कर रहे है और कर्मचारियों - पेंशनरों हेतु भुगतान आदेश में वित्तीय घाटे का भय दिखाकर रोड़ा बनने का आरोप लगाया है।

न्यूज गैलरी

रिलायंस समेत टॉप-10 में से छह कंपनियों की मार्केट वैल्यू में करोड़ों की गिरावट

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट के चलते देश की 6 टॉप कंपनियों का बाजार मूल्य ?2.22 लाख करोड़ घट गया। सबसे बड़ा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। हालांकि, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और एसबीआई ने मार्केट वैल्यू में बढ़त हासिल की। बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है और निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में कमजोरी का असर देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी दिखा। टॉप-10 सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनियों में से 6 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल ?2.22 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट में सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है, जिसका मार्केट कैप ?1.14 लाख करोड़ तक घट गया। बीएसई सेंसेक्स पिछले सप्ताह 294.64 अंक यानी 0.36 फीसदी गिरा। विश्लेषकों का कहना है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली, व्यापार समझौतों को लेकर अनिश्चितता और कुछ बड़ी कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन की वजह से बाजार में दबाव बना रहा। हालांकि बैंकिंग सेक्टर ने मजबूत नतीजों की वजह से थोड़ी राहत दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप ?1,14,687.7 करोड़ घटकर ?18,83,855.52 करोड़ रह गया। यह टॉप-10 कंपनियों में सबसे बड़ी गिरावट है। इसके अलावा टीसीएस को ?20,080.39 करोड़, इंफोसिस को ?29,474.56 करोड़, एलआईसी को ?23,086.24 करोड़, बजाज फाइनेंस को ?17,524.3 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर को ?17,339.98 करोड़ की गिरावट झेलनी पड़ी। हालांकि कुछ कंपनियों ने बाजार में बढ़त भी दर्ज की। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप ?37,161.53 करोड़ बढ़कर ?15,38,078.95 करोड़ हो गया। आईसीआईसीआई बैंक को ?35,814.41 करोड़ की बढ़त मिली और उसका मूल्यांकन ?10,53,823.14 करोड़ पहुंच गया। भारती एयरटेल ने ?20,841.2 करोड़ और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने ?9,685.34 करोड़ की बढ़त हासिल की। रिलायंस इंडस्ट्रीज अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में आगे भी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, खासकर जब तक व्यापार समझौतों पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती और विदेशी निवेशकों की दिशा साफ नहीं होती।

दोनों पक्षों ने एक संतुलित, व्यापक और दूरदर्शी समझौते पर पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते पर दूसरे दौर की वार्ता पूरी की

नई दिल्ली। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए दूसरे दौर की वार्ता राष्ट्रीय राजधानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। वार्ता में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाया गया। बातचीत का तीसरा दौर सितंबर में न्यूजीलैंड में होगा। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, दूसरे दौर में मिली गति को बनाए रखने के लिए वर्चुअल बैठकें भी जारी रहेंगी। मई में नई दिल्ली में आयोजित पहले दौर के दौरान उत्पन्न गति को जारी रखते हुए, दूसरे दौर की वार्ता 14-25 जुलाई तक आयोजित की गई। इस दौर में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अच्छी प्रगति हुई, जिनमें सामानों और सेवाओं का व्यापार, निवेश, मूल-देश के नियम, कस्टम प्रक्रियाएं, व्यापार को आसान बनाना, तकनीकी बाधाएं, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता उपाय, और आर्थिक सहयोग

शामिल हैं। चर्चाओं में कई विषयों पर जल्द सहमति बनाने में पारस्परिक रुचि दिखाई गई। दोनों पक्षों ने एक संतुलित, व्यापक और दूरदर्शी समझौते पर पहुंचने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह प्रगति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच मार्च में हुई बैठक में आर्थिक संबंधों को गहरा करने की सहमति का नतीजा है। वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार 1.3 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 48.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह आर्थिक साझेदारी की बढ़ती संभावनाओं का संकेत है। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से व्यापार प्रवाह में वृद्धि, निवेश संबंधों को समर्थन, आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को बढ़ाने और दोनों देशों में व्यवसायों के लिए एक पूर्वानुमानित और सक्षम वातावरण स्थापित होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच 16 मार्च को हुई बैठक के दौरान एफटीए का शुभारंभ किया गया। मई में नई दिल्ली में आयोजित पहले दौर की वार्ता के दौरान उत्पन्न गति को जारी रखते हुए, दूसरे दौर की वार्ता 14-25 जुलाई तक आयोजित की गई।

प्रतिष्ठित जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे बड़ा स्टील सप्लायर बनकर उभरा है

सेल ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 273 प्रतिशत की शानदार वृद्धि की दर्ज

नई दिल्ली। महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान असाधारण मदों और कर-पूर्व लाभ में 273 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले विक्रेय मात्रा, प्रचालन से कारोबार, विक्रेय योग्य एवं कच्चे इस्पात उत्पादन में बढ़ोत्तरी हासिल की है।

सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल का वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही का प्रदर्शन बेहतर परिचालन दक्षता, बेहतर नकदी प्रवाह और घरेलू बाजार में बिक्री की मात्रा में मजबूत वृद्धि दर्शाता है, जिसे सरकारी सुरक्षा शुल्कों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने आगे कहा, बढ़ती घरेलू खपत, स्टील क्षमता के विस्तार और सरकार से सुरक्षा शुल्क समर्थन के साथ, उतार-चढ़ाव भरे वैश्विक परिदृश्य के बावजूद, हम सभी स्टील कंज्यूमिंग सेक्टर को उच्च गुणवत्ता वाला स्टील प्रदान करना जारी रखे हुए हैं। हमारे लागत अनुकूलन उपाय और हितधारकों के मूल्य को बढ़ाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता हमारी यात्रा के केंद्र में बनी हुई है। इस सप्ताह की शुरुआत में, सेल ने कहा कि वह प्रतिष्ठित जोजिला सुरंग परियोजना के लिए सबसे बड़ा स्टील सप्लायर बनकर उभरा है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना, जो वर्तमान में निर्माणाधीन है, भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक सुरंग बनने के लिए तैयार है।

सेल इस रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर की पहल में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित हुआ है, जिसने टीएमटी री-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेट सहित 31,000 टन से अधिक स्टील की सप्लाई की है। सेल के एक बयान के अनुसार, कंपनी इस परियोजना के लिए अपनी स्टील स्पलाई को निरंतर बनाए रख रही है, क्योंकि कंपनी 2027 में अपनी पूर्णता की समय सीमा की ओर बढ़ रही है। बयान में कहा गया है, जोजिला सुरंग में यह योगदान सेल की राष्ट्र निर्माण की दीर्घकालिक विरासत को मजबूत करता है। जोजिला सुरंग जैसी बड़ी परियोजनाएं सेल के स्टील की विश्वसनीयता और मजबूती पर निरंतर भरोसा करती हैं, जो कंपनी की गुणवत्ता के प्रति समर्पण और भारत के भविष्य को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है। यह परियोजना न केवल एक रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी प्रस्तुत करती है। बयान में कहा गया है कि जोजिला सुरंग में सेल का योगदान, भारत की सबसे प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओंको समर्थन देने की इसकी व्यापक विरासत को बढ़ाती है, जिनमें चिनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली सी लिंक, और ढोला सादिया तथा बोगीबील पुल शामिल हैं।

ग्लोबल कंपनी जेबिल भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 2,000 करोड़ से अधिक का कर रहो निवेश : अश्विनी

नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी जेबिल का गुजरात के साणंद स्थित प्लांट लगभग पूरा हो चुका है। यह प्लांट देश में सिलिकॉन फोटोनिक्स और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स का निर्माण करेगा। जेबिल के 25 से अधिक देशों में 100 से अधिक स्थानों पर 1,40,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जेबिल भारत में सिलिकॉन फोटोनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विस के विनिर्माण में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, साणंद स्थित प्लांट लगभग पूरा हो चुका है। जेबिल के ग्राहकों की सूची में स्वास्थ्य सेवा, पैकेजिंग, स्मार्टफोन और क्लाउड इक्विप्मेंट से लेकर ऑटोमोटिव और घरेलू उपकरणों तक, हर बाजार में दुनिया के 300 सबसे बड़े ब्रांड शामिल हैं। इस बीच, दूरसंचार विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार ने कहा है कि 31 मार्च तक दूरसंचार उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 1,162 करोड़ रुपए वितरित किए हैं।

1 अप्रैल, 2021 को शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य दूरसंचार क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। यह चालू वित्त वर्ष के अंत में समाप्त होने वाली है। इस योजना के तहत चयनित 42 कंपनियों में से 21 निर्माताओं ने अब तक सफलतापूर्वक प्रोत्साहन प्राप्त कर लिए हैं। सरकार ने इस योजना के लिए 4,115 करोड़ रुपए निर्धारित किए थे, जिसका लक्ष्य अनुमानित 2.45 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त बिक्री और इसके दौरान 44,000 से अधिक नए रोजगार सृजित करना था। जेबिल शीर्ष लाभार्थी के रूप में उभरा, जिसने दो वित्त वर्षों में 235.87 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन प्राप्त किया। अन्य प्रमुख प्राप्तकर्ताओं में 165.12 करोड़ रुपए के साथ फ्लेक्सट्रॉनिक्स, 157.32 करोड़ रुपएके साथ नोकिया, 80.33 करोड़ रुपए के साथ फॉक्सकॉन राइजिंग स्टार्स और 53.23 करोड़ रुपए के साथ सिरमा एसजीएस का नाम शामिल है।

खेल, मनोरंजन

आखिरी ओवर में 7 रन नहीं बना सकी दक्षिण अफ्रीका

हरारे। जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए त्रिकोणीय सीरीज पर ब्लैक कैप्स ने कब्जा कर लिया है. 26 जुलाई को हरारे में खेल गए सीरीज के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 3 रनों से हरा दिया। न्यूजीलैंड के 180 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 177 रन ही बना सकी. तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने आखिरी ओवर में 7 रन डिफेंड करके त्रिकोणीय सीरीज का ताज अपनी टीम के सर डाल दिया।

हरारे के ग्राउंड पर बड़े स्कोर का पीछा करना आम बात थी, वहां पर हेनरी ने निर्णायक भूमिका निभाई और 180 रनों का सफलतापूर्वक बचाव किया, जो टूर्नामेंट के दौरान इस मैदान पर एकमात्र सफल बचाव था। दक्षिण अफ्रीका की ओर से रीजा हेंड्रिक्स और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने पहले विकेट के लिए 92 रनों की धमाकेदार साझेदारी की और एक वक्त दक्षिण अफ्रीका 10वें ओवर में 92/0 के स्कोर पर जीत की ओर अग्रसर दिख रहा था. प्रीटोरियस ने विशेष रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन किया, उन्होंने 33 गेंदों में अर्धशतक (51) जड़ा। हालांकि, जब जैकब डफी ने हरमन को और एडम मिल्ने ने रासी वैन डेर डूसन को आउट किया, तो फिर दक्षिण अफ्रीका की लय धीमी पड़ गई और उन्होंने 39 रन पर अपने 4 विकेट गिरा दिए जिसके बाद उन्हें आखिरी 29 गेंदों में 50 रनों की जरूरत थी।

डेवाल्ड ब्रेविस (31) और जॉर्ज लिंडे (10) ने फिर पलटवार किया और 25 गेंदों पर 43 रनों की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को मैच में वापस ला दिया. आखिरी ओवर में जब सिर्फ 7 रन चाहिए थे, तो हेनरी ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और ब्रेविस को 31 रन पर आउट कर दिया. और फिर लिंडे को 10 रन पर आउट कर दिया. उसके बाद आखिरी गेंद पर अफ्रीका को चौका चाहिए था, लेकिन वह उसे नहीं बना सके। इससे पहले, न्यूजीलैंड ने 180 रन बनाए. जिसमें टिम सीफर्ट (30) और डेवोन कॉनवे (47) के बीच 75 रनों की मजबूत ओपनिंग साझेदारी और फिर रचिन रवींद्र की 27 गेंदों पर 47 रनों की तेज पारी शामिल थी. लुंगी एनगिडी (4-0-24-1) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में कडा रुख अपनाया और आखिरी तीन ओवरों में सिर्फ तीन चौके दिए।

सीफर्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि हेनरी चार मैचों में 10 विकेट लेकर विकेट तालिका में शीर्ष पर रहे. दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक रवैये के बावजूद, गेंदबाजी में उनका अनुशासन कमजोर रहा और उन्होंने 13 वाइड दिए, जो उन्हें काफी महंगा पड़ा. त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम जिम्बाब्वे ने अपने ग्रुप चरण के सभी चार मैच हार गई थी।

साइको सइयां का मेरे करियर में बड़ा योगदान : ध्वनि भानुशाली

सिंगर ध्वनि भानुशाली के सॉन्ग 'साइको सइयां' को रिलीज हुए छह साल पूरे हो चुके हैं। ध्वनि ने 'साहो' के गाने से जुड़ी अपनी यादें ताजी की और बताया कि यह उनके करियर में खास महत्व रखता है।ध्वनि भानुशाली ने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने खास तरीके से प्रैक्टिस की थी और तेलुगू, तमिल के साथ मलयालम में हर शब्द को सावधानी से उच्चारण करना सीखा।ध्वनि ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'साइको सइयां' पर डांस करती नजर आईं।यह गाना साल 2019 में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'साहो' का है, जिसमें प्रभास, श्रद्धा कपूर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ, अरुण विजय और नील नितिन मुकेश जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुजीत ने किया था।ध्वनि ने कैप्शन में लिखा, आज 'साइको सइयां' सॉन्ग के छह साल पूरे हो चुके हैं। मुझे आज भी याद है, जब यह सब शुरू हुआ था। मैंने 'वास्ते' गाना रिलीज किया था और गोवा में दोस्तों के साथ थी, तभी मुझे फोन आया कि 'साइको सइयां' को तीन और भाषाओं, तेलुगू, तमिल और मलयालम में गाना है।उन्होंने बताया कि वह उत्साहित होने के साथ-साथ थोड़ी नर्वस भी थीं, लेकिन उनकी टीम ने उनका हौसला बढ़ाया।इस गाने के लिए ध्वनि ने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ काम किया और हर भाषा में शब्दों का सही उच्चारण सीखा।

शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात प्रभास और श्रद्धा कपूर से हुई।ध्वनि ने बताया, कई लोगों ने मुझसे कहा कि मेरी आवाज श्रद्धा के लिए एकदम सही थी। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।ध्वनि ने इस गाने को करियर का पहला बड़ा कदम बताया, जिसने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और प्रशंसकों के करीब लाया। उन्होंने गायक सचेत टंडन के साथ मिलकर बनाए इस गाने को प्यार देने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा, जब मैं अपने शोज में या सोशल मीडिया पर फैंस को इस गाने पर गाते-नाचते देखती हूं, तो मुझे संगीत की ताकत का एहसास होता है।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 में चटाई धूल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का दबदबा वेस्टइंडीज पर जारी है. कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर में जाकर 5 मैचों की टी20 सीरीज के लगातार 4 मैचों में हरा दिया है. ऑस्ट्रेलिया ने आज बस्सेटेरे में खेले गए चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4 बॉल बाकी रहते हुए 3 रनों से हरा दिया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 206 रन बनाकर मैच 3 विकेट से जीत लिया. इस जीत के हीरो ग्लेन मैक्सवेल रहे। मैक्सवेल ने मैच में 18 बॉल पर 1 चौके और 6 छक्कों के साथ 261.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 47 रनों की पारी खेली. इस मैच

में उन्होंने 2 कैच भी पकड़े, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. मैक्सी के अलावा जोश इंग्लिस ने 51 और कैमरून ग्रीन ने 55 रनों की पारी खेली. वेस्टइंडीज के लिए जेडियाह ब्लेड्स ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए। इससे पहले वेस्टइंडीज के लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए. उनके अलावा रोवमैन पॉवेल और रोमारियो शेफर्ड ने 28-28 रनों की पारी खेली. जेसन होल्डर ने 26 रनों की पारी खेली. ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह वाकई एक बेहतरीन ऑलराउंड प्रयास था. शुरुआत में कुछ विकेट लेना अच्छा रहा क्योंकि वेस्टइंडीज जैसी टीम हमेशा कड़ी टक्कर देती है. गेंद से यह एक बेहतरीन प्रयास था. हमने एक टीम के रूप में दबाव में शांत रहने की बात कही है और मैं इससे वाकई खुश हूं।

तैराकी के तीसरे दिन सैफई खेल छात्रावास ने जीते 17 पदक

वाराणसी। वाराणसी में हॉकी, हैंडबॉल, फुटबॉल, तैराकी सहित विभिन्न खेल आयोजन हो रहे हैं। खिलाड़ी बढ़-चढ़ कर इन खेलों का हिस्सा बन रहे हैं। जीते हुए खिलाड़ियों को सम्मान के साथ प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। खेल विभाग की ओर से सब जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता सिगरा स्टेडियम में हुई। तीसरे दिन सर्वाधिक 17 पदक जीतकर सैफई खेल छात्रावास की टीम अंक तालिका में सबसे ऊपर है। 14 पदकों के साथ वाराणसी दूसरे, 11 पदकों के साथ विंध्याचल मंडल की टीम तीसरे और लखनऊ खेल छात्रावास और लखनऊ की टीम 7 पदकों क साथ चौथे स्थान पर है। शनिवार को 24 स्वर्ण पदक के लिए 18 मंडल और दो खेल छात्रावास के खिलाड़ियों ने तीन समूहों में दमखम दिखाया। आरएसओ विमला सिंह ने बताया कि ग्रुप एक के 400 मीटर फ्री स्टाइल में सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के राज चौहान, बालिका वर्ग में लखनऊ की सृष्टि तिवारी, ग्रुप दो 400 फ्री स्टाइल में विंध्याचल के शिवकांत निषाद विंध्याचल, बालिका वर्ग में वाराणसी की इज्या सिंह और ग्रुप तीन के 400 मीटर फ्रीस्टाइल सैफई खेल छात्रावास के कुनाल कुमार, बालिका में लखनऊ की सांची तिवारी ने स्वर्ण पदक जीता। 200 मीटर बटर फ्लाई में सैफई खेल छात्रावस के संजीव यादव, बालिका में विंध्याचल की वंदना साहनी, 200 मीट बटरफ्लाई में वाराणसी के गौरव सेना गुप्ता, बालिका में वाराणसी की गायत्री ने स्वर्ण पदक जीता।

हुमा कुरैशी की फिल्म बयान पहुंची टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी की थ्रिलर फिल्म बयान को आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के लिए चुना गया है। हुमा कुरैशी ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में अपनी फिल्म के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि फिल्म बयान ने उन्हें एक सशक्त महिला किरदार निभाने का मौका दिया, जो न्याय व्यवस्था में बड़ी ताकतों के खिलाफ खड़ी होती है। हुमा ने ऐसी कहानी को पेश करने वाली समर्पित और निडर टीम के साथ काम करने की खुशी भी जताई। कई भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम कर चुकी हुमा ने कहा कि फिल्म का विश्व प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के डिस्कवरी सेक्शन में होगा–ये ऐसा सेक्शन है जिसने जो क्रिस्टोफर नोलन, अल्फोंसो क्वारोन और बैरी जेनकिंस जैसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं को दुनिया के सामने पेश किया। फिल्म एक रोमांच से भरी थ्रिलर है। फिल्म निर्देशक विकास रंजन मिश्रा ने कहा, यह एक परिवर्तनशील समाज का साक्षी बनने का मेरा प्रयास है - और उन लोगों के शांत साहस का भी जो अपनी बात कहने का विकल्प चुनते हैं। टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के डिस्कवरी सेक्शन में मेरी दूसरी फीचर फिल्म, बयान दिखाई जाएगी। ये मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक ऐसा मंच है जहां से कई फिल्ममेकर्स ने अपना सफर शुरू किया।

आबकारी आरक्षक परीक्षा : फुल अस्तिन नो इंट्री, परीक्षार्थी को अस्तिन कटाने के बाद मिला प्रवेश

बनियान पहनकर दिए आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा, नियम का कड़ाई से पालन   रायपुर। व्यापमं की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में रविवार को मनाही के बाद भी कई परीक्षार्थी प्रतिबंधित पोशाक पहनकर पहुंच गए। राजधानी के एक परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी फुल स्लाइस कुर्ती पहन कर पहुंच गई उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश लेने के लिए कुर्ती की हाफ सलाइस करानी पड़ी तब प्रवेश मिला।

रायपुर के एक परीक्षा केन्द्र में परीक्षा से पहले महिला परीक्षार्थियों को प्रतिबंधित पोशाक की जगह ल` का कपड़ा उपलब्ध कराया गया था, जिसे कुर्ते का आकार देकर महिला परीक्षार्थियों ने पहनकर परीक्षा दी। यह परीक्षा सभी संभाग मुख्यालय में हुई। नकल को रोकने के लिए कड़ी प्रक्रिया अपनाई गई थी। परीक्षार्थियों के लिए पोशाक निर्धारित किए गए थे। हल्के रंग के आधा बांह के शर्ट पहनने के निर्देश थे। हिदायत के बाद भी कई जगहों पर महिला परीक्षार्थी काली टी-शर्ट पहनकर परीक्षा देने आई थी। छत्तीसगढ़ कॉलेज में तो महिला परीक्षार्थियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया गया था। महिला परीक्षियों को टी-शर्ट की जगह कॉलेज में बंडल बांधने के लिए प्रयोग में आने वाला ल` का कपड़ा काटकर कुर्ते की शक्ल दिया गया जिसे पहनकर महिला परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुछ पुरूष परीक्षार्थियों को सफेद टी-शर्ट दिया गया। एकाद ने तो बनियान पहनकर परीक्षा दी। इस दौरान पयर्वेक्षकों के साथ महिला, और पुरूष परीक्षार्थियों की बहस भी हुई। छत्तीसगढ़ी व्यंजन हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। परीक्षा में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित था जिसे निकलवाया गया। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित था। पयर्वेक्षकों ने सख्ती बरतते हुए ये सब बाहर रखवाए।

बारिश से पूरा छत्तीसगढ़ तर-बतर, कई गांव डूबे

रायपुर-बिलासपुर की कॉलोनियों में भरा पानी, 14 जिलों में बारिश का अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालय मूसलाधार बारिश से तर-बदर हो गया है। रायपर में निचली बस्तियों में पानी घरों में घुस कर रोजमर्रा की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया है। छत्तीसगढ़ में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। खैरागढ़ में 3 नदियों का पानी शहर में घुस गया, जिससे कलेक्ट्रेट के सामने इतवारी बाजार डूब गया। इससे 3 दिन तक 5000 से ज्यादा की आबादी परेशान रही। वहीं बाढ़ में एक युवक भी बह गया, जो अब भी लापता है।

बताया जा रहा है कि प्रधानपाठ बैराज डैम का का पानी, मुसका, पिपरिया और आमनेर नदी में बाढ़ की वजह से खैरागढ़ शहर का एक हिस्सा डूब गया। नदियों का पानी घरों में घुस गया। पानी 5-10 फीट ऊपर था, जिससे शहरवासी परेशान रहे। डूबे शहर का ड्रोन वीडियो भी सामने आया है, जिसमें चारों ओर पानी ही पानी दिख रहा है।

वहीं आज मौसम विभाग ने 14 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, जशपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, महासमुंद, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर, इन जिलों में बारिश होने की संभावना है।

प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बादल छाए हुए हैं। उत्तरी छत्तीसगढ़ और लगे हुए झारखंड के ऊपर बना अवदाब अगले 24 घंटे के दौरान आगे बढ़ते हुए पश्चिम को चला जाएगा। इसकी वजह से प्रदेश में 26 जुलाई के मुकाबले आज बारिश की गतिविधियां कम रहेगी।

खैरागढ़ में लापता हो गया युवक

खैरागढ़ जिले में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात हैं। शनिवार को इतवारी बाजार क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक अमित यादव तेज बहाव में बह गया। वह दोस्तों के साथ बाढ़ के पानी में नहा रहा था। युवक मंदिर की छत से कूदकर खेलते समय पानी की तेज धार में फंस गया।

इस दौरान उसके साथ दो अन्य युवक भी बहे थे, जो किसी तरह बाहर निकल आए, लेकिन अमित लापता हो गया। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। रातभर पुलिस ने खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्ष्ठक्रस्न की टीम रविवार सुबह से सर्च ऑपरेशन चला रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। शनिवार को ही दुर्ग जिले में नाले में बहे युवक राकेश बंजारे का भी अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। स्ष्ठक्रस्न के कमान्डेंड नागेंद्र सिंह ने बताया कि नाले में तेज बहाव की वजह से सर्च अभियान में दिक्कत हो रही है। फिलहाल स्ष्ठक्रस्न ने सर्चिंग अभियान रोक दिया है।

वाटरफॉल से नीचे गिरा युवक

वहीं बलौदाबाजार जिले के धसगुड़ जलप्रपात पर एक युवक 40 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गया। हादसे में उसके शरीर की चार हड्डियां टूट गईं। 26 जुलाई को निखिल साहू (18 साल) अपने दोस्तों के साथ घूमने पहुंचा था, तभी नहाने के दौरान घटना हुई।

इसका लाइव वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है सभी दोस्त मस्ती कर रहे थे। तभी निखिल रील बनाने के लिए टॉप में चढ़कर छलांग लगाने वाला था। इस दौरान बैलेंस बिगडऩे से वह सीधे नीचे गिर गया। उसके पसली में सबसे ज्यादा चोट आई है।

जानिए इसलिए गिरती है बिजली

दरअसल, आसमान में विपरीत एनर्जी के बादल हवा से उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। ये विपरीत दिशा में जाते हुए आपस में टकराते हैं। इससे होने वाले घर्षण से बिजली पैदा होती है और वह धरती पर गिरती है। आकाशीय बिजली पृथ्वी पर पहुंचने के बाद ऐसे माध्यम को तलाशती है जहां से वह गुजर सके।

अगर यह आकाशीय बिजली, बिजली के खंभों के संपर्क में आती है तो वह उसके लिए कंडक्टर (संचालक) का काम करता है, लेकिन उस समय कोई व्यक्ति इसकी परिधि में आ जाता है तो वह उस चार्ज के लिए सबसे बढ़िया कंडक्टर का काम करता है। जयपुर में आमेर महल के वॉच टावर पर हुए हादसे में भी कुछ ऐसा ही हुआ।

आकाशीय बिजली से जुड़े कुछ तथ्य जो आपके लिए जानना जरूरी

आकाशीय बिजली का तापमान सूर्य के ऊपरी सतह से भी ज्यादा होता है। इसकी क्षमता तीन सौ किलोवॉट मतलब 12.5 करोड़ वॉट से ज्यादा चार्ज की होती है।

यह बिजली मिली सेकेंड से भी कम समय के लिए ठहरती है।

यह मनुष्य के सिर, गले और कंधों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। दोपहर के वक्त इसके गिरने की आशंका ज्यादा होती है।

दुर्ग जिले में 3 लोगों को बचाने के चक्कर में बहा युवक

दुर्ग जिले में लगातार बारिश हो रही है। नदी-नाले उफान पर हैं। कुम्हारी थाना क्षेत्र के रामपुर चोरहा नाला में 35 वर्षीय राकेश बंजारे बह गया। बताया जा रहा है कि बाढ़ में फंसे 3 लोगों को बचाने के लिए नाले में कूदा था, लेकिन वह बह गया। पेंटिंग का काम करता था।

पेंड्रा के धनौली गांव में नदी के बाढ़ का पानी घरों-दुकानों में घुस गया है। सड़क पर घुटने तक पानी बह रहा है। वहीं कोरबा के सोन नदी में बहे युवक का शव 48 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। दोस्तों संग घूमने गया राजेश एनीकट में बह गया था।

हजारों राशनकार्ड हो सकते हैं निरस्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हजारों राशनकार्ड धारकों को बड़ा झटका लग सकता है। राज्य की सरकार इनके राशनकार्ड निरस्त कर सकती है। इसकी वजह है इन कार्ड का ई-केवाईसी नहीं होना। सत्यापन नहीं होने की वजह से ही राशनकार्ड कैंसिल किये जाने की आशंका जाहिर की जा रही है।

दरअसल राज्य सरकार के खाद्य विभाग की तरफ से राशनकार्डों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके लिए ई-केवाईसी की जरूरत है। सरकारी निर्देश मुताबिक़ कार्डधारकों को नजदीकी राशन की दुकानों में जाकर अपने राशनकार्ड का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया था। हालांकि अब इसकी मियाद ख़त्म हो चुकी है जबकि 38 लाख लोगों ने यह नहीं कराई है, ऐसे में अब उनके राशन कार्ड निरस्त किये जाने की आशंका जाहिर की जा रही है। फिलहाल खाद्य विभाग ई-केवाईसी नहीं कराये गए राशनकार्ड के भौतिक सत्यापन में जुटा हुआ है। बता दें कि, छत्तीसगढ़ में फिलहाल 81 लाख राशन कार्ड धारक है। जबकि इन राशनकार्ड के हितग्राहियों की संख्या करीब 2 करोड़ 73 लाख है। **कितनों का हो सकता है** :भारत सरकार के एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आधार प्रमाणीकरण आधारित खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी राशनकार्डधारकों के परिवार के सदस्यों का ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ई-केवायसी से छूट प्रदान की गई है।

मोबाइल से भी हो सकता है केवायसी : खाद्य सचिव रीना कंगाले ने जानकारी दी कि राज्य की सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा विकसित मेरा ई-केवायसी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी हितग्राही अपने स्मार्टफ ोन से घर बैठे स्वयं ई-केवायसी कर सकते हैं। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है।

पति ही निकला सुषमा खुसरो का हत्यारा

कोरबा/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 22 जुलाई को सामने आए महिला हत्या मामले का पुलिस ने चार दिन में खुलासा कर दिया है। मृतका सुषमा खुसरो की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके ही पति अभिनेक कुमार लदेर ने की थी। हत्या के बाद आरोपी ने लाश को जलाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और वैज्ञानिक जांच से सच्चाई सामने आ गई। सुषमा और अभिनेक की शादी आर्य समाज, बिलासपुर में हुई थी। दोनों गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोरबा में किराये से रहते थे। 22 जुलाई की सुबह दोनों में पिक्चर देखने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद पति बाहर चला गया। दोपहर में लौटने पर घर के भीतर से धुंआ निकलता देख आरोपी ने दरवाजा तोड़कर देखा तो सुषमा की जली हुई लाश मिली। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 55ध्25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की। वैज्ञानिक जांच से खुली हत्या की साजिश-शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत पहले हत्या फिर जलाने से होना पाया गया। इसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 446ध्25 पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण, साक्ष्य संग्रह और फॉरेंसिक जांच के साथ 65 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

पति ने कुबूला गुनाह-पूछताछ में पति अभिनेक कुमार (25 वर्ष, निवासी छुईयापारा) ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि विवाद के बाद उसने पत्नी का मुंह चुनरी से बांधा और तकिए से गला दबाकर हत्या कर दी।

गलत जगह गाड़ी खड़ी करने पर जानलेवा हमला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में गाड़ी हटाने की बात पर विवाद हो गया। जिसके बाद एक आरोपी ने चाकू से युवक के पेट में हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला तिल्दा नेवरा थाना इलाके का हैं। सतीश यादव ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह पुरानी बस्ती रामायण चौक नेवरा में रहता है। हमाली का काम करता है। 24 जुलाई को रात करीब 8.30 बजे मुकेश यादव और दिनेश साहू रोड में बैठे थे। तभी मोहल्ले के रहने वाले आरोपियों ने कहा कि, अपनी दोपहिया वाहन को हटा नहीं रहे हो और रोड जाम कर दिए हो कहा। फिर पोई साहू, धनुष निषाद और उसके अन्य साथी जबरदस्ती गाली गलौज करने लगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com